दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 02 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 312 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

महासंग्राम: खामेनेई के बेटी-दामाद और पोती-बहू मारे गए, ईरानी रक्षा मंत्री की भी मौत, डोनाल्ड ट्रंप बोले- रहम की भीख मांगेगा ईरान

अमेरिका-इसराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम खामेनेई की मौत

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका और इसराइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की मौत हो गई है। इसके साथ ही ईरानी सेना के चीफ़ ऑफ स्टाफ़ अब्दुल रहीम मौसवी और रक्षा मंत्री मेजर जनरल अज़ीज नासिरज़ादेह भी मारे गए हैं। ईरान की इलिट सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख जनरल मोहम्मद पाकपो और कुछ सीनियर कमांडरों के मारे जाने की भी पुष्टि हुई है। शनिवार को अमेरिका और इसराइल ने ईरान के कई शहरों पर हमले किए थे और रविवार तड़के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर ख़ामेनेई की मौत को लेकर दावा किया था। इसके बाद ईरान के सरकारी मीडिया ने ख़ामेनेई की मौत की पुष्टि की थी।

इजराइल-ईरान महायुद्ध

- ईरान के रक्षा मंत्री और रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल पाकपो मारे गए
- ईरानी लीडर अली खामेनेई की मौत पर ईरान- इराक में कोहराम
- कर्बला में मची चीख-पुकार, सड़कों-मस्जिदों में उमड़ा लोगों का हुजूम
- ईरान के सरकारी टीवी के प्रेज़ेंटर ने ख़ामेनेई के मौत की घोषणा की
- ईरान में 40 दिनों का शोक रहेगा, ईरान ने कहा- बड़ा बदला लेंगे

इरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए गए

अमेरिका और इजराइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। 1989 से ईरान की सत्ता पर काबिज 86 साल के खामेनेई को इजराइली एयरस्ट्राइक में तेहरान स्थित उनके दफ्तर में ही मार गिराया गया। घर में 30 से ज्यादा मिसाल गिराए गए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि पिछले 24 घंटों में तीन हमले हुए, जिनमें ईरानी नेतृत्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

आज करूंगा अब तक का सबसे बड़ा हमला: डोनाल्ड ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर लिखा, 'ख़ामेनेई, जो इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक थे, अब मर चुके हैं। यह सिर्फ़ ईरान के लोगों के लिए ही न्याय नहीं है, बल्कि उन महान अमेरिकियों और दुनिया के कई देशों के उन लोगों के लिए भी न्याय है, जिन्हें ख़ामेनेई और उनके खूनी गिरोह ने मार डाला या घायल कर दिया।' हमारी खुफ़िया और अत्याधुनिक ट्रैकिंग प्रणालियों से वो बच नहीं सके। इसराइल के साथ मिलकर किए गए अभियान में, न तो वे और न ही उनके साथ मारे गए दूसरे नेता कुछ कर सके।'

श्रीनगर और उत्तर प्रदेश में खामेनेई की मौत का विरोध

अयातुल्ला खामेनेई की मौत की खबर फैलते ही भारत के कई हिस्सों में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में लोगों ने सड़कों पर उतरकर इजराइली हमलों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें एक ऐसी महान हस्ती बताया जिसने कभी बड़ी ताकतों के सामने सिर नहीं झुकाया।

इजराइली पीएम नेतन्याहू ने ईरानियों से की अपील, कहा- शासन को उखाड़ फेंके

इजराइल और ईरान के बीच टकराव चरम पर पहुंच गया है। दोनों ही तरफ से सैन्य हमले तेज हो गए हैं। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपना अब तक का सबसे सशक्त सार्वजनिक संदेश दिया, जो न केवल तेहरान के नेतृत्व को बल्कि सीधे ईरानी जनता को संबोधित था। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरानी नागरिकों से देश के नेतृत्व के खिलाफ उठने की सीधी अपील की है। साथ ही ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान पर इजराइली सैन्य हमलों के बाद 'शासन को उखाड़ फेंकने' के लिए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया है।

पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर लोगों का हमला, 12 की मौत

अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। ईरान भी इजराइल पर और मिडिल ईस्ट के 9 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर रहा है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई है। पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने खामेनेई की मौत के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। आज सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइ-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं। इधर, मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालात के चलते सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) ने मिडिल ईस्ट के देशों में 2 मार्च से होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

पुणे के 84 छात्र दुबई में फंसे, ईरान के हवाई हमलों से दहशत

इजराइल और ईरान जंग के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। महाराष्ट्र के पुणे में स्थित एक इंस्टीट्यूट के एमबीए के 84 छात्र दुबई में फंस गए हैं. बताया जा रहा है कि दुबई एयरस्पेस बंद होने की वजह से उन्हें इस संकट का सामना करना पड़ा है। फिलहाल छात्रों को सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है। कॉलेज प्रबंधन छात्रों को वापस लाने के लिए विदेश मंत्रालय से बात कर रहा है। पुणे स्थित इंदिरा स्तूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के अधिकारियों ने बताया कि संस्थान के छात्र वार्षिक पांच दिवसीय अध्ययन यात्रा के तहत दुबई गए थे। 40 को शनिवार को पुणे लौटना था, वहीं शेष 44 छात्र-छात्राओं को रविवार को उड़ान भरनी थी हालांकि, पश्चिम एशिया में संघर्ष व उसके परिणामस्वरूप हवाई क्षेत्र को बंद किये जाने के कारण वे लौट नहीं सके।

दुबई एयरपोर्ट से टकराया ईरानी ड्रोन

दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला, बुर्ज खलीफा खाली

रविवार सुबह दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ईरानी ड्रोन के टकराने से भीषण धमाका हुआ, जिसमें 4 लोग घायल हो गए हैं। सुरक्षा कारणों से दुबई एयरपोर्ट और अल मकतूम एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अगले आदेश तक रोक दिया गया है। एहतियात के तौर पर दुनिया की सबसे ऊंची इमारत 'बुर्ज खलीफा' को भी खाली करा लिया गया और उसकी लाइटें बंद कर दी गई हैं। यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत जैसे देशों ने भी अस्थाई रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है।

भारत की 450 उड़ानें रद्द, 11 देशों सेवा बंद

भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने युद्ध के चलते एयरस्पेस बंद होने के कारण आज भारत की लगभग 450 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री पिछले 20 घंटों से फंसे हुए हैं, जबकि मुंबई और अमृतसर एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने पूरी रात स्टेशन पर ही गुजारी है। डीजीसीए ने भारतीय एयरलाइंस को 11 देशों के एयरस्पेस से बचने की सख्त सलाह दी है, जिससे लंदन, टोरंटो और शिकागो की उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।

आज बेबाक

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा और वहां उन्हें मिले सम्मान से पाकिस्तान को तो मिरची लगी ही है हमारे देश में भी कई जलकुकड़े जल भूनकर खाक हो गए हैं। इनमें से एक पाकिस्तान परस्त जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने फरमाया है कि पीएम मोदी ने इजराइली प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू को गले लगाकर अच्छा नहीं किया। महबूबा के अनुसार नेतन्याहू एक अपराधी हैं, उनसे यारी गांधी के देश के लिए अच्छी निशानी नहीं है। मोहतरमा को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए कि वे कैसे आतंकवादियों और पत्थरबाजों को गले लगाती थीं?

बोत्सवाना से भारत की धरती पर पहुंचे 9 नए मेहमान, देश में 48 हुई अब चीतों की संख्या

श्योपुर (नवप्रदेश)। एक बार फिर चीता प्रोजेक्ट का ऐतिहासिक दिन है। दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना से 9 चीते कूनो नेशनल पार्क में लैंड कर चुके हैं। लगभग 12 घंटे की हवाई यात्रा कर ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचे। इसके बाद ग्वालियर से एयरफोर्स के तीन हेलीकॉप्टर उड़ान भरकर कूनो की धरती पर पहुंचे। इस नई खेप के आने के बाद अब भारत में चीतों की कुल संख्या 39 से बढ़कर 48 हो गई है।

चीतों के आगमन पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव कूनो में मौजूद रहे। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से क्रेट का हैंडल घुमाकर एक एक करके चीतों को

क्वारंटीन बाड़े में छोड़ा। नई खेप में 6 मादा और 3 नर चीते शामिल हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि इससे कूनो में लिंगानुपात बेहतर होगा और भविष्य में प्रजनन की संभावनाएं बढ़ेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सुबह 7.30 बजे नई दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर प्रातः 8.30 बजे ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से 8.50 बजे ग्वालियर से हेलिकॉप्टर की मदद से कूनो नेशनल पार्क के लिए प्रस्थान किया। प्रातः 9:30 बजे कूनो स्थित हेलिपेड पहुंचे। यहां बोत्सवाना से लाए जा रहे चीतों को कूनो पार्क में रिलीज किया।

नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के बाद अब बोत्सवाना के चीतों के आने से कूनो में जेनेटिक विविधता और मजबूत होगी। कूनो में अब 18 मादा और 16 नर (वयस्क) चीते हो गए हैं। सभी 8 चीतों को अभी एक महीने तक विशेष ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायगढ़ में 40 नाबालिग वाहन चलाते पकड़ाए

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पुलिस नाबालिग वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रही है। शहर के चौक-चौराहों पर जांच के दौरान 40 ऐसे वाहन चालकों को पकड़ा गया, जो नाबालिग थे। पुलिस ने उनके परिजनों को थाने बुलाकर वाहनों का चालान काटा। साथ ही उन्हें समझाइश भी दी गई। होली त्योहार को लेकर पुलिस अपराधों पर लगाम लगाने के लिए संदिग्ध लोगों पर निगरानी कर रही है। नाबालिग चालक और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में पुलिस की ओर से नाबालिग चालकों की जांच शुरू की गई। कोतवाली, चक्रधरनगर और जूटमिल थाना क्षेत्रों के चौक-चौराहों पर जांच की गई।

महासमुंद में 15 नक्सलियों का सरेंडर

9 महिला और 6 पुरुष शामिल, लंबे समय से बीबीएम कमेटी से जुड़े रहे

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में नक्सल मोर्चे पर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। प्रतिबंधित संगठन की बीबीएम कमेटी से जुड़े 15 नक्सलियों ने बलोदा थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें 9 महिला और 6 पुरुष नक्सली शामिल हैं। आत्मसमर्पण के बाद सभी को सुरक्षा कारणों से महासमुंद के रक्षित केंद्र लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात बलोदा थाना में 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। बताया जा रहा है कि, ये सभी लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और संगठन की बीबीएम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महासमुंद-ओडिशा पुलिस ने की थी सरेंडर की अपील

कुछ दिनों पहले बलांगीर, बरगढ़, महासमुंद के नक्सलियों ने सरेंडर करने की बात कही थी। ऐसे में वे महासमुंद जिले के बलौदा थाने में 15 नक्सली सरेंडर कर सकते हैं। पतेरापाली, कापू कुंडा और जामपाली के जंगल में इनके होने की संभावना जताई जा रही थी।

सरेंडर के लिए जिला पुलिस का नंबर जारी

महासमुंद पुलिस और ओडिशा पुलिस ने अपील के पोस्टर जारी कर नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील की है, जिसमें मुख्य धारा में लौट चुके नक्सलियों की तस्वीर है। पोस्टर में उनके संपर्क में रहे माओवादियों के साथ पुलिस का भी नम्बर जारी किया गया है।

गरमा-गरम

लापरवाही: कई जगहों पर भवन जर्जर तो कुछ दुकानों में अवैध कब्जा, करीब सौ दुकानों का हुआ है निर्माण

अटल बाजार बसाने लाखों खर्च, अब तक आबंटन ही नहीं

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जिले में करीब सौ अटल बाजार का निर्माण लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन अभी तक आबंटन नहीं हुआ। भवन जर्जर होने लगे है तो कहीं अवैध कब्जा कर लिया गया है।

गांवों के छोटे कारोबारियों को दुकान दिलाने की योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है। जिले के कई पंचायतों में अटल बाजार कर निर्माण लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया। इसके बाद से ये दुकानें किसी को अलॉट नहीं हुई है। यही वजह है कि कोई जर्जर स्थिति में खड़ा है तो कहीं अवैध कब्जे हो गए। अटल व्यावसायिक परिसर और बीआरजीएफ के मद से जिले के गांवों में सैकड़ों बिल्डिंग बनाकर छोड़ दी गई है। इन भवनों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। किसी गांव में सूने भवन का उपयोग गौशाला तो कहीं शराबखोरी के तौर पर इस्तेमाल चल रहा है। चोरियां और दूसरी वारदात आम हो चुकी है।

इन भवनों से संबंधित शिकायत जिला और जनपद पंचायत के अफसरों से की है, लेकिन कोई इनकी सुनवाई करने वाला नहीं है। जिला पंचायत ने वर्ष 2006, से 2009 और इसके बाद भी साल 2015 तक करीब सौ गांवों में व्यावसायिक दृष्टिकोण से भवन बनवाए गए। ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाकर काम का जिम्मा सौंपा गया। इनमें नाई, धोबी और मोची ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नियमानुसार कर रहे आबंटन

अटल बाजार का निर्माण गांवों में रोजगार उपलब्ध कराने किया गया है। कुछ पंचायतों में दुकान आबंटित भी किया गया है और लोग रोजगार-धंधे कर रहें हैं। इस मामले में जनपद सीईओ से जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

- आकांक्षा द्विवेदी,
अनुविभागीय अधिकारी, बिल्हा

2 ट्रकों की टक्कर, जिंदा जलकर ड्राइवर की मौत, तेज रफ्तार में थी दोनों गाड़ियां

- रायगढ़ के घरघोड़ा में हादसा, पहले गाड़ी निकालने के चक्कर में संकरे पुल पर भिड़े

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 2 ट्रकों की टक्कर के बाद जिंदा जलकर एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुडुमकेला मार्ग पर दोपहर 1 बजे हुई। जहां हादसा हुआ कुरकुट नाला का पुल संकरा है। दोनों गाड़ी के ड्राइवर ने अनुमान लगाया कि वे पहले गाड़ी निकाल लेंगे। लेकिन स्पीड कंट्रोल नहीं होने के कारण दोनों की भिंड़त हुई, और ट्रकों में आग लग गई। टक्कर के बाद एक ड्राइवर केबिन में फंस गया, बाहर नहीं

निकल पाया और जिंदा जल गया। मृतक सूरजपुर का रहने वाला था। वहीं दूसरे गाड़ी के ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। केबिन में फंसे ड्राइवर के जले शव को बाहर निकाला गया। डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मुताबिक, एक ट्रक जामपाली माइंस से बालोद रेल्वे साइडिंग तक कोयला लेकर जा रही थी। दूसरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शांति से मनाए होली: हुड़दंग व हुटिंग करने व बाइक पर ट्रिपल सवारी चलने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी समुदायों से अपील की गई कि वे होली, ईद और गुड फ्राइडे जैसे अपने पर्व-त्यौहारों को आपसी मेल-मिलाप, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं।

जिला प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि त्यौहारों के दौरान आवश्यक सहयोग लगातार प्रदान किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, समिति के सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में त्योहारों को सुरक्षित तरीके से मनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए। होली के दौरान रासायनिक रंगों एवं मुखोटों के विक्रय तथा उपयोग पर रोक लगाने और लोगों को हर्बल रंगों के प्रयोग हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। यह भी अनुरोध किया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य पर अनावश्यक रूप से रंग न लगाए ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। शांति समिति के सदस्यों ने होली त्योहार को मिल-जुलकर, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। अपर कलेक्टर श्री पटेल ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है।

होलिका दहन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए

अधिकारियों ने बताया कि होलिका दहन केवल सुरक्षित और खुले स्थानों पर ही किया जाए। इलेक्ट्रिक तारों के नीचे, ट्रांसफार्मर के पास तथा तंग गलियों जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर होलिका दहन न करने की हिदायत दी गई ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड वाहन की पहुँच सुनिश्चित हो सके। होली के दिन शहर के मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे दुकानें न लगाने का अनुरोध किया गया ताकि अनावश्यक जाम की स्थितियाँ उत्पन्न न हों। पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग करने, दमकल एवं एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रखने तथा भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए गए। होली के अवसर पर तालाबों और नदियों में नशे की हालत में गहराई वाले स्थानों में नहीं उतरने तथा स्नान स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले ने बैठक में जानकारी दी कि होली के दौरान शराब पीकर उपद्रव करने, हुल्लड़बाजी करने, जबरदस्ती रंग लगाने, मुखौटा पहनकर हुटिंग करने, ओवरस्पीडिंग और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गुंडे-बदमाशों पर निगरानी एवं कार्रवाई लगातार जारी है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने ट्रक मालिकों से अपने ट्रकों को सुरक्षित पार्किंग के निर्देश दिये ताकि अनावश्यक दुर्घटना न हो।

न्यूज गैलरी

आदेश्वर एकेडमी नारायणपुर में स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

नारायणपुर /नवप्रदेश। नारायणपुर जिले में आदेश्वर अकादमी जैसा निजी स्कूल खुलने के बाद से हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर निश्चिंत है एवं बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्य एवं अन्य जिले में न भेजकर हायर सेकेंडरी शिक्षा तक बेफिक्र होकर अपने बच्चों को अध्ययन कराने का फैसला सभी अभिभावक ले सकते है - सूरज सरकार (अभिभावक - ट्विंकल सरकार एवं मायरा विश्वास)नारायणपुर जैसे अति संवेदनशील एवं शैक्षणिक रूप से कम विकसित जिले में आदेश्वर अकैडमी नारायणपुर की स्थापना 2016 में की गई थी। आदेश्वर अकैडमी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य यह था कि इस जिले में एक ऐसी शैक्षणिक संस्था स्थापित की जाए जिसमें नई टेक्नोलॉजी, नई शैक्षणिक गतिविधियां एवं नई पद्धतियों को आत्मसात करके यहां के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सके।

कानून व्यवस्था एवं आपात स्थिति निपटने पुलिस का मॉकड्रिल प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का दूसरा सेशन में आगामी दो माह में पूरे कांकेर जिले में इस प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया जाएगा।जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति प्राकृतिक आपदा भीड़ प्रबंधन अथवा आकस्मिक घटनाओं से त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2026 को पुलिस लाइन कांकेर में जिला पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक तथा जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिती में करवाया गया।

दो महीने पहले स्कूल से सामान चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सारवंडी के हायर सेकेण्डरी स्कूल से साउंड सिस्टम चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे चोरी किये गये साउंड सिस्टम एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया। चौकी दुधावा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी चंद्रषेखर साहू ने अपराध दर्ज कराया कि ग्राम सारवंडी हाई स्कूल में 10 नवंबर 2025 एवं 11.11.2025 के मध्य रात्रि में अज्ञात चोर ने बंद स्कूल में घुस स्कूल में रखे हुए एम्पली फायर 01 नग, युनिट 02 नग, हैण्ड माइक 02 नग, इको सिस्टम 01 नग, पेचिंस 01 नग, टेस्टर 01 नग, वायर बंडल 01 नग आदि लगभग 17000 कीमती सामान को चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अर्जुन मानिकपुरी एवं 05 विधि संघर्षरत् बालकों के द्वारा मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी के सामान को अर्जुन मानिकपुरी के पास हैं बताया गया। अर्जुन ने बताया कि पूर्व में अंगारमोती मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी में रखे पैसा को भी चोरी करके आपस बांट लिये और गांव में किसानों के कोठार में रखे धान को रोज रात में एक बोरी चोरी करते है और धान को बेचकर पैसा बांट लेते है। चोरी किये पैसा को अपने निजी खर्च हेतु खर्च कर देना बताया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था जिसका चौकी दुधावा पुलिस लगातार पता तलाष कर रहे थे।

केशकाल के ग्राम जामगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

शिविर में 175 आवेदन मिले, 17 हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शिविर में पहुंचकर विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कलेक्टर पन्ना ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत की गई है और शासन की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु जिले के अंदरूनी गांवों में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का सभी संबंधित विभाग को समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग श्रम विभाग सहित छात्रवृत्ति, बीमा योजना के अन्य विभागों के योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि केशकाल क्षेत्र के ग्रामीणों से कहा कि अपनी मांगो और समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में आने की जरूरत नहीं है बल्कि जनपद पंचायत केशकाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी समस्या साप्ताहिक जनदर्शन में बता सकते हैं। केशकाल डीएफओ श्रीमती दिव्या गौतम ने भी ग्रामवासियों से वनों को आग से बचाने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी ग्रामीण जंगल में आग न लगाएं और अगर कहीं आग लगती है तो वन विभाग को तुरंत सूचित करें।

ग्राम जामगांव में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही।

जनसमस्या निवारण शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 व्हीलचेयर, 01 ट्राइसिकल और 01 दिव्यांगजन को ब्लाइंड स्टिक प्रदाय किया गया। इसी प्रकार मछली पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को मछली पकड़ने हेतु जाल प्रदाय किया गया। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को राशन कार्ड बनाकर प्रदाय किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 05 बीजोत्पादक कृषकों को अनुदान राशि प्रदाय किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री मिलने पर खुशी जताई।

धनोरा पुलिस ने अंदरूनी क्षेत्र ग्राम फूंडेर में लगाया गया चलित थाना

कोण्डागांव/नवप्रदेश। दिनांक 27.02.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव श्री पंकज चंद्रा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव श्री कपिल चन्द्रा (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केशकाल श्री अरुण कुमार नेताम (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी धनोरा भुनेश्वर नाग के नेतृत्व में पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित रहे इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत फूंडेर के साप्ताहिक बाजार में चलीत थाना लगाया गया जहां पर जनता को साइबर अपराध से बचने के तरीके, किसी प्रकार का ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 पर डायल करने बताया गया, एवं नशा मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने हेतु नशा पान का त्याग करने, नशा से होने वाले अपराध एवं नुकसान के बारे में बताया गया।दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करने एवं हेलमेट नहीं पहनकर चलने से होने वाले एक्सीडेंट से नुकसान के बारे में बताया गया गांव के लोगों द्वारा पुलिस के चलित थाना को सराहनीय पहल माना है एवं किसी प्रकार का गांव में कोई घटना दुर्घटना होने पर थाना में सूचित करना बताया गया है ।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पीएमश्री विद्यालय धनोरा का किया निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को पीएमश्री विद्यालय धनोरा का निरीक्षण किया और शैक्षणिक गतिविधियों एवं सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने पीएमश्री योजना के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला सहित अन्य विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर और सभी कक्षों की साफ-सफाई, म्यूजिक टीचर की व्यवस्था, बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण और शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम इत्यादि के सम्बद्ध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएमश्री योजनाओं की सफल क्रियान्वयन एवं समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने हेतु कोर टीम का गठन किया गया। उन्होंने महाविद्यालय एवं विज्ञानप्रयोग शाला को व्यवस्थित करने तथा बाउंड्री निर्माण करने हेतु निर्देश दिया गया। मध्यान्ह रसोई कक्ष को सेड निर्माण एवं पूरी ब्यवस्था हेतु डीएमसी को लगातार पांच दिन तक बी ई ओ, बीआरसी और सीएसी की टीम के साथ पीएमश्री धनोरा के रंगाई पोताई अन्य कार्य को पूरा करने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया गया। इससे पहले उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र अरण्डी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। धनोरा महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए।

अवैध गांजा सप्लाई का आरोपी गिरफ्तार

एक लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर की पहल पर संपूर्ण जिले में नशे के खिलाफ विशेश अभियान ऑपरेशन उजियारा' प्रारंभ किया गया है। राकेश कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर के मार्गदर्शन में रवि कुजूर एसडीओपी पखांजूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में ऑपरेशन उजियारा' अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध पखांजूर क्षेत्र लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है।28 फरवरी 2026 को पखांजूर पुलिस को मुखबीर सूचना मिला कि एक व्यक्ति काले रंग के मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक ष्ट्त 19 क्क्र 2953 के डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते महाराष्ट्र से पखांजूर होते कापसी की ओर आने वाला है सटीक मुखबीर से मिली सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल एएसआई वेदन सलामे के हमराह पुलिस स्टाफ कार्यवाही हेतु ग्राम माटोली चौक मेनरोड पखांजूर की घेराबंदी कर 01 व्यक्ति अभय दास पिता जदु दास उम्र 33 वर्ष ग्राम छोटेकापसी छोटेपारा थाना पखांजूर को पकड़कर बजाज पल्सर मोटर सायकल नम्बर ष्ट्त 19 क्क्र 2953 की डिक्की को चेक करने पर एक प्लास्टिक के पारदर्शी झिल्ली के अंदर भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 2.368 किलोग्राम कीमति 1,15,900 रूपये व गांजा बिक्री रकम 1800/-रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध हृष्ठक्क,ष्ह्ल की धारा- 20 (क्च) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन का हुआ समापन

अन्तागढ़/नवप्रदेश। जिला कांकेर जिला में 24, 25 एवं 26 फरवरी 2026 को आयोजित तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन (ब्रह्मसत्र सम्मेलन) अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस विराट आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से संत-महात्माओं, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे सम्पूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं प्रेरणास्त्रोत जगतगुरु स्वामी श्री उमाशंकर जी चैतन्य ने अपने ओजस्वी एवं दिव्य प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान का अमृत पान कराया।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पहियों की हवा निकालने वाला बजट: शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बजट को लेकर कांकेर जिले के वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस नेता सरजू शोरी ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा गांवों खेतों और यहां के सघन वनों में बसती है। जब भी राज्य की विधानसभा में बजट पेश होता है तो सुदूर अंचलों में बैठा किसान और वनोपज से अपनी जीविका चलाने वाला आदिवासी समाज इस उम्मीद से सरकार की ओर देखता है कि शायद इस बार उसके पसीने का सही मोल तय होगा। लेकिन इस बार भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के पिछले दो बजट की तरह ही तीसरे बजट से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। कागज़ों में इसे विकास के दस्तावेज़ के रूप में दिखने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जब इसे गाँव और वनांचल के क्षेत्र से जोड़कर देखा जाता है तो तस्वीर अलग नजर आती है। छोटे किसान और वनोपज से अपनी जीविका चलाने आदिवासी परिवारों को इसमें अपने लिए कोई स्पष्ट उम्मीद दिखाई नहीं देती। छत्तीसगढ़ की असली पहचान उसके गांवों से है। राज्य की लगभग 70त से अधिक आबादी ग्रामीण है, जहाँ आज भी खेती और वनोपज ही मुख्य आय का साधन हैं। लेकिन इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती। सामान्य घोषणाएँ हैं, पर ज़मीनी समस्याओं के समाधान का स्पष्ट रास्ता नहीं है। छोटे किसान आज सबसे ज्यादा परेशान हैं। फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा, सिंचाई की व्यवस्था कमजोर है, खाद-बीज महँगे हो गए हैं और फसल बीमा का पैसा तक समय पर नहीं मिलता। ऐसे में उम्मीद थी कि बजट में छोटे किसानों के लिए विशेष पैकेज या नई योजनाएँ आएँगी। लेकिन ऐसा कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं दिखा। इससे यह स्पष्ट है कि किसान की चिंता सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा वन उपज संग्राहक राज्य है, बस्तर, सरगुजा जैसे प्रदेश के वनांचलों में रहने वाले मेरे आदिवासी भाई-बहनों के लिए महुआ, इमली, सालबीज, चिरौंजी, कोदो, कुटकी, रागी और तेंदूपत्ता जैसे वनोपज सिर्फ 'उत्पाद' नहीं हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने किया वार्डवासियों संग बैठक, भाजपा सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

भाजपा की विनाशकारी नीति से आम जनता परेशान : कराणी

कांकेर/नवप्रदेश। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की विनाशकारी नीतियों से आम जनता परेशान है।उक्त बातें कांग्रेस शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने कल शांतिनगर वार्ड में नागरिकों को संबोधित करते हुए कही।शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए शांति नगर वार्ड के पार्षद ओम प्रकाश देवांगन ने प्रदेश एवं देश की सरकार को मजदूर विरोधी करार देते हुए कहा कि यह दोनों ही सरकार की नीतियां पूरी तरह मजदूर विरोधी है। भाजपा की सरकारें मजदूरों के सभी अधिकारों को यह सरकार छिनने का कानून बना रही है।

सभा को कांग्रेस जिला कमेटी के नितिन पोटाई ने भाजपा की आदिवासी विरोधी चेहरा का पर्दाफाश करते हुए विस्तार से आदिवासी विरोधी नीतियों का खुलासा किया।बैठक को मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष यासीन कराणी ने संबोधित करते भाजपा सरकार की विनाशकारी नीतियों का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि देश में गरीब जनता त्राहि त्राहि कर रहा है और दूसरी तरफ देश के अम्बानी अदानी का संपत्ति का बेशुमार वृद्धि हो रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों से भी आम जनता परेशान है।उन्होंने कहा कि शहर में भी भाजपा की सरकार है लेकिन शहर का विकास कार्य पूरी तरह अवरुद्ध है।नगर पालिका के अध्यक्ष शहर के विकास करने में पूरी तरह असफल है।नगर पालिका के अध्यक्ष के पास शहर के विकास के लिए कोई विजन नहीं है। पालिका अध्यक्ष पूरी तरह अकर्मण्य और असफल साबित हुआ है। बैठक में गीता ध्रुव त्रिवेणी साहू,भुवन बाई सातों मरकाम केशरी, केशर,लक्ष्मी,माहेश्वरी बनीता, सरोज, कमितला, मथुरासरिता रुपाबाई, संतोष, लक्ष्मीकांत, जागेश्वर जोगेश चंद्रशेखर, तरुण,शंभू सहित अनेकों वार्डवासी शामिल थे।

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कांकेर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की जिला इकाई कांकेर द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों (कार्यकाल 2025-2028) का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 28 फरवरी 2026, शनिवार को सायं 9 बजे 03rd फ्लोर सिटी सेंटर, कांकेर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थोरानी रहे।जिन्होंने व्यापारियों के लिए हॉस्पिटलो की स्वास्थ्य सेवाओं में डिस्काउंट की पहल चैम्बर के द्वारा की गयी है साथ ही बस्तर में आपार व्यापार सम्भावनाओं पर भी जोर दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषा.निकेश बरड़िया, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने की इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधाकृष्ण सुंदरानी एवं जसप्रीत सिंह सलूजा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, अशोक राठी, प्रदेश मंत्री महेश भोजवानी, राजेश शर्मा संरक्षक राजा देवनानी, ईश्वर लालवानी अनूप शर्मा कांकेर चैम्बर अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहे।विशेष अतिथियों के रूप विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम ने बताया की व्यापारियों को व्यापार सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ साथ करना चाहिए जिससे ट्रैफिक इत्यादि की समस्या शहर में नहीं होवें ।तथा जिला अध्यक्ष भा.ज. पा श्री महेश जैन इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन एवं व्यापारी हितों की रक्षा तथा सेवा का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है।

बिल्हा के गुमा उपार्जन केंद्र से सात सौ क्विंटल धान गायब, शासन को लाखों का नुकसान

बिलासपुर/बिल्हा/नवप्रदेश। जीरो शार्टेज में धान की खरीदी करना शासन का प्रमुख उद्देश्य है, लेकिन उपार्जन केंद्रों में लापरवाही के कारण शार्टेज का एक मामला सामने आया है और बिल्हा के उपार्जन केंद्र गुमा से करीब सात सौ क्विंटल धान गायब है। फड़ बिल्कुल खाली है। मिलर्स शार्टेज की भरपाई करने के लिए उपार्जन केंद्र प्रभारी का चक्कर काट रहा है। इस तरह उपार्जन केंद्र गुमा में शार्टेज कर शासन को लाखों रुपए का चुना लगाने की तैयारी की जा रही है।

बिल्हा विकासखंड के सेवा सहकारी समिति गुमा में आसपास के सैकड़ों किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य में धान बेची जाती है। इस साल भी शुरु से उपार्जन केंद्र गुमा के प्रभारियों द्वारा लापरवाही की गई और शासन द्वारा प्रभारी के ऊपर निलंबन की कार्रवाई की गई थी, लेकिन अन्य प्रभारी की नियुक्ति के बाद भी यहां करीब सात सौ क्विंटल धान फड़ से गायब है। जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। ऐसे में शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो सकता है।

रफा-दफा करने का प्रयास

गुमा उपार्जन केंद्र में अलग-अलग किसानों द्वारा बेचे गए धान में करीब 21 लाख रुपए का धान गायब है, जिसे प्रभारी द्वारा शार्टेज बताकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष का भी मिलीभगत सामने आ रही है, क्योंकि मिलर्स द्वारा शार्टेज की भरपाई के लिए लगातार संपर्क किया जा रहा है, लेकिन भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है।

उपार्जन केंद्र प्रभारी जिम्मेदार

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने कहा कि उर्पाजन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर जितनी धान खरीदी की गई है उतना ही केंद्र प्रभारियों को शासन को देना है और यदि गुमा उपार्जन केंद्र से धान गायब है तो प्रभारी द्वारा भरपाई की जाएगी। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से बिलासपुर जिला में 140 उपार्जन केंद्र बनाए गए थे। इस तरह समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए 133423 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 125352 किसानों ने 6763245.20 क्विंटल धान समर्थन मूल्य में बेचा। समय रहते शासन द्वारा धान का उठाव भी लगभग पूरा कर लिया गया है। अब समितियों से अंतिम मिलान की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

140 उपार्जन केंद्रो के माध्यम से हुई खरीदी

न्यूज गैलरी

संस्कृति संगम सेवा समिति ने मनाया होली मिलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। समिति की अध्यक्ष सुनयना नायर और सचिव श्वेता पटेल ने महिलाओं के लिए होली मिलन का आयोजन किया। जिसमें 60 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुईं। सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित कर लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात कृष्ण कन्हैया के भेष में आये कलाकार का स्वागत महिलाओं ने नाच गा कर किया और उनके साथ फूलों की और गुलाल की होली खेली गई। महिलाओं के लिए होली थीम पर विभिन्न प्रकार के गेम्स भी रखे गए थे जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही साथ सभी के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी रखे गए थे जिनका सभी ने लुत्फ उठाया। गेम्स की विजेताएं ये रही ईला नेताम, नेहा चंद्रा, रमा सोनी, केसर मनचंदा, अल्का शिवहरे, वंदना बाजपेई, निरूपमा बाजपेई, पिंकी कश्यप, किरण भिमगे, ज्योति सिंह, निमिषा बाटव, श्रध्दा सोनी। पंचुवालटी की विजेता सुभद्रा साहू रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।सभी उपस्थित महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट्स भी दिए गए। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी और होली की बधाई देकर बिदाई ली। कार्यक्रम का संचालन सुनयना नायर और श्वेता पटेल ने किया।

देशी शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले 2 आरोपियों को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के संयुक्त कब्जे से 60 नग देशी प्लेन शराब पाव व शराब परिवहन में प्रयुक्त 1 हीरो एच एफ डिलक्स बाइक कुल कीमती 24,800 जब्त किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशानुसार थाना कोनी पुलिस को 1 मार्च को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक मोटर सायकल हीरो एच एफ डिलक्स में सवार दो व्यक्ति बिरकोना भठ्ठी से एक लाल एवं हरे रंग के बैग के अंदर भारी मात्रा में देशी प्लेन मंदिरा शराब बिक्री के लिए लेकर कोनी तरफ जाने वाला है कि सूचना पर तस्दीक अग्रिम रेड कार्यवाही हेतु गवाहो को लेकर मुखबीर के बताये अनुसार इंजीनियरिंग कॉलेज रोड कोनी में घेराबंदी कर बिरकोना तरफ से आ रही एक मोटर सायकल हीरो एच.एम डिलक्स में सवार दो व्यक्ति जो बीच में एक बेग रखा हुआ को रोक कर नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक अपना नाम पुरूषोतम खाण्डे पिता स्व. जुठेल उम्र 36 वर्ष पता ग्राम हरदी थाना तखतपुर एवं मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम झगरू राम गाहिरे पिता श्याम सिंह गाहिरे उम्र 32 वर्ष ग्राम गधीरवाडीह थाना पथरिया जिला मुंगेली का रहने वाला बताये जिसे मुखबीर की सूचना को अवगत कराते हुये दोनो व्यक्ति से पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक पुरुषोत्तम खाण्डे एवं पीछे बैठे झगरू राम गाहिरे के द्वारा एक लाल एवं रहे रंग के बेग के अंदर रखे 60 नग देशी प्लेन शराब होली त्यौहार में बिक्री करने ले जाना बताते हुये पेश किया जिसे समक्ष गवाहन 60 नग रोमियो देशी प्लेन मदिरा शराब जिसमें प्रत्येक शीशी में भरा 180-180 एम.एल व प्रत्येक शीशी का मूल्य 80-80 रू. कुल 10,800 एम.एल कुल कीमती 4800 रू एवं मोटर सायकल हीरो एच.एम डिलक्स कीमती 20000 रू कुल जुमला रकम 24,800 को बरामद कर किया गया।

पीढ़ियों के संगवारी कार्यक्रम से मजबूत होगा संवाद का सेतु

युवाओं ने लिया वरिष्ठजनों के अनुभवों से प्रेरणा, सामाजिक समरसता का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित 'पीढ़ियों के संगवारी कार्यक्रम' ने आज बिलासपुर में भावनात्मक और प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान, व्यापार विहार में आयोजित इस संभाग स्तरीय कार्यक्रम में बिलासपुर सहित मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिलों से आए वरिष्ठ नागरिकों ने युवाओं के साथ संवाद कर अपने जीवन का अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि समाज तभी सशक्त बनता है, जब नई पीढ़ी अपने बुजुर्गों के अनुभवों का सम्मान करे। उन्होंने इसे पीढ़ियों के बीच दूरी कम करने वाला अभिनव प्रयास बताया। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य शासन वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आश्रय एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। अटल वयो अभ्युदय योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

मोतियाबिंद ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा

संयुक्त संचालक टी.पी. भावे ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय वयोश्री योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी सुविधाओं के साथ-साथ नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में आयोजित संवाद सत्र ने सभी को भावुक किया। वहीं इंडोर खेल प्रतियोगिताओं में बुजुर्गों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया कि उम्र केवल एक संख्या है। आयोजन में विभागीय अधिकारियों, यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

उद्योग-बैंकर संवाद कार्यशाला में समन्वय को नई दिशा

जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में रेजिंग एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम अंतर्गत उद्योग-बैंकर संवाद कार्यशाला का आयोजन होटल सिटी, बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा किया गया।कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना, सीजीएम सीएस टेकाम,जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिनेश उरांव सहित विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों एवं बैंकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, महिला उद्यमिता एवं एमएसएमई इकाइयों से जुड़े प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैंकों में लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए पात्र आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंकिंग प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं तत्परता लाकर ही स्थानीय उद्योगों को गति दी जा सकती है। उन्होंने उद्योग विभाग एवं बैंकों के बीच नियमित समन्वय बैठक आयोजित करने पर भी बल दिया।

मंत्री तोखन ने कोकराझार में प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों का लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने प्रभार क्षेत्र कोकराझार, असम के प्रवास के दौरान 13 मार्च को आयोजित होने वाली माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि यह ऐतिहासिक जनसभा भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में विकास की जो यात्रा प्रारंभ हुई है, वह आज कोकराझार की पावन धरती तक सशक्त रूप में पहुँची है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह जनसभा असम के विकास के नए अध्याय का सूत्रपात करेगी और क्षेत्र की जनता के उत्साह एवं समर्थन से अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करेगी। अपने प्रवास के दौरान श्री साहू चिरांग जिले के बिजनी विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित भव्य बाइक रैली में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया तथा युवाओं के उत्साहवर्धन हेतु स्वयं सहभागिता की। इस अवसर पर बिजनी विधायक अजय राय एवं एबीवीपी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय जनसंपर्क अभियान चलाने तथा डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में गठबंधन सरकार के समन्वित प्रयासों से असम में विकास को नई गति मिली है। 'डबल इंजन की सरकार' की नीतियों के कारण आधारभूत संरचना, आवास, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चुनावों में जनता एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन देगी।

आयोजनः कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस - सिमेकॉन 2026 का शुभारंभ, एसईसीएल की मेजबानी में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन

सुदृढ़, आधुनिक व संवेदनशील चिकित्सा तंत्र की आवश्यकता पर बल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस - सिमेकॉन 2026 का शुभारंभ एवं मुख्य सत्र आज 1 मार्च को एसईसीएल, बिलासपुर की मेजबानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी तथा एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के करकमलों से समपन्न हुआ।

इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी- योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा कांफ्रेंस स्मारिका का भी अनावरण किया गया। साथ ही सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा एवं डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इंदिरा विहार अस्पताल डॉ. अरिहंत जैन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ

चिकित्सक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। सिमेकॉन 2026 में कोल इंडिया एवं उसकी विभिन्न सहायक कंपनियों से आए 250 से अधिक चिकित्सकों ने सहभागिता की जा रही है। इसके अतिरिक्त देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों से आए विशेषज्ञ डॉक्टर भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान खनन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य, रोगों की समयबद्ध पहचान, उन्नत चिकित्सा तकनीकों के उपयोग, आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन तथा डिजिटल स्वास्थ्य निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें नवीन उपचार पद्धतियों एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रभावी मॉडलों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में 'हेल्दी माइन्स' की अवधारणा को साकार करने हेतु सुदृढ़, आधुनिक एवं संवेदनशील चिकित्सा तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया। सिमेकॉन 2026 ज्ञान-विनिमय, समन्वय एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।

श्रद्धा महिला मंडल ने होली उत्सव मनाया

श्रद्धा महिला मंडल ने वसंत विहार के रवीन्द्र भवन में एसईसीएल की महिला संविदा कर्मियों के साथ होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उपाध्यक्षा गणों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेहरू शताब्दी कॉलोनी, वसंत विहार कॉलोनी एवं इंद्रा विहार कॉलोनी में कार्यरत लगभग 102 महिला संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी संविदा बहनों का रोली टीका लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात सभी को होली और महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। अध्यक्षा शशि दुहन भाभी ने इन कर्मठ बहनों की समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की और उन्हें असली नारी शक्ति कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर होली गीतों पर नृत्य किया और खुशियाँ साझा कीं। अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षों ने भी संविदा बहनों के साथ नृत्य कर उनका उत्साह बढ़ाया। होली एवं महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी संविदा कर्मियों को उपहार स्वरूप स्टील का मटका, स्टील का कंटेनर (कनस्तर), मिठाई एवं गुलाल भेंट किया गया। उपहार वितरण के पश्चात सभी संविदा कर्मियों के लिए होली के विशेष व्यंजनों के साथ स्नेहपूर्ण दोपहर भोज का आयोजन किया गया।

डीएलएस का रंगारंग वार्षिकोत्सव उल्लास के साथ मना

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी एल एस महाविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, संरक्षक चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय ने की विशिष्ट अतिथि उमेश जाधव रहे। मुख्य अतिथि डॉ. तारणीश गौतम ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, समय का सदुपयोग करने तथा शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को अनुशासन, उत्कृष्ट परिणाम एवं

सांस्कृतिक सक्रियता के लिए बधाई दी।संरक्षक चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा ने अपने संबोधन में आयोजन समिति, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान निरंतर गुणवत्ता सुधार, डिजिटल शिक्षण संसाधनों एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में समूह नृत्य, एकल गायन, नाटक, लोकगीत, देशभक्ति प्रस्तुति तथा हास्य-व्यंग्य कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन गुलजार टण्डन व रोशनी वैष्णव ने किया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन, सौहार्द एवं रचनात्मक ऊर्जा का सुंदर संगम देखने को मिला, जिसने इसे स्मरणीय बना दिया।

सराहना और मीठे बोल से बदल सकता है संसारः बीके स्वाति

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आज 'विश्व कंप्लीमेंट दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य और आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपनों की कमियां निकालने में तो बहुत आगे है, लेकिन दूसरों की अच्छाइयों को देखने और उनकी सराहना करने में पीछे छूट गया है। 'विश्व कंप्लीमेंट दिवस' हमें याद दिलाता है कि एक छोटा सा प्रशंसा का शब्द किसी के मुरझाए हुए चेहरे पर मुस्कान ला सकता है और उसके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। दीदी ने कहा कि कॉम्प्लिमेंट केवल तारीफ नहीं, बल्कि आत्मा से आत्मा को जोड़ने वाला एक सकारात्मक संकल्प है। आज के समय में इंसान को सबसे अधिक आवश्यकता है।

नव प्रदेश, बिलासपुर

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेन्ट्रल रूल्स 1956 के अंतर्गत) नव प्रदेश पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक-जानकारी

घोषणा पत्र फार्म-4

1. प्रकाशन स्थल-	तृतीय तल, सुपर मार्केट काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक बिलासपुर
2. प्रकाशन अवधि-	दैनिक
3. मुद्रक का नाम-	यशवंत धोटे
नागरिकता-	भारतीय
पता-	3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
4. प्रकाशक का नाम-	यशवंत धोटे
नागरिकता-	भारतीय
पता-	3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
5. संपादक का नाम-	चंद्रशेखर धोटे
नागरिकता-	भारतीय
पता-	3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
6. उन व्यक्तियों का नाम- व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं।	यशवंत धोटे(100%) भारतीय 3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मैं यशवंत धोटे एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

बिलासपुर
दिनांक 1 मार्च 2026

यशवंत धोटे
प्रकाशक के हस्ताक्षर

सुविचार

गुस्से में बोला गया एक कठोर शब्द भी इतना जहरीला होता है कि आपकी हजार प्यारी बातों को एक सेकंड में नष्ट कर देता है।

केजरीवाल की मोदी को चुनौती

नई दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में राउज ऐवन्यु कोर्ट ने नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री व तात्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। स्पेशल कोर्ट के जज ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपियों के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट में उनके खिलाफ केस चलाने लायक कोई भी सबूत नहीं है। इसलिए सभी को आरोप मुक्त किया जाता है। यही नहीं बल्कि न्यायालय ने एक प्रमुख आरोपी को पर्याप्त सबूत के बिना आरोपी बनाये जाने पर कड़ी टिप्पणी करते हुए संबंधित जांच अधिकारी के खिलाफ विभागी कार्यवाही की सिफारिश भी की है। निचली अदालत में सीबीआई द्वारा दाखिल किये गये केस में सभी आरोपियों के दोसमुक्त होने पर अब ईडी का केस भी शायद ही कोर्ट में टीक पाएगा। बहरहाल शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल सहित सभी 23 आरोपियों का बरी होना जांच ऐजेंसियों की विश्वसनियता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। आखिर इतनी लंबी जांच के बाद भी सीबीआई और ईडी जैसी जांच ऐजेंसियों आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत क्यों नहीं जुटा पाई। बहरहाल इस फैसले के बाद अरविंद केजरीवाल ने सत्य की जीत बताया है और साथ ही यह भी कहा है कि कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि वे कट्टा ईमानदार है मनीष सिसोदिया और पूरी आम आदमी पार्टी भी कट्टर ईमानदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने हमारे खिलाफ साजिश करके फर्जी केस बनवाया था जिसके चलते हम लोगों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा वे शुरू से कह रहे हैं कि वे निर्दोष हैं और केन्द्र सरकार ईडी तथा सीबीआई का दुरूपयोग कर उन्हें फर्जी मामले में फंसा रही है। उनकी बात सच निकली और न्यायालय में दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती भी दी है कि वे नई दिल्ली विधानसभा को भंग करा कर फिर से विधानसभा चुनाव करा कर देख लें भाजपा को दस सीटें भी नहीं मिल पाएगी। इसी तरह का बयान नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी दिया है और उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को फर्जी केस में फंसाकर केन्द्र सरकार ने आम आदमी पार्टी की छवि धूमिल कर दी थी जिसकी वजह से पिछला विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी को हारना पड़ गया था यदि भाजपा में हिम्मत है तो वह फिर से विधानसभा करा कर देख लें। बहरहाल सीबीआई ने निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल करने की तैयारी कर ली है। यदि हाईकोर्ट से भी अरविंद केजरीवाल बेदाग बरी हो जाते हैं तो इससे जांच ऐजंसियों से बची कुची विश्वसनियता खत्म हो जाएगी। जहां तक इस फैसले के राजनीतिक प्रभाव का प्रश्न है तो जाहिर है कि अब एक बार फिर अरविंद केजरीवाल पूरी ताकत से राजनीति के क्षेत्र में सामने आएंगे। क्योंकि जल्द ही पंजाब विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। साथ ही गुजरात में नगरीय निकाय चुनाव भी होने हैं अब अरविंद केजरीवाल पंजाब में अपनी रिहाई को बड़ा मुद्दा बनाएंगे और कोई बड़ी बात नहीं की वे पंजाब के लोगों की सहानुभूति बटोरने में सफल हो जायें। इसी तरह गुजरात में भी कोर्ट के इस फैसले को मुद्दा बनाएंगे और इसका उन्हें कितना लाभ मिलेगा ये आने वाला वक्त ही बताएगा। ईधर कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल और अन्य सभी आरोपियों की रिहाई को भाजपा तथा आम आदमी पार्टी की मिलीभगत करार दिया है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बयान दिया है कि केन्द्र सरकार ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कमजोर केस बनवाया था ताकि वे शराब घोटाले से बरी हो जायें और पंजाब में कांग्रेस को हरा सकें। इस तरह के आरोपों का भाजपा ने सीरे खंडन किया है और कहा है कि कोर्ट के इस फैसले को लेकर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि शिकायत पर ही शराब घोटाले की जांच की गई थी और मामला न्यायालय में पहुंचा था अब कोर्ट ने जो फैसला दिया है उस पर उंगली उठाना कांग्रेस पार्टी के लिए उचित नहीं है। इस मामले में आगे भी न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ सत्य क्या है? असत्य क्या है? न्याय क्या है? अन्याय क्या है? दुख कहां है? सुख कहां है? अपना कौन है? पराया कौन है? शाश्वत कौन है? और नश्वर कौन है? कौन सदा रहने वाला है? और कौन मिट जाने वाला है? जब इस बात का निर्धारण कर सको, जब इस बात का ज्ञान जिसे हो जाए उसे ही विवेकवान कहते हैं।

◆ व्यक्ति के पास जो विद्या है यदि वह विवेक से बंधी हुई हो तो विजय अवश्य मिलती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1498: पुर्तगाली खोजकर्ता वास्को दा गामा भारत की अपनी पहली यात्रा पर मोज़ाम्बिक द्वीप पहुंचे। 1836: टेक्सास ने मेक्सिको से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1952: भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सिंदरी कारखाने का उद्घाटन किया। 1956: मोरक्को को फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त हुई। 1969: ब्रिटेन के सुपरसोनिक विमान कॉनकॉर्ड ने पहली सफल उड़ान भरी। 1995: प्रसिद्ध सर्च इंजन याहू की स्थापना हुई। 2006: भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौता संपन्न हुआ। यह वीडियो सरोजिनी नायडू और कॉनकॉर्ड के पहले उड़ान के बारे में जानकारी देता है:

2 मार्च को जन्मे प्रसिद्ध व्यक्ति:

1931: सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव का जन्म।

2 मार्च को हुए प्रसिद्ध निधन:

1949: भारत की कोकिला सरोजिनी नायडू का निधन।

2009: गिनी-बिसाऊ के राष्ट्रपति जोआओ बर्नार्डो विएरा की हत्या।

गिरिराज सिंह

भारत ने वैश्विक मंच पर ऐसा कदम रखा है, जिसे दुनिया अनदेखा नहीं कर सकी। 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) औपचारिक रूप से पूरा हुआ। यह एक ऐतिहासिक पल था, जिस पर दशकों से काम हो रहा था। यह समझौता दूरदृष्टि, दृढ़ संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत आर्थिक नेतृत्व का परिणाम है।

भारत और यूरोपीय संघ मिलकर दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जब इन दोनों बड़े आर्थिक भागीदारों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, तो यह केवल एक और व्यापार समझौता नहीं रहा, बल्कि अपने आकार और रणनीतिक महत्व के कारण यह एक बेहद बड़ा और ऐतिहासिक समझौता बन गया।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता: वस्त्र उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक व्यापारिक उपलब्धि

भारत-ईयू एफ्टीए तक की यह यात्रा शासन के तरीके में साफअंतर दिखाती है। वर्ष 2014 से पहले भारत को केवल 19 देशों में व्यापार की पहुंच थी, जबकि आज यह संख्या 56 देशों तक पहुंच गई है। केवल भारत-ईयू एफ्टीए से ही 27 बड़े और महत्वपूर्ण बाजारों तक पहुंच खुली है। यह स्पष्ट, परिणाम आधारित और मजबूत शासन का प्रतीक है।

आज वैश्विक वस्त्र और परिधान बाजार का आकार 1.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। यह दुनिया भर में बढ़ती मांग और तेज़ बदलाव को दिखाता है। दुनिया का कुल आयात वर्ष 2001 में 366.8 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2024 में लगभग 800 अरब डॉलर हो गया है। इससे साफहै कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

इसी वैश्विक माहौल में भारत ने भी अपनी स्थिति लगातार मज़बूत की है। भारत का कुल टेक्सटाइल निर्यात लगभग 10 अरब डॉलर से बढ़कर करीब 40 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी काफ़ी मजबूत हुई है।

देश के भीतर भी टेक्सटाइल क्षेत्र में तेज़ बढ़त देखी जा रही है। भारत का घरेलू टेक्सटाइल बाजार 138 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में लगभग 190 अरब डॉलर हो गया है। इसका मुख्य कारण उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और लोगों की बढ़ती खरीद क्षमता है। यह वृद्धि कई नीतिगत सुधारों और सरकारी पहलों से संभव हुई है, जिनसे उत्पादन व्यवस्था को आधुनिक बनाया गया, सप्लाई और वैल्यू चेन को मज़बूत किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ी।

इसी पृष्ठभूमि में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते का महत्व बहुत ऐतिहासिक बन जाता है। यह समझौता यूरोपीय यूनियन के पूरे बाजार तक भारत की पहुंच खोलता है, जहां लगभग 2 अरब उपभोक्ता हैं और कुल बाजार का आकार करीब 24 ट्रिलियन डॉलर है।

इस समझौते के तहत मूल्य के हिसाब से भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को विशेष (प्राथमिक) व्यापार सुविधा मिलेगी। साथ ही लगभग 33 अरब डॉलर के सामान

पर लगने वाले 10 से 12 प्रतिशत तक के शुल्क (टैरिफ) खत्म हो जाएंगे। इससे दुनिया के सबसे प्रीमियम बाजारों में भारत के उत्पाद और अधिक सस्ते व प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

पिछले दो वर्षों में हमने जीडीपी, मांग के रुझान, जनसंख्या और प्रति व्यक्ति आय जैसे आँकड़ों के आधार पर एक नई बाजार विविधीकरण (मार्केट डाइवर्सिफिकेशन) रणनीति तैयार की और उसे आगे बढ़ाया।

अब इस रणनीति के साफ़ नतीजे दिखने लगे हैं। वर्ष 2025 में, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत के टेक्सटाइल निर्यात ने 100 से अधिक देशों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। इससे दुनिया में भारत की मौजूदगी और मजबूत हुई है।

इस लक्षित रणनीति के तहत निर्यात में तेज़ बढ़ोतरी हुई है। अर्जेंटीना में 77 प्रतिशत, पराग्वे में 45 प्रतिशत और इजिप्ट में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ों के कारण हुई है। इसके पीछे पिछले दस वर्षों में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का लगातार विस्तार रहा है।

बीते दस सालों में भारत के उत्पादन तंत्र में 2 करोड़ से अधिक सिलाई मशीनें जोड़ी गई हैं। इससे उत्पादन बढ़ा है, काम की उत्पादकता बेहतर हुई है और रोज़गार के नए अवसर बने हैं। इस विस्तार को मजबूत नीतिगत समर्थन भी मिल रहा है। केंद्रीय बजट 2026ङ्क27 में टेक्सटाइल क्षेत्र को भारत की विकास रणनीति के केंद्र में रखा गया है। इसके तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क, एकीकृत वैल्यू चेन, टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी पहल और 'समर्थ 2.0' के तहत कौशल विकास पर ज़ोर दिया गया है।

इसके साथ ही, प्रमुख टेक्सटाइल क्लस्टरों में टेक्सटाइल निर्यात सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। ये केंद्र एक ही मंच पर निर्यातकों को बाजार से जुड़ी जानकारी, एफ्टीए से संबंधित मार्गदर्शन, नियमों में सहायता और शुरुआत से अंत तक पूरी सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के लक्ष्य के साथ, भारत की टेक्सटाइल रणनीति बड़े पैमाने, तेज़ रफ्तार और वैश्विक सोच को दिखाती है।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता इस गति को और मजबूत करता है। यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी है, जिसके तहत भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच कुल व्यापार और सहयोग को 2030 तक 179 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। आज भारत सिर्फवैश्विक व्यापार का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे दिशा देने वाला देश बन रहा है।

(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार उनके निजी हैं।)

राजीव खंडेलवाल

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भव्य भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित ''एआई समिट'' को सरकार ने अब तक का विश्व का सबसे बड़ा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन' बताया। पाँच लाख से अधिक पंजीयन, सौ से अधिक देशों की भागीदारी और अंतिम दिन ''न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन'' पर 88 देशों का समर्थन–यह सब फ्हथेली पर सरसों जमाने जैसा सरल कार्य नहीं था। इतने विराट आयोजन के लिए सरकार निःसंदेह बधाई की पात्र है।

किन्तु जैसा कि कहा जाता है–प्रथम ग्रासे मक्षिका पातः–पहला कौर लेते ही यदि मक्खी गिर पड़े तो स्वाद फीका पड़ जाता है। इस सम्मेलन में भी कुछ ऐसी घटनाएँ घटित हुईं, जिनके अनछुए पहलुओं पर विचार आवश्यक है।

'एआई प्रदर्शनी! विरोध प्रदर्शन और प्रति-विरोध! आत्मघाती गोल! कांग्रेस या भाजपा! किसका?'

युवक कांग्रेस का शर्टलेस प्रदर्शन–विरोध या आत्मघाती दांव?

सम्मेलन की समाप्ति के पाँचवें दिन, जब प्रधानमंत्री सहित अनेक विदेशी अतिथि उपस्थित थे, युवक कांग्रेस के 10-12 कार्यकर्ताओं ने अचानक टी-शर्ट उतारकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में नारे लगाए। कमीज़ पर लिखे नारे–Compromise Prime Minister–को उतारकर लहराना एक सोचा-समझा प्रतीकात्मक प्रदर्शन था। प्रश्न यह है–क्या यह विरोध था या अपनी नाक कटाकर दूसरे का अशुभ चाहना?

जिस मंच पर देश अपनी तकनीकी क्षमता और कूटनीतिक प्रभाव का प्रदर्शन कर रहा हो, वहाँ इस प्रकार का नाटकीय प्रदर्शन क्या आत्मघाती गोल नहीं कहलाएगा? चार दिनों तक अव्यवस्था, कुप्रबंधन और गलत दावों को लेकर जो नैरेटिव सरकार के विरुद्ध बन रहा था, वह अचानक इस प्रदर्शन के बाद कांग्रेस की ओर मुड़ गया। विपक्ष के हाथ का तीर स्वयं उसी के पांव में जा लगा।

सम्मेलन की अव्यवस्थाएँ।

महत्त्वाकांक्षा बड़ी, निष्पादन कमजोर। इस आयोजन में कुछ गंभीर कमियाँ भी सामने आईं–

उद्घाटन के समय प्रतिभागियों को अव्यवस्थित ढंग से हॉल से बाहर कराया गया।

कुछ उपकरणों के चोरी होने की शिकायतें आईं।

गलगोटियास यूनिवर्सिटी द्वारा चीनी उत्पाद Unitree Gow को स्वदेशी बताने का विवाद खड़ा हुआ, जिस पर केंद्रीय मंत्री को यूनिवर्सिटी की प्रशंसा में किए गए ट्वीट हटाना पड़ा।

वाहनों की चाबियाँ जमा कराने की कोई सुरक्षित अव्यवस्थित व्यवस्था का न होना।

लंबी कतारें, नेटवर्क व Wi-Fi की समस्या, UPI भुगतान में बाधा।

ट्रैफिक और लॉजिस्टिक्स की अव्यवस्था।

कुछ अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं की अंतिम समय में अनुपस्थिति।

विदेशी मीडिया–The Washington Post, Reuters, BBC, Bloomberg, The Guardian–ने इसे logistical chaos की संज्ञा दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैश द्वारा पहले दिन की अव्यवस्था पर क्षमा-याचना करना इस बात का प्रमाण था कि दाल में कुछ काला अवश्य था।

विरोध का तरीका अपराध की परिधि में तो नहीं?

लोकतंत्र में विरोध अधिकार है–लोकतंत्र की शक्ति, लोकतांत्रिक असहमति। परंतु विरोध का समय, स्थान और शैली भी उतने ही महत्त्वपूर्ण होते हैं। यदि प्रदर्शन का उद्देश्य भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध था, तो एआई सम्मेलन का मंच कितना उपयुक्त था? कुछ आलोचकों का मत है कि डेटा-सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर प्रश्न उठाना एआई सम्मेलन के संदर्भ से जुड़ा था। किंतु जिस प्रकार करेला और नीम चढ़ा की तर्ज़ पर अव्यवस्थाओं के बीच यह प्रदर्शन हुआ, उसने मूल मुद्दे को पीछे धकेल दिया।

विदेशी मंच पर प्रदर्शन—देश की छवि या लोकतंत्र का प्रमाण?

यह भी विचारणीय है कि क्या विरोध प्रदर्शन से देश की साख पर आंच आई? विश्व के अनेक देशों में राष्ट्राध्यक्षों के सामने जूते उछाले गए, अर्धनग्न प्रदर्शन हुए, प्रेसवार्ताओं में व्यवधान डाले गए। इससे देश नहीं, व्यक्ति या दल की साख प्रभावित होती है। आज के डिजिटल युग में जंतर-मंतर पर हुआ प्रदर्शन भी क्षण भर में वैश्विक हो जाता है। अतः इसे देश की आन-बान-शान से जोड़ना क्या तिल का ताड़ बनाना नहीं है? लोकतंत्र में असहमति का सहिष्णु स्वीकार भी शक्ति का प्रतीक है। यदि सरकार आलोचना सह ले और विपक्ष मर्यादा न लांघे, तो यही संतुलन राष्ट्र की परिपक्वता दर्शाता है।

कांग्रेस या भाजपा—आत्मघाती गोल किसका?

कांग्रेस ने भावनात्मक आवेग में सरकार-विरोध का अवसर भुनाने की चेष्टा की, परंतु औसर चूकी डोमनी गावे ताल बेताल की भाँति स्वर बेसुरा पड़ गया। दूसरी ओर, यदि भाजपा इस घटना को राष्ट्र-अपमान बताकर अतिरंजित करती है, तो वह भी आईने में अपना चेहरा देखने से चूक जाएगी। क्योंकि गलगोटियास विवाद और अव्यवस्था पर उठे प्रश्नों का उत्तर देना भी उतना ही आवश्यक है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मन चितवन लगे है बौराई, मादकता हवा ने है फैलाई, कई रंगों में लिपटी वसुधा, नाचूं मैं मगन हो अपनी धुन, आया है देखो मधुमास फागुन। . चुनर मैंने भी तो है लहराई, पिया की खबर जो है आई, उर आनंदित है आएंगे पिया, पायल बाजे रुन-झुन रुन-झुन, आया है देखो मधुमास फागुन। . चाँद तारों ने छटा है बिखराई, दृग ने भी नींदें दूर है भगाई, प्रेम सुधा हृदय ने है बरसाया, गुंजित हो तन-मन करे गुन-गुन, आया है देखो मधुमास फागुन।

– पूनम झा 'प्रथमा

"ए जिंदगी" मृत्यु बोली जिंदगी से। सुन ए जिंदगी.. तू तो चार दिन ही साथ है.. मगर मैं कभी साथ नहीं छोड़ती हूँ। बांध लेती हूँ पल्लू से। बना लेती हमेशा के लिए अपना। चाहती हूँ जिसे।। सुन ए जिंदगी तड़पाती बहुत है तू सभी को। मगर 'मैं' दवा हूँ हर तकलीफकी।।

– डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

ये श्वेत धवल ज्योति है , ये इश्क तो एक मोती है , अंग अंग में है तरंग , मन में बज रहे मृदंग , नाचे धरती और गगन , जैसे कण-कण में हो शिवांश , मेरा रोम-रोम जल रहा , जैसे हिमखंड पिघल रहा , और मिल रहा हो जल में , चल पड़ा है नभ से। – **नमन कुमार मिश्रा**

हमसे तुम्हारे ख़त भी संभाले न जाएंगे वो चांद वाले ख्वाब भी पाले न जाएंगे। ज़िद है तो ज़िद है बस ये-निगाहों से पीनी है तिश्ना लबों पे अब ये पियाले न जाएंगे।

– वंदना गोयल

एक खांसने की आवाज पर जो कि एक पुरूष की है धरती भी अपनी धूरी पर घुमना भूल जाए मगर! एक आश्चर्यजनक दृश्य सवाल -जबाव करती हुई स्त्री के घिसटते पल्लू को संभालने वाला पुरुष अन्य पुरुषों के लिए प्रेरणा है जबकि अन्य स्त्रियों के लिए मजाक मानसिक रूप से स्थितियां इतनी जल्दी स्वीकार्य नहीं है क्यूंकि वर्षों से सोच की जड़ें अपनी पैठ गहरे जमाए हुए है।

– सपना चन्द्रा

जब अपने ही बने हैं बाजार, घर हम किसको कहें, जीवन हो गया है व्यापार, घर हम किसको कहें,, ना अपने हैं ना सपने ही, है सब जगह अलगाव, बचा ही नहीं व्यवहार तो हम घर किसको कहें,, झूठ ही झूठ की सिर्फमहफिल सजी इस जग में, बाकी रह गया है तकरार, घर हम किसको कहें,,।

– ललित उपाध्याय

फागुन की ऋतु आ गई, छाया है उल्लास । धरा मंद मुस्काय है, झूमे है आकाश । झूमे है आकाश, बौर आमों पर छाए । कोयल मीठे बोल, प्रीत के गीत सुनाए । मिटे हृदय से क्लेश, नगाड़ों की धुन को सुन। लिए प्रेम के रंग , लौट आई है फागुन ।।

– सुनिल शर्मा नील

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज दिन के मध्यान तक आपको शांति रहने की सलाह है आज भी व्यावसायिक कारणों से मानसिक बेचैनी रहेगी ऊपर से घरेलू उलझने रहने पर अधिक दबाव में कार्य करना पड़ेगा।

वृष: आज का दिन धन लाभ वाला है लेकिन अपनी वाणी को सही जगह प्रयोग करें अन्यथा जहां लाभ की संभावना रहेगी वहां किसी से कलह भी हो सकती है।

मिथुन: आज दिन का आरंभ भाग असमंजस की स्थिति के कारण कार्य शून्य रहेगा। जो करना चाहेंगे वातावरण उसके विपरीत बनेगा ।

कर्क: आज के दिन कुछ रोचक घटनाये घटेंगी दिन का पूर्वार्ध नई संभावनाए लेकर आएगा। कार्य क्षेत्र पर आज गंभीर रहेंगे। किसी परिचित से आश्चर्य में डालने वाले समाचार मिलेंगे।

सिंह: आप आज दिन के मध्यान भाग तक कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय ना लें अन्यथा हानि होने पर मनोबल टूटेगा। दिनचार्य आज अस्त व्यस्त अधिक रहेगी मन मे नकारत्मक भाव आएंगे कार्यो के प्रति लापरवाह भी रहेंगे।

कन्या: आज आपको दिन के पहले हिस्से में लाभ पाने के प्रस्ताव आएंगे लेकिन दुविधा के कारण प्रतिस्पर्धी इसका लाभ उठा सकते है। कार्य व्यवसाय से आज उन्नति की आशा लगा सकते है।

तुला: आज के दिन आप धन संबंधित कार्यो को छोड़ अन्य सभी कार्यो से सम्मान पाने के हकदार बनेंगे। आर्थिक उलझने दिन के आरंभ से अंत तक किसी ना किसी रूप में परेशान करेंगी।

वृश्चिक: आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में जितनी मेहनत करेंगे उसका लाभ मध्यान तक मिल जाएगा आज लापरवाही से बचें।

धनु: आज का दिन उदासीनता में व्यतीत करेंगे जल्दी से किसी भी कार्य मे परिश्रम करने का मन नही करेगा जिसके परिणामस्वरूप लाभ भी अल्प होगा।

मकर: आज मध्यान तक कि दिनचार्य को अस्त व्यस्त ना होने दे अन्यथा ना चाहकर भी व्यर्थ के कामो में समय खराब होने पर मध्यान बाद से बनने वाली शुभ स्थिति का लाभ नही उठा सकेंगे।

कुंभ: आज के दिन आपको बीते कल की तुलना में थोड़ी राहत मिलेगी। आज भी मध्यान तक मानसिक दुविधायें एवं असंतोष की भावना लाभ से दूर रखेंगी। स्वास्थ्य में सुधार आएगा लेकिन पूरी तरह से नही कठिन परिश्रम करने पर मर्ज दोबारा बढ़ सकता है इससे बचें।

मीन: आज आप घर अथवा कार्य क्षेत्र पर चाहकर भी सुव्यवस्था नही बना पाएंगे उल्टे जो कार्य ठीक चल रहे है वो भी गलत मार्गदर्शन अथवा जल्दबाजी में बिगड़ सकते है।

QUIZ TIME

1) भारत का पहला राज्य कौन सा है जिसने एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर टूरिज्म सेवाएं शुरू की हैं?

2) नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन किस मंत्रालय की पहल है?

3) किस भारतीय राज्य में सरंडा वन स्थित है, जिसे फ्सात सौ पहाड़ियों की भूमिफ् कहा जाता है?

4) किस देश ने ऑपरेशन मिडास, एक बड़ा भ्रष्टाचार विरोधी जांच अभियान शुरू किया है?

5) ओडिशा में पहली बार सफलतापूर्वक उगाए गए यूस्टोमा फूल का मूल स्थान कौन सा क्षेत्र है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्य प्रदेश (2) वस्त्र मंत्रालय (3) झारखंड (4) यूक्रेन (5) मेक्सिको और अमेरिका

पहेली

शब्द सामर्थ्य -331

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल रमेन डेका को जन्मदिन की दी शुभकामनाएँ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज लोकभवन पहुँचकर राज्यपाल श्री रमेन डेका को उनके जन्मदिन के अवसर पर आत्मीय शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका को पुष्पगुच्छ, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक ढोकरा शिल्प की आकर्षक कलाकृति तथा शॉल भेंट किया। उन्होंने राज्यपाल श्री रमेन डेका के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन तथा दीर्घायु की कामना की।

सरकार ने किसानों का 2622 करोड़ रू. नहीं दिया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार ने किसानों के खाते में आधा अधूरा अंतर राशि डाला है। यह अंतर राशि समर्थन मूल्य और 3100 रू. घोषित मूल्य के बीच की राशि है। जबकि दो सालों में धान के समर्थन मूल्य में 117+89=206 रू. की बढ़ोत्तरी हुई। अतः सरकार अंतर राशि की गणना 3286 के आधार पर की जानी चाहिए। सरकार 3100 के हिसाब से कीमत देकर सरकार किसानों से धोखा कर रही है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1 एकड़ में 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी हुई। इस प्रकार 21ङ्ग186=3906 रू. प्रति एकड़ सरकार किसानों को नहीं दे रही। इस वर्ष 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इस हिसाब से किसानों का 2622 करोड़ रू. सरकार नहीं दे रही है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का चरित्र किसान विरोधी है। सरकार ने इस वर्ष 7 लाख किसानों से धान नहीं खरीदा। सरकार ने खुद के द्वारा घोषित लक्ष्य से भी कम धान खरीदा, षड़यंत्र करके लाखों किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं करने दिया गया, अब सरकार किसानों को पूरा राशि भी नहीं दे रही है।

अवैध के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार एक दोपहिया वाहन जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर संगीता, कलेक्टर रायपुर श्री गौरव सिंह के निर्देश एवं प्रभारी उपायुक्त आबकारी रायपुर श्री राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 24/02/2026 को अवैध रूप से मदिरा परिवहन की सूचना में मानपुर से टोहड़ा मार्ग ग्राम टोहड़ा थाना तिल्दा से आरोपी टिकेश्वर चेलक पिता आनंद चेलक और आरोपी वीरेंद्र कुमार ध्रुव पिता जगन्नाथ ध्रुव को काले रंग की दोपहिया वाहन हीरो स्पलेंडर में परिवहन करते 98 नग पाव देशी मदिरा मसाला (शोले) बरामद कर जप्त किया गया वही एक अन्य प्रकरण में अवैध मदिरा धारण की सूचना पर बंजारी नाला ग्राम सरारीडीह थाना तिल्दा से अश्वनी रात्रे पिता गंगादास रात्रे के आधिपत्य से अवैध रूप से धारित मदिरा 46 नग पाव देशी मदिरा मसाला (शोले)बरामद किया गयाआरोपियों के विरुद्ध छ.ग.आब.अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) , 59(क)के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया ।

घर की चौखट पर कदम रखते ही बोलिए मातृभाषा : कालेले

रायपुर/नवप्रदेश। नए नियम बन लीजिए, घर की चौखट पर कदम रखते ही आपको अपनी मातृभाषा ही बोलनी पडेगी, नहीं तो परिवार का कोई भी सदस्य आपकी किसी भी बात या सवाल का जवाब ही नहीं देगा। यह नियम हमारे परिवार में पीढियों से चला आ रहा है। यही कारण है कि आज भी मेरे नाती- पोते भी मराठी में बात करते है। मराठी भाषा दिवस पर प्रा. अनिल श्रीराम कालेले ने महाराष्ट्र मंडल में आयोजित संगोष्ठी में इस आशय के विचार व्यक्त किए। कालेले ने कहा कि हमारे बीच यह धारणा है कि पुणे के लोग प्रामाणिक मराठी बोलते हैं। विदर्भ, कोकण, खानदेश, मालवाणी, मुंबई की मराठी ऐसी ही है। मेरा कहना है कि कम से कम उन लोगों ने अपनी मातृभाषा को छोडा तो नहीं है। मराठी बोल तो रहे हैं और यही प्रशंसनीय है। मेरे सामने भी यह स्थिति यदाकदा बनते रहती है। जैसे सामने वाले वहिणी बोलते हैं जबकि सही शब्द वहिनी (भाभी) है। अब उनकी गलती सुधारो तो बुरा लगता है। इसलिए खामोश रहकर इतनी तसल्ली कर लेते हैं कि कम से कम बातचीत मराठी में तो ही रही है।

टेलरिंग के व्यवसाय में पूजा देवांगन को मिला मजबूत आधार

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा जिले की रहने वाली पूजा देवांगन आज आत्मनिर्भरता और नारी सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायी मिसाल बन चुकी हैं। सिलाई-कढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने की उनकी इच्छा ने उन्हें लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा तक पहुँचाया, जहाँ से उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन की शुरुआत हुई। उन्होंने सबसे पहले टेलर दर्जी के बेसिक प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। यह उनके लिए वह पहला अवसर था, जिसने आगे उनकी प्रगति को गति दी। सात दिवस का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें चार हजार रुपये की स्टाइपेंड राशि और एक लाख रुपये तक का बिना गारंटर लोन प्राप्त हुआ, जिसके सहारे उन्होंने अपने छोटे व्यवसाय के काम को आगे बढ़ाना शुरू किया।

छत्तीसगढ़ में मौसम साफ, अगले 5 दिनों में बढ़ेगी गर्मी, 2 से 4 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

■ रायपुर में तापमान 35 डिग्री के पार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों में प्रदेश का अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। वहीं अगले 7 दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। पिछले 3 दिनों में 3-4 डिग्री तक दिन का टेम्प्रेचर बढ़ा है।पिछले 24 घंटों के मौसम की बात करें तो प्रदेश में कहीं भी बारिश की गतिविधि नहीं रही। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35. 4°C रायपुर, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.4°C अंबिकापुर में दर्ज हुआ।

रायपुर के मौसम की बात करे तो शहर में 1 मार्च को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान लगभग 35°C और न्यूनतम तापमान 20°C के आसपास रहने का अनुमान है। लगातार बढ़ते तापमान के साथ दिन में गर्मी का असर बढ़ेगा, जबकि सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रह सकती है।

फरवरी : ठंड के लौटने का माह

रायपुर की बात करें तो जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी आसमान आमतौर पर साफ बना रहता है और सतही हवाएं हल्की रहती हैं। हालांकि उत्तर भारत से गुजरने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

इस दौरान बादल छाने के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनती हैं। कुछ मौकों पर आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी चलती हैं। सर्दियों का असर कम होते ही न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। कुछ स्थितियों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी चला जाता है।

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने ली शांति समिति की बैठक

सभी सौहार्द्र पूर्ण से और भाईचारे के भाव के साथ त्योहार मनाएं: एडीएम उमाशंकर

■ डीजे व नशे की हालत में तेज रफ्तार वाहन चलाने पर होगी कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउनहॉल में शांति समिति की बैठक हुई।

इस बैठक में सभी समाज के प्रमुख नागरिक शामिल हुए और उन्हें होली व अन्य त्यौहारों के मद्देनजर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के निर्देश दिए गए। एडीएम श्री उमाशंकर बंदे ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में होली का त्योहार आने वाला है और इस समय रमजान का महीना भी चल रहा है। नागरिकों से आग्रह है कि सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में और भाईचारे के साथ इसे मनाएं। साथ ही प्रशासन से समन्वय बनाएं रखें। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी अपने-अपने सुझाव रखें।

इस अवसर पर एडीएम श्री उमाशंकर बंदे ने कहा कि होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार है, जो हम सबके जीवन में खुशियां बिखेरते हुए रंगमय बनाता है। होलिका दहन के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर मुरूम रखवाई जा रही है। इसके लिए जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई किए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त पानी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अस्त्र-शस्त्र के उपयोग एवं प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। परीक्षाओं को ध्यान रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमी स्वर में रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। बिजली के तार एवं टेलीफोन के खंबों के नीचे तथा डामर रोड पर होलिका दहन नही किया जाएगा। पुलिस द्वारा फिक्स पॉइंट बढ़ाया जाएगा। साथ ही बाईक पेट्रोलिंग की भी की जाएगी। होलिका दहन का कार्य निर्धारित समय से किया जाएगा। जबरदस्ती चंदा वसूलने पर कार्यवाही की जाएगी।

सिर्फ 5000 शिक्षकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। 57,000 पदों पर शिक्षकों की भर्ती का वादा था उसे शुरू किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सिर्फ5000 शिक्षकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा है। भाजपा सरकार, शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बनते ही तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की, इससे पीछे हटते पिछले बजट में मंत्री ओपी चौधरी ने 20 हजार शिक्षक भर्ती की घोषणा की, उसके बाद मुख्यमंत्री ने 5,000 पदों में शिक्षक भर्ती की घोषणा की, अब 5,000 शिक्षक भर्ती में व्याख्याता कम्प्यूटर के 146 पद एवं योग प्रशिक्षक के 146 पदों को हटाकर 4,708 पदों पर भर्ती की अनुमति दी गयी है ये सीधा-सीधा 1 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा होने का इंतजार कर रहे युवाओं के साथ धोखा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के हठधर्मिता के चलते शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे युवाओं के मन में निराशा का भाव आया है, जिस प्रकार से वादा करके वादाखिलाफी की जा रही है, ऐसे में तो हजारों विषय विशेषज्ञ युवा आने वाले समय में सरकारी नौकरी की उम्र सीमा पार कर जाएंगे और परीक्षा से वंचित हो जाएंगे, उनकी जिंदगी खराब हो जाएगी और भाजपा सरकार की मंशा तो नौकरी देने की नहीं है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत

कलिंगा विश्वविद्यालय का न्यू गुरुकुल एजुकेशन सोसाइटी के साथ समझौता

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने दिनांक 27 फरवरी 2026 को न्यू गुरुकुल एजुकेशन सोसाइटी (एनजीईएस) के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एवं अन्य परस्पर सहमति से निर्धारित शासकीय योजनाओं के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उद्योगोन्मुखी कौशल विकास को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ बनाना है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एवं आजीविका पहलों के अनुरूप संरचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव, कलिंगा विश्वविद्यालय तथा इंजीनियर उज्ज्वल कुमार, परियोजना प्रमुख, न्यू गुरुकुल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा विश्वविद्यालय एवं संस्था के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

कलिंगा विश्वविद्यालय की ओर से इस पहल का नेतृत्व डॉ. विजयलक्ष्मी, निदेशक आईक्यूएसी द्वारा किया जा रहा है। उनके साथ आईक्यूएसी टीम के सदस्य श्री अभिषेक कुमार गुप्ता, श्री अश्वन साहू, श्री हेमंत कुमार साहू एवं श्री पुष्पराज गेंद्रे उपस्थित रहे।न्यू गुरुकुल एजुकेशन सोसाइटी की ओर से श्री दिनेश खटाना, निदेशक, श्री विकास राज राय, प्रशिक्षण कोषाध्यक्ष तथा टीम सदस्य श्री आशीष खरे, श्री संस्कारी सिंह, श्री आलोक जायसवाल, श्री विक्रम रॉय एवं श्री आशुतोष कुमार उपस्थित रहे।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व पर व्यापारियों का अटूट विश्वास

■ धमतरी इकाई में सदस्यता अभियान को मिला व्यापारियों का भारी समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 28 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के कुशल नेतृत्व में संगठन का विस्तार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल सदस्यता अभियान के तहत धमतरी पहुँचा।

धमतरी आगमन पर इकाई अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रतिनिधिमंडल का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान धमतरी के व्यापारियों में भारी उत्साह देखा गया। चेम्बर इकाईयों का गठन जहाँ भी हो रहा है, नए सदस्य निरंतर जुड़ते जा रहे हैं, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रदेश के व्यापारियों का प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के नेतृत्व पर गहरा और अटूट विश्वास है।

सदस्यता अभियान की सफलता को रेखांकित करते हुए धमतरी जिला उपाध्यक्ष- दिनेश (राजा) रोहरा ने नए बनाए गए सदस्यों की विस्तृत सूची प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया को सौंपी। श्री थौरानी के नेतृत्व में संगठन लगातार अपनी जड़ें मजबूत कर रहा है और व्यापारी वर्ग एक मजबूत मंच के रूप में चेम्बर के साथ खड़ा है।

जल जीवन मिशन से बदली फुलमत बाई की जिंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। आदिवासी बहुल कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम नवापारा की 60 वर्षीय फुलमत बाई कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझा करती थीं। घर में नल नहीं होने के कारण उन्हें प्रतिदिन दो से तीन किलोमीटर दूर स्थित ढोढ़ी तक जाना पड़ता था। नाले के पास बने उस अस्थायी स्रोत से बड़े बर्तन में पानी भरकर सिर पर लादकर घर लाना उनकी मजबूरी ही नहीं, बल्कि दिनचर्या बन गई थी।बरसात के दिनों में फिसलन भरे रास्तों पर जोखिम उठाकर ढोढ़ी तक पहुँचना कठिन होता था और गर्मी के मौसम में पानी का स्तर घट जाने पर समस्या और भी विकराल रूप ले लेती थी।

घने जंगलों में वन एवं वन्यप्राणियों को बचाने का संकल्प

लोकनृत्य, चित्रकला, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों और ग्रामीणों को जोड़ा

गुरुर / बालोद नवप्रदेश। वनमंडल बालोद के ग्राम बड़भूम परिक्षेत्र गुरुर में आज वन विभाग एवं एनजीओ अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जंगल एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करने एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ग्रामीणों में सतत जागरुकता विकसित करने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरुकता अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य लक्ष्य मानव जीवन की रक्षा के साथ-साथ वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित करना रहा। ग्रामीणों को वन्यजीवों से संभावित खतरों, सुरक्षा उपायों, संघर्ष की स्थिति में अपनाए जाने वाले व्यवहारिक कदमों तथा शासन की मुआवजा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।अभियान को प्रभावी और जनसुलभ बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा कला चित्रों, पोस्टर, रंगोली व पेंटिंग के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया, वहीं लोकनृत्य प्रस्तुतियों के जरिये सरल भाषा में जागरुकता का संदेश दिया गया। इन नवाचारों के चलते ग्रामीणों की सहभागिता उल्लेखनीय रही और कार्यक्रम जनआंदोलन का रूप लेता नजर आया।अभियान में 'अर्थ रिट्रीट' एनजीओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने जनसंपर्क, प्रशिक्षण और जागरुकता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सशक्त करने के लिए विभिन्न ऐसी सामग्रियों को उपयोग करने हेतु बढ़ावा देते हुए वन-संरक्षण का संकल्प लिया।

हीरा राम के घर आई बचत और उजाले की नई किरण

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से साकार हो रहा ऊर्जा आत्मनिर्भरता का संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज नागरिक न केवल बिजली व्यय में राहत पा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त कदम बढ़ा रहे हैं।

कोरबा जिले के खरमोरा निवासी श्री हीरा राम साहू इस योजना से लाभान्वित होने वाले नागरिकों में से एक हैं। उन्हें योजना की जानकारी समाचार माध्यमों से प्राप्त हुई। योजना की विशेषताओं एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल स्थापित कराने का निर्णय लिया, जून 2025 में उन्होंने अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित कराया, जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये आई। जिसमें केंद्र द्वारा 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की शासकीय सहायता प्राप्त होने से उन पर आर्थिक भार में कमी आई और योजना का लाभ उन्हें सहज रूप से प्राप्त हुआ।

उनके परिवार में चार सदस्य हैं। पूर्व में उनके घर में विद्युत उपयोग मध्यम स्तर का था तथा प्रतिमाह विद्युत बिल एक नियमित व्यय के रूप में देय होता था। पैनल स्थापना के पश्चात पारंपरिक विद्युत पर उनकी निर्भरता लगभग समाप्त हो गई है। वर्तमान में उनका मासिक विद्युत बिल मात्र 30 से 70 रुपये के मध्य आ रहा है, इस बचत से उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत आर्थिक प्रबंधन में पर्याप्त सहूलियत प्राप्त हो रही है।

पूर्व में सीएसईबी में कार्यरत रहे एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त जीवन व्यतीत कर रहे श्री हीरा राम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना वास्तव में आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी है। इससे घरेलू व्यय में कमी आई है तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाएं नागरिकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं।

शराब बंदी की बात करने वाले शराब में कमीशनखोरी कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार शराब में कमीशनखोरी की गई व्यवस्था तैयार करने जा रही है। सरकार ने शराब निर्माता कंपनियो से उनके ब्रांड के रेट का टेंडर मंगवाया है और सरकार निर्माता कंपनियो से प्राप्त रेट में अपना सेस जोड़कर नया रेट शराब की बोतलो पर चस्पा करेगी, उसी के आधार पर शराब की बिक्री की जायेगी। सरकार कंपनियो से रेट नेगोशिएसन के लिये कुछ नहीं करने जा रही। निर्माता कपंनिया सत्ता में बैठे हुये लोगो का कमीशन जोड़ कर अपना रेट देगी सरकार उस रेट पर खरीदी करेगी।

छत्तीसगढ़ के 25 लाख से अधिक किसानों को मिला 10,324 करोड़ का बोनस

- होली से पहले किसानों को खुशियों भरी सौगात
- अन्नदाताओं की मेहनत का पूरा सम्मान, यही हमारा संकल्प, यही हमारी पहचान : अनुज

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। आज धरसीवां विधानसभा के जोरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत 'आदान सहायता राशि वितरण समारोह' एवं 'वृहद किसान सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवशाली कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने एक बटन दबाकर प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में ?10,324 करोड़ की राशि वर्चुअली ट्रांसफर की। यह राशि धान खरीदी की अंतर राशि (बोनस) के रूप में दी गई है, जो सरकार के किसानों से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं के लिए ऐतिहासिक है। होली के त्यौहार से पहले यह बड़ी राशि सीधे किसानों के खाते में पहुँचने से किसानो की भी होली रंगों से भर गई। यह राशि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हमारे किसानों के पसीने का सम्मान है। त्योहार के मौके पर बोनस राशि मिलने से किसान भाई आर्थिक जरूरतो को पूरा कर सकेंगे व आगामी खरीफ फसल के तैयारियों के लिए भी मदद मिलेगी । आज का यह एकमुश्त भुगतान इस बात का प्रमाण है कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। प्रदेश का किसान सशक्त होगा, तभी प्रदेश समृद्ध होगा। हमारी विष्णु देव साय जी की सरकार ÷मोदी की गारंटी÷ को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों की खुशहाली ही राज्य की प्रगति का मूल आधार है। हमने चुनाव के दौरान वादा किया था कि किसानों को धान की अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा, और आज ?10,324 करोड़ सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर प्रदेश की जनता के विश्वास की जीत है। 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में एकमुश्त राशि पहुंचना केवल एक वित्तीय लेन-देन नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का एक बड़ा माध्यम है। एकमुश्त राशि मिलने से किसान न केवल त्यौहार हर्षोल्लास से मना पाएंगे, बल्कि आगामी खरीफ सीजन के लिए भी आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगे।

इस सम्मेलन में धरसीवां सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में किसान उपस्थित हुए। तकनीकी सत्रों के साथ-साथ किसानों को कृषि की आधुनिक पद्धतियों की जानकारी भी दी गई। एकमुश्त अंतर राशि मिलने की सूचना जैसे ही किसानों के मोबाइल पर पहुंची, पूरा परिसर ÷जय जवान-जय किसान÷ के नारों से गूंज उठा।इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, सविता चंद्राकर, शकुन्तला ढीलेंद्र सेन,दिनेश खूटे, अशोक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहें।

प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं : शिवरतन शर्मा

भाटापारा / नवप्रदेश। आज प्रदेश के अन्नदाताओं के खाते में खुशियाँ पहुंची है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार का हर निर्णय किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान के अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण, ?10,000 करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंचाना ऐतिहासिक कदम है। यह अन्नदाता के परिश्रम का सम्मान है.. श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसान हितैषी सोच और दृढ़ नेतृत्व का प्रमाण है। वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित कृषक उन्नति योजना,आदान राशि वितरण समारोह में सम्मिलित होकर कृषको से संवाद कर कही.। शिवरतन शर्मा ने कहा की यह राशि किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, त्योहारों की खुशियों से पहले सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण का यह संकल्प सुनिश्चित किया कि इस बार अन्नदाताओं की होली समृद्धि के रंगों से सराबोर हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की होली पर्व के अवसर पर यह सहयोग किसान परिवारों के जीवन में समृद्धि का रंग भरेगा और उनका त्योहार और भी अधिक खुशहाल होगा, धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं और सुशासन की यह सरकार प्रदेश के किसानों को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य देने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं ।

मिनी स्टेडियम में चंद्रोदय हॉकी कप का शुभारंभ

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिला हॉकी संघ खेल एवं युवा कल्याण, महासमुंद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय चन्द्रोदय हॉकी कप -2026 का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम में कल 28 फरवरी को किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विशिष्ठ अतिथि भाजप जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राहुल चंद्राकर थे।

मुख्य अतिथि विधायक श्री सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन करने प्रेरित किया। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का स्मरण करते हुए खिलाड़ियों को उनके खेल कौशल से सीख लेकर आगे बढ़ने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित कर कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपना कॅरियर बना सकते हैं।

खरोरा में शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ मोर्चा

खरोरा / नवप्रदेश। नगर खरोरा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ खोला मोर्चा खरोरा- नगर पंचायत खरोरा में अवैध शराब बिक्री एवं नशीली पदार्थों को रोकने के लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी एवं वेदराम मनहरे नशा मुक्ति अभियान प्रदेश संयोजक रूपनारायण सिंह अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री एवं अन्य नशीली पदार्थों के रोकथाम के लिए मंगल भवन खरोरा में बैठक आयोजित कर नगर के मुख्य मार्ग में रैली निकाली। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने अवैध बिक्री को रोकने के लिए महिलाओं ने एक कदम उठाया। नगर खरोरा में पूर्ण रूप से अवैध बिक्री रोकने के लिए नगर में स्थानीय अवैध शराब बेचने वाले को चेतावनी देते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है। नगर खरोरा के महिलाएं व बच्चे इस अभियान में जुड़े हुए थे। नगर पंचायत के पार्षदों के द्वारा अपने वार्ड में महिलाओं को इकट्ठा कर विशाल रैली का आयोजन किया गया। नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने कहा कि अवैध शराब बिक्री होने से नगर का माहौल खराब हो रहा है, गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं खुलेआम शराब का सेवन किया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक वेदराम मनहरे ने कहा कि नगर पंचायत खरोरा के अवैध शराब बिक्री के कारण नशेड़ियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन लड़ाई झगड़ा होना, अश्लील गालियां देना आम बात हो गई है। इसे रोकने के लिए आम सहमति के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों के आह्वान पर यह कदम उठाया गया है। नशेड़ियों की इस प्रकार की हरकत से नगर का वातावरण दूषित हो रहा है। इस रैली में मुख्य रूप से रूपनारायण सिंह अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ ने रैली में कहा कि शराब वर्तमान पीढ़ी को खोखला कर रहा है, इससे युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, यह अभियान नगर के लिए एक अच्छा संदेश जाएगा जिससे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी

मादा गौर शिकार मामले में दो और आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

कसडोल / नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत अक्टूबर माह में घटित मादा गौर शिकार प्रकरण में फरार चल रहे चार आरोपियों में से दो ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया, जहां से उन्हें जेल दाखिला कराया गया। इस मामले में पूर्व में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। उक्त घटना में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत गंभीर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के पश्चात वन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी, विशेष गश्त एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। लगातार प्रयासों एवं सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप मुख्य आरोपी जगदीश चौहान एवं अभिमन्यु चौहान, दोनों निवासी बिलाड़ी, ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। प्रकरण में शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है।

आज भाटापारा मे होगा व्यंजन मेला एवं हाट बाजार का आयोजन

अखंड ब्राह्मण समाज का आयोजन

भाटापारा / नवप्रदेश। होली महापर्व की पूर्व संध्या पर व्यंजन मेला एवं हाट बाजार का आयोजन आज रविवार को कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम मे होने जा रहा है,जिसकी तैयारी को अंतिम रूप देने अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ऊषा मिश्रा के साथ शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया।

किसानों का पिछले साल का 200 रू. प्रति क्विंटल राशि अप्राप्त, किसानों में आक्रोश

धरसींवा/ नवप्रदेश। । भाजपा किसानों की हितैषी बनने की ढोंग करती है। वास्तविकता उसके विपरीत है जिस प्रकार लोक लुभावने बाते भाजपा करती है, लेकिन किसानों की आय दुगुनी बात करते है लेकिन किसानों को हतोत्साहित किया जाता है। जिस प्रकार इस वर्ष किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन, टोकन ऑनलाइन, ऑफ्लाइन बंद करके महीनों परेशान करते रहे। अंतः किसानों के घर की तलाशी लेकर सत्यापन कराने की प्रक्रिया से किसान त्रस्त रहे, अंतिम तीन दिन के लिए अचानक एक साथ टोकन ऑफ्लाइन खोला गया जिससे किसानों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। तब भी अधिकतर किसान धान नहीं बेच पाये। अंतिम 5 एवं 6 फरवरी पुनः खरीदी प्रारंभ किया गया तब भी किसान धान नहीं बेच पाये। ठीक उसी प्रकार बीज उत्पादक किसान अपना धान मेहनत करके उगाते है, बीज उगाने से लेकर रोपाई, निदाई एवं खलिहान में साफ-सुथरा रखने के पश्चात धान बीज निगम को देते है लेकिन भुगतान में काफी लेटलतीफी होती है। पिछले साल के लगभग 7048 किसानों का 45-46 करोड़ का भुगतान 200 रू. प्रति क्विंटल मण्डी बोर्ड का नहीं मिला है। बीज उत्पादक किसान संघ द्वारा लगातार मांग बीज भवन में बीज निगम की एमडी से किया जाता रहा है लेकिन आज तक पिछले साल की राशि अप्राप्त है। इस वर्ष का भी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं हुआ है। जिस बीज उत्पादक किसानों द्वारा मेहनत करके पूरे प्रदेश के लिए धान बीज तैयार किया गया वे ही भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे है।

पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधो वर्मा ने मांग की है कि बीज उत्पादक किसानों की 200 प्रति क्विंटल मण्डी बोर्ड की राशि का भुगतान तत्काल करे। साथ ही इस वर्ष का अग्रिम राशि का शेष भुगतान भी अतिशीघ्र करे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्ट्स मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन

धरसींवा/ नवप्रदेश। । पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पोस्ट्स मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी वी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को 21वी सदी के विद्यार्थी के रूप में तैयार करने के साथ विज्ञान के प्रति आकर्षित करना और उनकी रुचि बढ़ाना, छात्रों की सृजनात्मकता और कल्पना शक्ति को विकसित करना, विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोगों को आम लोगों तक पहुंचाना, छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना एवम विद्यालय में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना और इसके महत्व को उजागर करना हैं।

जीएनए महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव संपन्न

भाटापारा / नवप्रदेश। शासकीय गजानन्द अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफके लिए क्रिकेट, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, स्लो बाइक रेस एवं बोरा दौड़ जैसी विभिन्न रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷खेल जीवन के लिए औषधि के समान हैं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की भावना का भी विकास करते हैं।मंच संचालन का दायित्व राजेश शर्मा द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया गया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने में शुभम यदु एवं सुब्बू मानिकपुरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अंत में प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

न्यूज गैलरी

भगवान दत्तात्रेय की एकमुखी चतुर्भुज विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा

सिमगा/नवप्रदेश। परम पूज्य गुरुदेव सतगुरु श्री अण्णा महाराज जी इंदौर के कर कमलों से दत्तात्रेय सिद्ध शक्तिपीठ सिमगा में भगवान दत्तात्रेय की एकमुखी चतुर्भुज विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवान दत्तात्रेय की भारत इस तरह की पहली और अबतक के एकमात्र मूर्ति की स्थापना के लिए भगवान दत्तात्रेय की राजधानी माने जाने वाले गाणगापुर कर्नाटक के निर्गुण पादुका मठ के मुख्य पुजारी श्री वैभव पुजारी के साथ 4 वेदशास्त्र निपुण आचार्य बुलाये गए थे जिन्होंने तीन दिवसीय यह अनुष्ठान पूरा किया।कलश पूजा के लिए शिव शक्ति आश्रमद्व मंदापुरम के संन्यासी श्री नर्मदामणि महाराज स्वयं पधारे थे जिनके हस्ते मंदिर का कलशारोहण किया गया।कार्यक्रम प्रयागराज से Avdhesh Pareek चित्रकूट से शिव नरेश मिश्रा चित्रकूटधाम गोंदिया से योगी रामनाथ जी , कराड से अरविंद जोशी जी , गोरखनाथ पीठ मनु डोंगर के महंत हरिहर नाथ योगी, एवं दत्त संप्रदाय के ब्रह्मलीन संत जनु मामा के सुपुत्र भूषण अंग्निहोत्री सहित अनेक साधु संत,भगवान दत्तात्रेय के भक्तगण उपस्थित थे।

महेश फाउंडेशन के द्वारा सहराहनी पहल, बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग की लगी भीड़

मेचका सोढ़ूर में 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह वैदिक रीति से संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेचका (सोढ़ूर) में 28 फरवरी को मेचका सोन्दुर ईको पार्क के सामने स्थित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा, शिवलिंग एवं नंदी जी के पावन सान्निध्य में 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। विवाह के दौरान रस्म में जितने भी वर पक्ष को सहयोग समाग्री प्रदान उतना प्रदान किया गया है एवं सामाजिक आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

यह आयोजन हितेश महेश फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्थापक हितेश महेश सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदी पूजन, रुद्राभिषेक एवं रुद्र चंडी यज्ञ से हुआ। आचार्यों एवं पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण तीन दिनों तक भक्तिमय एवं ऊर्जावान बना रहा। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न इन धार्मिक अनुष्ठानों ने आयोजन को दिव्यता प्रदान की।

शनिवार को 11 जोड़ी वर-वधू का विवाह विधि-विधान से कराया गया। समाजसेवा की भावना से प्रेरित इस पहल ने न केवल निर्धन परिवारों की बेटियों को नया जीवन दिया, बल्कि सामाजिक समरसता और सहयोग का प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। विवाह समारोह भगवान शिव की भव्य प्रतिमा एवं शिवलिंग के समक्ष आयोजित होने से कार्यक्रम का आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ गया।

विवाह में सम्मिलित नवदंपतियों ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसी पहल गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। ग्राम पंचायत मेचका के सरपंच जीवन नाग ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह गरीब परिवारों के लिए अत्यंत सराहनीय पहल है। गांव में भगवान भोलेनाथ की भव्य मूर्ति स्थापना एवं इस तरह का आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

संस्थापक हितेश महेश सिन्हा ने बताया कि यह उनके स्वर्गीय पिता की सोच और सपना था, जिसे साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुचुकुंद ऋषि आश्रम पहाड़ की पवित्र भूमि पर 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया है और भविष्य में भी निर्धन परिवारों के सहयोग हेतु ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 34392 कृषकों के बैंक खाते में राशि अंतरित

राजनांदगांव /दैनिक नव प्रदेश। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम के तहत छुरिया विकासखंड के सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में विकासखंड स्तरीय कृषक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के 34392 कृषकों के बैंक खाते में 119.8779 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में खरीफ वर्ष 2025 में समिति में धान विक्रय करने वाले अधिकतम एवं न्यूनतम रकबा वाले कृषकों तथा ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों और उन्नतशील कृषकों को शॉल-श्रीफल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जोशिलमती के कृषक श्री यादव राम साहू ने प्राकृतिक खेती के संबंध में अपने अनुभव साझा किया।

कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि वितरित

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी परिसर में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिल्हा के ग्राम रहंगी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के किसानों के बैंक खातों में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किया। जिले में इस योजना के तहत 01 लाख 05 हजार 700 से अधिक किसानों के खातों में कुल 387 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने किसानों को आदान सहायता राशि मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचने से उनके चेहरों पर खुशियां साफदिखाई दे रही हैं। उन्होंने सभी किसानों को बधाई देते हुए आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसानों को ऋण पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना पड़ता, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलती है। विधायक ने किसानों को धान के साथ-साथ दलहन और तिलहन जैसी अन्य फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने किसान समृद्धि योजना के तहत प्रतिवर्ष 06 हजार रूपए की सहायता राशि मिलने की

जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने किसानों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा किसानों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है। उन्होंने प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार एवं जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, लोकनाथ सिंह, सुनील पाठक, देवचरण भास्कर, डॉ. शिवकुमार बंजारा, शंकर सिंह ठाकुर, संतोष पटेल, राजेश्वर टण्डन, कोटूमल दादवानी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, कृषि उपसंचालक वीना ठाकुर, एसडीएम अजय शतरंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, धान खरीदी नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर, जिला पंजीयक हितेश श्रीवास, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केपी डिंडोरे, सुभाष सोनी तथा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

कृषक उन्नति योजना से बढ़ रही किसानों की आय

बलरामपुर/नवप्रदेश। किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने हेतु शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शासन किसानों को सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में सतत कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से विभिन्न कृषि नीतियों एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में से एक कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के तहत आज 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की अंतर राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई। राशि प्राप्त होने से किसानों में उत्साह का माहौल है तथा उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम महाराजगंज निवासी श्री रामफल एवं मानिकपुर के उमेष पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों को फसलों का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। शासन की किसान हितैषी नीतियों से उनकी आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र विभिन्न चुनौतियों से जुड़ा हुआ है, जहां किसान कठिन परिस्थितियों में परिश्रम कर अपना जीवनयापन करता है। प्रदेश की बड़ी आबादी आज भी प्राथमिक क्षेत्र से जुड़ी है और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में संचालित योजनाएं किसानों के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की ऐसी नीतियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था में समावेशी विकास को बढ़ावा देते हुए प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

जनहितैषी योजनाएं पहुंच रही जन-जन तक

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इन्ही जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने विभाग द्वारा विभिन्न माध्यम से गांवों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम में आए हुए ग्रामीण किसानों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम देखने आए किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी जो पूरी हो रही है यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाया जा रहा कृषक उन्नति योजना किसानों के लिए लाभप्रद है। किसानों ने मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गयी कृषक उन्नति योजना की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत 28.02.2026 को विज्ञान विषय की परीक्षा सरगुजा जिले के कुल 75 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर, जिला सरगुजा द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, केदारपुर, पुहपुटरा, कन्या सीतापुर एवं सरस्वती शिशु मंदिर अम्बिकापुर सहित विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

जिला स्तरीय हृदय जांच शिविर में 172 बच्चों की स्क्रीनिंग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत प्रातः 10 बजे से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल, जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में जिला स्तरीय विशेष हृदय रोग जांच (कार्डियक स्क्रीनिंग) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों एवं चिकित्सकीय दल द्वारा बच्चों की विस्तृत जांच की गई। हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के समस्त विकासखण्डों के चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित बच्चों को जांच एवं उपचार हेतु मातृत्व शिशु अस्पताल लाया गया। शिविर में एम.एम.आई. नारायणा रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत महरिया, प्रबंधक उपेन्द्र शुक्ला, खामेश्वर लहरे, ईको टेक्नीशियन वेदप्रकाश साहू तथा मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. रेलवानी, डॉ. के.आर. टेकाम, एचओडी डॉ. अविनाशी कुजूर, नोडल आरबीएसके डॉ. के.पी. विश्वकर्मा एवं डीईआईसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में 01 वर्ष से 14 वर्ष तक के कुल 172 बच्चों का पंजीयन किया गया। इनमें से 57 बच्चों की सफलतापूर्वक हृदय ईको जांच की गई, जिसमें 30 बच्चों में हृदय रोग के लक्षण पाए गए। चिन्हांकित बच्चों का निःशुल्क सर्जरी हेतु उपचार रायपुर में किया जाएगा। शिविर के दौरान जिले के समस्त विकासखण्डों के चिरायु दल हितग्राहियों के साथ उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर डॉ. सुमन, अस्पताल सलाहकार स्वास्ति शुक्ला तथा डीईआईसी प्रबंधक कमल नारायण सिंह की उपस्थिति में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

आधुनिकता के दौर में फीकी पड़ती परंपराएं

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में आधुनिकता के इस दौर में होली की कई पुरानी परंपराएं विलुप्ति की कगार पर है।आधुनिकता की इस दौर में युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं के प्रति काफी उदासीन दिख रही है। परंपरागत संस्कृति के विलुप्त होने के खतरे से पुरानी पीढ़ी काफी चिंतित है। होली की भी ऐसी कई परंपराएं या तो विलुप्त हो चुकी हैं, या कम हो गई हैं।

होली आने में अब महज 2 दिन बचे हैं, पर होलिका दहन को लेकर इक्का-दुक्का होलिका डांग नजर आ रही है। भारतीय संस्कृति में होली का अलग महत्व है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी को सरस्वती पूजा के साथ ही गांवों में होलिका गड़ जाती है। जिसे कई स्थानों पर होली का डांग गाड़ना भी कहा जाता है। फागुवा के रंग के साथ ही पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से फाल्गुनी मास की मस्ती में लोग डूब जाते हैं। अब होलिका दहन के कुछ ही दिन पहले ही डांग की जगह लकड़ी आदि एकत्र की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इन दिनों एक पताकायुक्त होली का डांग गाड़ दिया जाता है और उसके चारों ओर

झाड़-झंखाड़ व कंडे आदि एकत्र किए जाते हैं। जो लोग इस काम में भाग लेते हैं उन्हें होलियारे कहा जाता है। होली मस्ती और उल्लास का त्योहार है। बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि होली में वास्तव में खेतों के वे झाड़-झंखाड़ ही डाले जाने चाहिए, जो खेतों की फसल कटने के बाद अनुपयुक्त बच जाते हैं और आगे आ रही गर्मी के मौसम की तेज हवाओं के साथ उड़कर किसानों के मार्ग को और दुर्गम बनाते हैं। होलाष्टक लगने के आठ दिन तक होली जोड़ने की परंपरा भी यही है कि झाड़-झंखाड़ खोज-खोज कर एकत्र किए जाएं। समय के साथ परंपराओं में भी बदलाव होते हैं और होली इसका अपवाद नहीं है। ये पुरानी परंपराएं अब गांवों में भी बहुत कम दिखाई देती हैं। शहरों में तो खैर इनका प्रचलन लगभग समाप्त ही हो चुका है। होली में पहले जो उल्लास रहता था, वह उमंग अब नहीं दिख रहा है। पुरान निवासी कृष्णकुमार परिहार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक माह तक ढोलक और चौताल की थाप गूंजती रहती थी। लोग पूरे फाल्गुन में फागुवा गाते थे। आज इलेक्ट्रानिक युग में श्रवण एवं दृश्य के सहारे लोग फगुआ का कृत्रिम आनंद ले रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि बदलते जमाने ने पुरानी परंपराओं को धूमिल कर दिया है। होली में हुड़दंग को देखकर बुजुर्ग आहत हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग भांग का शरबत होली के दिन बड़े ही चाव से पीते व लोगों को पिलाते थे। पर आज होली के दिन देशी एवं विदेशी शराब की नदियां बह जाती है जो पुरानी परंपरा और संस्कृति को भी अपनी ओर बहा ले जा रही हैं। होली की विभिन्न जगहों पर अलग-अलग परंपराएं हैं। इसी में एक है होली में बासी भात व कढ़ी खाने की परंपरा और कुछ जगहो पर गुजिया कुशली, डेहरौरी बनाए जाते है, होली में इसे खाना अनिवार्य माना गया है। पर यह परंपरा भी धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। शहरों एवं आधुनिक परिवारों में तो यह परंपरा करीब-करीब खत्म हो चुकी है। गांवों में कमोवेश यह प्रचलन अभी जीवित है। इसी प्रकार पहले पलाश के फूलों के रंग से होली खेलने की परंपरा थी। बुजुर्गों का कहना है कि कई परंपराएं होली पर्व के अस्तित्व से जुड़ी हैं।

होली की खरीदी से गुलजार बाजार

बाजारों में रंगों के त्यौहार होली मनाने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। किराना दुकाने, कपड़े की दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ नजर आ रही है। त्यौहार में पहले खरीदी जाने वाली आवश्यक चीजों की खरीदी में लोग जुटे हुए है। रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर प्रशासन ने होली के दिन शुष्क दिवस घोषित किया हैं। शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई हैं, परन्तु पीने वालों पर इस प्रतिबंध का कोई विशेष असर नहीं होता। रंगों के इस त्यौहार से पहले ही शहर के मुख्य चौक-चौराहों और सड़कों पर तेज रफ्तार बाइकों का शोर सुनाई देने लगा है। तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाना, बिना हेलमेट फर्राटे भरना और यातायात नियमों की अनदेखी करना आम बात बनती जा रही है। जिससे महिलाएं एवं बुजुर्ग परेशान हो रहे है। होली त्यौहार नजदीक आते ही पिछले एक-दो दिनों से बाजार में भीड़ देखी जा रही है। रंग, गुलाल, पिचकारी, शक्कर की बनी माला हरवा की दुकानें सज गई है। शनिवार को आज बच्चों के साथ महिलाएं भी होली के लिए रंग गुलाल एवं पिचकारियों की खरीदारी करती नजर आई। शहर में होली पर्व नजदीक आते ही युवाओं और बाइकरों में उत्साह चरम पर दिखाई देने लगा है। शहर में विशेष रूप से सायलेंसर मॉडिफाइड बुलेट, तेज रफ्तार गाड़ियां और प्रेशर हॉर्न का उपयोग वाली मोटर साइकिल युवाओं का ट्रेंड बन चुका है। बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिए ये परेशानी का कारण बन रहा है।

आज से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

सक्ती/नवप्रदेश। जल निस्तारी वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण को लेकर कलेक्टर जिला-सक्ती की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिले की नदियों, नालों एवं तालाबों में हसदेव बांयी तट नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ करने की तिथि एवं जल प्रबंधन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निस्तारी व्यवस्था पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, पशुधन एवं दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि 02 मार्च 2026 से नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता हितेंद्र राठौर ने बांध के वर्तमान जल स्तर एवं भंडारण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मिनीमाता बांध का जल स्तर वर्तमान में 355.75 मीटर है तथा उपयोगी जल भराव क्षमता 2246.83 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जो कुल क्षमता का 77.63 प्रतिशत है। कलेक्टर और कार्यपालन अभियंता श्री राठौर ने संयुक्त रूप से इस बात पर जोर दिया कि उपलब्ध जल का संतुलित एवं सुनियोजित उपयोग किया जाए, क्योंकि पानी दिए जाने के उपरांत ग्रीष्म ऋतु (मई-जून) में निस्तारी हेतु जल उपलब्धता सीमित रह सकती है। इसके लिए विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए।

आजीविका मिशन : फूलों से स्व रोजगार

बलरामपुर/नवप्रदेश। रंगों का पावन पर्व होली इस बार जिले में कुछ खास होने जा रहा है। जहां जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भनौरा के गंगा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार कर स्टॉल कर बिक्री कर रही हैं।

समूह में 11 सदस्य हैं, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं का मानना है कि पारंपरिक विधि से बनाए गए प्राकृतिक गुलाल से न केवल

त्वचा सुरक्षित रहती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी पूरी तरह अनुकूल है। महिलाओं ने बताया कि गुलाल बनाने की पूरी प्रक्रिया प्राकृतिक है। इसे तैयार करने में फूलों, सब्जियों का उपयोग किया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभकारी होता है। विभिन्न रंगों के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है। गुलाबी रंग हेतु चुकंदर एवं गुलाब की पंखुड़ियां, पीले रंग के लिए हल्दी एवं गेंदे के फूल, हरे रंग के लिए पालक, नीले रंग के लिए अपराजिता के फूल तथा लाल रंग के लिए टेसू के फूलों का प्रयोग किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से तैयार किया जा रहा यह हर्बल गुलाल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से ईको-फ्रेंडली हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही हैं।

ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के सभी विभागों एवं कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली, ई-एचआरएमएस और स्पैरो पोर्टल से संबंधित बारीकियों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने ई-ऑफिस के अंतर्गत डिस्पैच, पत्राचार, नोटशीट, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग, ई-एचआरएमएस प्रणाली के तहत अवकाश, पदस्थापना आदि का ऑनलाइन प्रबंधन, स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि और मूल्यांकन प्रक्रिया, अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी बस्तियों तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। दूरस्थ वनांचल और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

जिले में विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित

की जा रही हैं। इन यूनिटों के माध्यम से विकासखण्ड बलरामपुर, राजपुर, कुसमी और शंकरगढ़ के सुदूर पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सीधे गांव और बसाहटों तक पहुंचाई जा रही हैं। अब ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के लिए कई किलोमीटर दूर स्वास्थ्य केंद्रों की ओर नहीं जाना पड़ता, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं स्वयं उनके घर के समीप पहुंच रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन जैसे आवश्यक लैब टेस्ट किए जाते हैं। जरूरत पड़ने पर मरीजों को आगे के उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर भी किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा बुजुर्गों की देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 235 बसाहटों में 87 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में कुल 3,678 हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया है।

निरीक्षण सरगुजा संभागायुक्त ने उदयपुर में अनुविभागीय अधिकारी, तहसील एवं जपं कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

किसानों को निशुल्क खसरा, बी-1 और नक्शा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने शुक्रवार को उदयपुर में अनुविभागीय अधिकारी, तहसील एवं जनपद पंचायत कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आमजनों हेतु बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान दुग्गा उदयपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने यहां कार्यालय परिसर का भ्रमण कर अलग-अलग शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार न्यायालय के साथ ही नायब तहसीलदारों के न्यायालयों, नकल शाखा, नाजिर सेक्शन आदि में जाकर रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया।उन्होंने न्यायालय में दर्ज मामले और ऑनलाइन पोर्टल में मामले की एंट्री के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विधिवत पंजियों को संधारित करने, राजस्व प्रकरणों को नियमानुसार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज एवं निराकरण सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने किसानों को निशुल्क खसरा, बी-1, नक्शा वितरण किये जाने कहा। अभियान चलाकर शत-प्रतिशत नक्शा, खसरा, सीमांकन, बटवारा उपरांत नक्शा बंटाकन करने निर्देशित किया तथा कहा कि समय-सीमा में नहीं होने से पक्षकारों के मध्य विवाद की स्थिति होती है। ग्रामीणों की समस्याओं एवं अविवादित प्रकरणों का निराकरण तथा निस्तार पत्रों का विधिवत संधारण किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान श्री दुग्गा जनपद पंचायत उदयपुर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि सभी अधिकारी- कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें, आधार बेस्ड उपस्थित अनिवार्य रूप से लागू हो। उन्होंने सभी शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली, फाइलों की स्थिति और आम नागरिकों से जुड़े कार्यों की प्रगति की बारीकी से जांच की। उन्होंने कार्यालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कार्यालयों में उपस्थित लोगों से की बात

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने कार्यालयों में उपस्थित लोगों ने बात की। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और तत्काल निराकरण के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि कार्यालयों में आने वाले लोगों के लिए समुचित बुनियादी सुविधाएं हो। पेयजल, बैठक, पार्किंग सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

25 वर्षो बाद अपने बीच विधायक जनक ध्रुव पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद

बाजे गाजे के साथ किया ऐतिहासिक स्वागत

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिहड़ जंगल और ओड़िसा सीमा में बसे ग्राम पंचायत गौरगांव के आश्रित ग्राम गेदराबेड़ा एवं लाटापारा में 25 वर्षो बाद पहलीबार आज राविवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव सुबह 11 बजे पहुंचे तो ग्रामीणों की खुशी का ठीकाना न रहा ग्रामीणों ने अपने बीच विधायक को पाकर खुशी से गदगद हो गए और गाजे बाजे और पारम्पारिक रूप से ऐतिहासिक स्वागत किया। लगभग 1 कि.मी. दूर से स्वागत कर पैदल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां विधायक जनक ध्रुव ने रंगमंच भवन निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भुमि पूजन किया। पश्चात् सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे ग्राम सहित आसपास दर्जन भर के ग्रामों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष शामिल होने पहुंचे। गौरगांव के सरपंच चिमन नेताम ने अपने स्वागत संबोधन में कहा 25 साल बाद पहलीबार हमारे इस क्षेत्र के ओड़िसा सीमा से लगे गांव गेदराबेड़ा और लाटापारा में विधायक जनक ध्रुव पहुंचे है जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी खुशी देखने को मिल रही है इस दौरान उन्होने कई समस्याओं से अवगत कराया।

आयोजित कार्यक्रम कों संबोधित करते बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा मैं पिछले दो वर्षो से इस क्षेत्र के सभी ग्रामों में आना चाहता हूँ लेकिन पुलिस प्रशासन अनुमति नही मिल रही थी आज मेरे क्षेत्र के लोगो के बीच पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है उन्होने कहा आने वाले वर्ष तक गौरगांव से लाटापारा तक पक्की सड़क का निर्माण किया जायेगा बारिश के दिनो में इस क्षेत्र के लोगो को आने जाने में भारी परेशानी होती है। घोटियाभर्री एवं गौरगांव में भी रंगमंच निर्माण के लिए घोषणा करते हुए श्री ध्रुव ने कहा इस क्षेत्र के जो भी समस्या है उन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है बीजली लगाने के लिए बजट सत्र में विशेष पहल किया जायेगा इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि 8 गांवो में सौरउर्जा क्रेडा विभाग का बिजली बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है जिस पर विधायक ने तत्काल जिला अधिकारी को फोन कर एक सप्ताह के अंदर सभी जगह क्रेड़ा विभाग द्वारा संचालित बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया है और ग्रामीणों के मांग पर आगामी अप्रेल माह में ओड़िसा के विधायक एवं कलेक्टर तथा गरियाबंद जिले के अधिकारियों के साथ ओड़िसा सीमा के हमारे क्षेत्र के गांव में बैठक रखा जायेगा और ओड़िसा सीमा से लगे ग्रामों में भी ओड़िसा से बिजली लाने पूरा प्रयास किया जायेगा।

श्रीराम मरकाम के नेतृत्व में कई लोगो ने किया कांग्रेस प्रवेश

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के सामने ग्राम लाटापारा में पूर्व जनपद सदस्य श्रीराम मरकाम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रवेश किया और कहा जनक ध्रुव पहले विधायक है जो इस बिहड़ जंगल के गांव में पहुचे है और ग्रामीणों के समस्याओं को सुन रहे है इस दौरान श्रीराम मरकाम एवं कांग्रेस प्रवेश करने वाले लोगो का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, सरपंच चिमन नेताम, जनपद सदस्य रमुलाबाई मरकाम, मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर नेगी, सानबाई मंडावी, हरिशचंद मंडावी, महेश मरकाम, सरपंच शंकर नेताम,भानु नेताम, रामनाथ नेताम, निरंजन नेताम, रामलाल सोरी, चरण कुंजाम, सम्मत मंडावी, प्रभु विश्वकार्मा, लच्छु मंडावी, गोकुल राम मरकाम, कुंवर सिंह परदे, विष्णु नेताम, तिलक राम मरकाम, शिवकुमार एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवक से 50 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम हरनादादर में तालाब किनारे शराब बिक्री कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तालाब किनारे पीपल पेड़ के नीचे हरनादादर में वार्ड-15 दैहानीभाठा निवासी धीरज देवांगन (27) के कब्जे से लगभग 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खाने का पार्सल देने में हुई देरी वेटर को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ढाबा के कर्मचारी से मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। वार्ड नंबर 02 इमलीभांठा महासमुंद निवासी कुमार भोई ने पुलिस को बताया कि वह महानदी ढाबा व रेस्टोरेंट रायपुर रोड में वेटर का काम करता है। 20 फरवरी की शाम 7 बजे वह ढाबा में काम कर रहा था, तभी सुलेमान सिद्दिकी वहां पर आया और खाना पार्सल करने का आर्डर किया, जिसे उसने कुछ देर रूकने कहा, इस पर आवेश में आकर सुलेमान ने गाली-गलौज और मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

खेत में चल रहे जुआ फड़ में छापा, 6 पकड़ाए

महासमुंद/नवप्रदेश। बलौदा पुलिस ने ग्राम सिंगारपुर सड़क किनारे खेत में जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि वार्ड-09 अलावापारा बसना निवासी साहिल खान (23), बड़ेपंधी थाना सरायपाली निवासी अजय भोई (27), बडेंपंधी थाना सरायपाली निवासी देवेंद्र प्रधान (22), पतेरापाली थाना सरायपाली निवासी शरद कुमार प्रधान (51), संजय नगर सरायपाली निवासी समेलाल आदित्य (52), वार्ड 10 उड़ियापारा सरायपाली निवासी दीपक गोयल (42) से नकदी 7270 रुपए बरामद किया गया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

अंचल में पानी की गंभीर समस्या, रोज हो रहे है बोर खनन

तेजी से गिर रहा है वाटर लेवल

धमधा/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। कई गांवों में पानी केवल सीमित समय के लिए ही उपलब्ध हो पा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती दिख रही है।

क्षेत्र में प्रमुख नदियों में आमनेर नदी लगभग सूखने की कगार पर है, जबकि शिवनाथ नदी में जल स्तर काफी कम हो गया है, जिससे गंदगी और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। आसपास के बड़े तालाब और बांध भी तेजी से सूख रहे हैं,

जिससे भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट दर्ज की जा ही है।

अखबार में प्रकाशित तथ्यों के अनुसार, इन दिनों खेत-खलिहानों और ग्रामीण इलाकों में बोर खनन की रफ्तार काफी तेज हो गई है। जहां जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, वहीं बिना किसी ठोस नियंत्रण के बोरवेल की खुदाई जारी है।

जिसपर आज तक रोक नहीं लग पाई है वही पास के जिले बेमेतरा में बोर खनन को प्रतिबंध लगा दिया गया है।

प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

रिपोर्ट के अनुसार, अब तक प्रशासन द्वारा बोर खनन पर किसी प्रकार का प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। जबकि समीपस्थ बेमेतरा जिला में जनवरी माह से ही बोर खनन पर रोक लगा दी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भू-जल संरक्षण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई और वर्षा जल संचयन, तालाब गहरीकरण तथा अवैध बोर खनन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है।

खेत-खलिहानों में बेधड़क बोर खनन

बोर खनन के रेट में भी वृद्धि देखी गई है। पिछले वर्ष जहां बोर खुदाई का रेट लगभग 80 रुपये प्रति फीट बताया गया था, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर करीब 95 रुपये प्रति फीट तक पहुंच गया है। इसी प्रकार केसिंग पाइप का रेट 300 रुपये से बढ़कर लगभग 350 रुपये तक बताया जा रहा है।

जल संरक्षण की आवश्यकता

पूरे जिले में भू-जल संरक्षण के लिए व्यापक योजना की जरूरत है। जल स्रोतों के पुनर्जीवन,गर्मी धान बोवाई में रोक,अवैध पेड़ कटाई पर रोक, तथा अनियंत्रित बोर खनन पर सख्ती जैसे कदम ही भविष्य में जल संकट को टाल सकते हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते सख्त निर्णय लिए जाएं, अन्यथा अंचल में पानी की गंभीर समस्या और गहरा सकती है।

ग्राम व्यवस्था समिति का गठन, विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारी निर्वाचित

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम फरसिया में ग्राम व्यवस्था समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष पद पर श्री सुभाष कश्यप को निर्वाचित किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी प्रदीप सोन को सौंपी गई, वहीं उपाध्यक्ष पद पर भीम सिन्हा तथा कोषाध्यक्ष पद पर अजीत सिन्हा को चुना गया।

इसी प्रकार उत्सव समिति के गठन में अध्यक्ष पद पर भारत लाल साहू, उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर कश्यप, सचिव पद पर युवराज निषाद, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कश्यप एवं सह सचिव पद पर किशुन यादव को दायित्व सौंपा गया।देव समिति के अध्यक्ष पद पर सिन्हा तथा उपाध्यक्ष पद पर कोमल धुव को सर्वसम्मति से चुना गया। जिसमे नव निर्वाचित पदाधिकारियों को ग्रामवासियों ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे गांव के विकास, सामाजिक समरसता एवं धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

अवैध सागौन के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ चिरान लकड़ी व फर्नीचर जब्त

कसडोल/नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम ने अवैध सागौन कटान एवं चिरान के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई।

अवैध सागौन के चिरान तथा उससे निर्मित फर्नीचर बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। अर्जुनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेली एवं सुकली से अवैध लकड़ी संबंधी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए वन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही थी तथा मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचनाएं संकलित की जा रही थीं। प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा दोनों गांवों में सघन दबिश एवं तलाशी अभियान संचालित किया गया। ग्राम सुकली में भी तलाशी की कार्रवाई की गई तथा प्रकरण में आगे की जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू, डब्बू साहू, सुश्री मीनाक्षी साहू,सुश्री रुपेश्वरी दीवान तथा वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

गांजे के साथ यूपी का 3 तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने गांजे की तस्करी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपयों के कब्जे से 30 किलो गांजा और दो कार जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 16 एजेड 0895 एवं पायलेटिंग करते अर्टिगा वाहन क्रमांक यूपी 87 जेड 4914 को रेहटीखोल में रोककर पूछताछ की गई। इन कारों में बैठे लोगों ने नाम-पता बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र निवासी हाशिम अली (40), बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र निवासी नौशाद मियां (45) और बेहटाधोरिका थाना सहावर जिला कासगंज उप्र निवासी कृपाल सिंह (40) बताया।

खरोरा हत्याकांड का खुलासा : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर रची साजिश

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मांठ में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। इस मामले में मृतक की पत्नी ही मुख्य साजिशकर्ता निकली, जिसने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने के लिए दर्दनाक साजिश रची। आरोपियों ने हत्या को हादसा दिखाने के लिए थार वाहन से युवक को कुचल दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मांठ स्थित सगौन वाटिका में कुछ दिन पहले एक युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की स्थिति को देखते हुए मामला हत्या का मानकर जांच शुरू की।

पत्नी ने अपना कबूला जुर्म आपको बता दें कि, मृतक की पहचान किशोर सारथी के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को मृतक की पत्नी की गतिविधियों पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर पत्नी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसका लिलेश कुलदीप नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी उसके पति किशोर को हो गई थी। इस बात को लेकर घर में आए दिन विवाद होता था।

पति का काम तमाम करने के लिए की ऐसी प्लानिंग

पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने अपने प्रेमी लिलेश कुलदीप और उसके दो साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा। योजना के तहत पत्नी ने रात करीब 9 बजे किशोर को यह कहकर घर से भेजा कि वह ग्राम बिटिया से उसकी बहन को ले आए। उधर, सगौन वाटिका के पास थार वाहन में पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी किशोर का इंतजार कर रहे थे।

हत्या को सड़क दुर्घटना के रूप में किया पेश जैसे ही किशोर मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचा, आरोपियों ने पहले उसकी बाइक को टक्कर मारी और फिर थार वाहन से उसे कुचल दिया, ताकि हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप दिया जा सके। इस दर्दनाक वारदात में किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

नगरी नगर चौक में होली की रौनक

नगरी /नवप्रदेश। होली पर्व की आहट के साथ ही नगरी नगर के बजरंग चौक एवं बस स्टैंड चौक चौराहे पर बाजारों में उत्साह और रौनक बढ़ने लगी है। होली से पूर्व नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थित दुकानों में रंग-गुलाल, पिचकारी, अबीर तथा विभिन्न प्रकार की होली सामग्री आकर्षक ढंग से सजाई गई है। दुकानों के बाहर की गई रंग-बिरंगी सजावट और नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र त्योहार के रंग में रंगा नजर आ रहा है। जिसमे लोगों द्वारा गांव गांव नगर में बुधवार को होली पर्व मनाया जायेगा जिसमे दिन रविवार को नगर के चौक-चौराहों पर छोटे-छोटे बच्चे और युवा वर्ग रंग-बिरंगी पिचकारियों व गुलाल की खरीदारी करते दिखाई दिए। वहीं व्यापारी भी ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की होली सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। नगर चौक का माहौल पूरी तरह होलीमय हो चुका है और लोग आपसी भाईचारे, हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ पर्व की तैयारियों में जुटे हुए है।

नगरी में 'आदर्श होली' व 'कुरीति उन्मूलन' का भव्य शंखनाद

■ व्यसन मुक्त समाज निर्माण का लिया गया सामूहिक संकल्प

■ दो समर्पित साधकों का मनाया गया जन्मोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा नगरी द्वारा युग निर्माण योजना के सप्त आंदोलनों के अंतर्गत 'आदर्श होली महोत्सव' एवं 'व्यसन मुक्ति, कुरीति उन्मूलन महाअभियान' का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक जागरूकता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक विचारधारा का प्रसार तथा मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना रहा।

जन्मोत्सव के साथ हुआ आध्यात्मिक शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध ट्रस्टी श्री रमेश सार्वा के निवास पर हुई, जहाँ उनके तथा निष्ठावान कार्यकर्ता श्री मदन सेन के जन्मदिवस को सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया गया। उपस्थित परिजनों ने दोनों समर्पित व्यक्तित्वों के सरल स्वभाव, सेवा भावना और गुरु-निष्ठा की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित साधकों ने उन्हें प्रेरणा स्रोत बताते हुए समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने का संकल्प व्यक्त किया।

शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अखिल विश्व गायत्री परिवार के शक्तिपीठ नगरी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युग संदेशों के साथ आकर्षक झांकियाँ शामिल रहीं। जिसमे शोभायात्रा में भगवान नरसिंह नाथ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रैली जब बजरंग चौक पहुँची, तब नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए होली पर्व पर नशामुक्त और आदर्श होली मनाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर स्वस्थ और संस्कारित समाज निर्माण में सहभागिता की अपील की।

धर्मसभा में लिया गया सामूहिक संकल्प : राजबाड़ा चौक पहुँचकर रैली एक धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। विभिन्न समाज प्रमुखों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यसन मुक्त, कुरीति रहित समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाने बैठक संपन्न

छुईखदान/नवप्रदेश। होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से छुईखदान थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार है, इसे प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या अव्यवस्था की स्थिति में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। तहसीलदार ने

आमजन से अपील की कि त्योहार के दौरान शासन-प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

वहीं थाना प्रभारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि होली के दौरान शराब पीकर हंगामा करने वालों, सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव मचाने वालों तथा तेज रफ्तार व स्टंट के साथ बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती रंग लगाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, तेज आवाज में डीजे बजाना एवं शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रथम पेज का शेष

बोत्सवाना से भारत की...

क्वारंटीन बाड़ों में विशेषज्ञों की निगरानी में रखा जाएगा। संरक्षण विशेषज्ञों के अनुसार तीन अलग-अलग देशों के चीतों का संगम इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए एक निर्णायक चरण साबित होगा।

कूनो नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट चिता को सफलता की कहानी और सुनहरी हो गई है। गामिनी ने 18 फरवरी को तीन नहीं बल्कि चार शावकों को जन्म दिया था। मॉनिटरिंग टीम पशु चिकित्सकों ने निगरानी की तो चौथा शावक भी दिखा। यह दामिनी का दूसरा मौका है जब उसने परियोजना को नई ताकत दी है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने सोशल मीडिया पर शावक की जानकारी शेयर की थी। आपको बता दें 17 सितंबर साल 2022 को नामीबिया से 8 चीते आए थे तो वही 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते भारत की सरजमीन पर उतरे थे।

महासमुंद में 15 नक्सलियों...

कमेटी से जुड़े हुए थे। आत्मसमर्पण करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक है, जो नक्सल संगठन में उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

पांच दिन पहले पत्र लिखकर किया था ऐलान: उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय सीपीआई (माओवादी) बलांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन के 15 नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने का ऐलान किया। पश्चिम सब ब्यूरो सचिव 'विकास' ने गृह मंत्री विजय शर्मा को विस्तृत पत्र भेजकर कहा है कि सभी सदस्य मुख्यधारा में जुड़ने के लिए तैयार हैं और सरकार से रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। गृह मंत्री ने भी आश्वासन दिया है कि सरकार पुनर्वास नीति पर पहले से काम कर रही है और जल्द ही वीडियो संदेश जारी करेंगे।

अटल बाजार बसाने लाखों...

के लिए दुकानें बनवाकर उन्हें आबाद करने की बात कही गई थी। कुछ साल बाद इसकी कीमत और बढ़ा दी गई। दुकानें भी बढ़ाई गईं। इसके चलते इसकी लागत 30 और 40 लाख रुपए तक पहुंच गई। योजना के तहत तहत हर दुकान में शेड, बाथरूम, पानी की समुचित व्यवस्था करवाकर गांव के मैदान में लगने वाले बाजार को यहां शिफ्ट करवाना था। पर आबाद आज तक नहीं हुए हैं।

अफसर भूल गए अटल बाजार को बसाना

जिला पंचायत द्वारा दुकानों के आबंटन के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अफसर अटल बाजार का लाखों रुपए में निर्माण कराकर भूल गए हैं। गांव के लोग भी ज्यादा किराया नहीं देना चाहते, क्योंकि कई गांवों में बाजार का ज्यादा चलन नहीं है। नीलामी की प्रक्रिया भी काफी जटिल है। दुकानों की नीलामी नहीं किए जाने के कारण लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। कई दुकान तो काफी जर्जर स्थिति में है।

2 ट्रकों की टक्कर, जिंदा....

ट्रक में सरिया लोड था। वह बालोद से जामपाली की ओर जा रही थी। दोनों गाड़ियों के ड्राइवरों ने पहले गाड़ी निकालने के चक्कर में आमने सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि, कुछ ही मिनटों में दोनों गाड़ियों में आग लग गई। दोनों वाहनों के ड्राइवर केबिन में अंदर फंस गए थे। उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका।

फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

इनमें एक ट्रक ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत की पुष्टि हो चुकी है। मृतक की पहचान कमलेश प्रसाद देवांगन (52) के रुप में हुई है। वह सूरजपुर का रहने वाला था, विपुल कंपनी में कार्यरत था। दूसरे ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई थी।

जिले के 1,06,830 किसानों को 407.89 करोड़ रु की आदान सहायता राशि अतंरित

n किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं कारगर सिद्ध हो रही हैं : विधायक ललित चंद्राकर

दुर्ग/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजना के तहत आज प्रदेश के 24.28 लाख किसानों को आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। विकासखण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कुल 10,324.84 करोड़ की राशि डीबीटी माध्यम से किसानों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया और मुख्यमंत्री हितग्राहियों से संवाद भी किए। जिले में दुर्ग, धमधा और पाटन विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जिले के कुल 1,06,830 कृषकों को लगभग 407.89 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। इसमें विकासखण्ड दुर्ग के 25,057 किसानों को 8,703.03 लाख रुपए, पाटन के 44,122 किसानों को 16,995.87 लाख रुपए

और धमधा के 37,651 किसानों को 15,090.54 लाख रुपए की राशि शामिल है। दुर्ग विकासखण्ड के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कृषक उन्नति योजना को सम्बोधित करते हुए ललित चंद्राकर ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों के लिए यह खुशी और गर्व का अवसर है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी पहल की गई है। किसानों को मोबाइल और अन्य माध्यमों से मौसम और वर्षा की जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे वे अपनी खेती का कार्य योजनाबद्ध तरीके से करते हैं। राज्य सरकार द्वारा उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भी कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के किसानों के खाते में अंतरित की गई राशि पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और इसकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुई।

इसी प्रकार विकासखण्ड पाटन के डॉ. खूबचंद बघेल भवन में लोकसभा सांसद विजय बघेल, विकासखण्ड धमधा के मंगल भवन बानबरद अहिवारा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व सिल्ली थॉमस, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू व प्रिया साहू, सुरेन्द्र कौशिक, सीईओ सुनील वर्मा उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

n सभी पदाधिकारी गंभीरता से जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करेंगे : मुकेश चंद्राकर

भिलाई नगर। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर द्वारा प्रस्तावित जिला कार्यकारिणी की सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अनुमोदित कर दिया है। कार्यकारिणी में एक कोषाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्यों को जगह मिली है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने शनिवार 28 फरवरी को सूची जारी की है। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि उनकी कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद पर सुजीत कुमार साहू को नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मेरिक सिंह, मुकुंद भाऊ, राधेकांत मिश्रा, नंदकुमार कश्यप, गिरी राव, कमलेश देवांगन, टेकराम डड़सेना, डी कामराजू, तुलसी पटेल, पंकज पाल, अशोक साहू व केशव चौबे को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर राजेश साहू, भूपेंद्र यादव, लालचंद वर्मा, प्रभाकर जनबंधु, संगीता मिश्रा, राजेंद्र रजक, दर्शन सिंह, मोहम्मद रफीक, भुवनेश्वरी रानी, राजेश चौधरी, शमशेर सिद्दीकी, इमरान अंसारी, निरंजन बिसाई, संजय विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिन्हा, आनंद डोगरे, सुमित पवार और विनोद यादव को शामिल किया गया है। सचिव पद पर शिव सिंह, राजकुमार देशमुख, तनु चंद्राकर, कीर्ति लता वर्मा, पवन कोसरे, चुम्मन देशमुख, अमृत पाल सिंह, दुर्गेश ताम्रकार, नेहा साहू, अली हुसैन सिद्दीकी, स्वप्निल जैन, आशीष गौतम, शिखा राय सिंह, डी नारायण, दीपांशु वर्मा, आशीष शुक्ला, समीर साहू, शोएब मोहम्मद, सोनिया देवांगन और अंजू सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य - प्रमोद प्रभाकर, अरविंद ताम्रकार, अनुसूईया मरकाम, धर्मेंद्र कृष्णानी, सोसन लोगन, विभा शर्मा, गौरव श्रीवास्तव, जितेश बंजारे, आशीष गुप्ता और गिलौरी एंथोनी को शामिल किया गया है। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उनका कहना है कि सभी पदाधिकारी गंभीरता से जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करेंगे। हम सभी अपने वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

फर्जी दस्तावेजों से 55 लाख की ठगी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में 55 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन के सौदे में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ठगी की गई थी। दुर्ग के पटवारी हल्का क्रमांक 20 कातुल बोर्ड में आरोपियों ने खसरा नंबर 144/7 और 144/03 की भूमि को बेचने की साजिश रची थी। यह जमीन राजस्व रिकॉर्ड में संदीप जैन और अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है। आरोपियों ने पीड़ित ज्ञानेश्वर सिंह को विश्वास में लिया और 24 जनवरी 2020 को इकरारनामा किया। उन्होंने ज्ञानेश्वर सिंह से नकद और बैंक खाते के माध्यम से अलग-अलग किश्तों में कुल 55 लाख रुपए ले लिए। आरोपियों ने असली भूमि स्वामियों के नाम से फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाए थे। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आईसीआईसीआई बैंक में एक खाता खुलवाया गया और ठगी की पूरी रकम उस खाते से निकाल ली गई। पीड़ित को लंबे समय तक इसकी भनक नहीं लगी। जब जमीन के कागजातों की वास्तविकता सामने आई, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। शिकायत पर सुपेला थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में आरोपी कुलदीप सिंह सोनी और जोगी सिंह सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। अब पुलिस ने तीसरे आरोपी अजमेर सिंह (60) निवासी कल्पतरू अपार्टमेंट, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली, थाना नेवई, जिला दुर्ग को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड और बैंक से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

दुर्ग। रसमड़ा स्थित रायपुर स्टील प्लांट के सामने ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा दोस्त बाल-बाल बच गया। शुक्रवार को ग्राम सलोनी निवासी ऐमंत साहू अपने साथी के साथ बाइक से रसमड़ा स्थित एएस ग्लोबल फेब्रिकेशन कंपनी जा रहा था। बाइक ऐमंत चला रहा था और उसका दोस्त पीछे बैठा था। दोनों रोज इसी बाइक से कंपनी आते-जाते थे। रायपुर स्टील प्लांट के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने बताया कि ड्राइवर ट्रक को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। ट्रक की टक्कर से पीछे बैठा युवक बाहर की ओर जा गिरा, जबकि ऐमंत ट्रक के नीचे की ओर फंस गया।

बिजली खंभों, विद्युत लाइनों और ट्रांसफर्मरों के आसपास न करें होलिका दहन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाइनों और ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन व रंगों की बौछार न करने की अपील की गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता और शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा।

शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव : मंत्री देवांगन

n छत्तीसगढ़ के निर्माण व समृद्धि में देवांगन समाज का महत्वपूर्ण योगदान : विधायक चंद्राकर

रिसाली/नवप्रदेश। गत दिवस रिसाली प्रगति नगर स्थित परमेश्वरी भवन में देवांगन जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में देवांगन समाज के गौरव कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन व दुर्ग ग्रामीण विधायक राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ट और प्रतिभावान बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सामाजिक पत्रिका का विमोचन किया गया।

छग की समृद्धि में देवांगन समाज का बड़ा योगदान

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता है। छत्तीसगढ़ के निर्माण व समृद्धि में देवांगन समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में समाज के उत्थान हेतु बुनकरों का कर्ज माफकरने के साथ-साथ उनके उत्थान हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई गईं थीं। विष्णुदेव सरकार द्वारा निचले स्तर तक योजनाओं के पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्र में देवांगन समाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि देवांगन समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है। शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है। समाज के विकास के लिए एकता जरूरी है। समाज वही जिसमें सब समाहित हो जाए। आज समाज के उत्थान के लिए परस्पर एक दूसरे का सहयोग व कुछ पुरानी रूढ़िवादी विचारों व परंपरा का त्याग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज की संस्कृति और परंपरा बहुत समृद्ध है। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना होगा और आगे बढ़ाना होगा। अपने समाज के लोगों को जागरूक करना होगा और उन्हें हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना होगा।

कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, अध्यक्ष रामानंद देवांगन, तुलसी साहू, सचिव सोहन लाल देवांगन, कोषाध्यक्ष रेशम देवांगन, डॉ. मनीष, डॉ. सूर्य मंगल, राजेश देवांगन, शंकर देवांगन, भूषण देवांगन, महिला अध्यक्ष कल्पना देवांगन, महेन्द्र देवांगन, चंद्रकुमार देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, पार्षद मनीष यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, अजीत चौधरी सहित देवांगन समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भारतमाला प्रोजेक्ट के जैक पाइप चोरी : एफआईआर दर्ज

n उतई एरिया में लोहे का जैक पाइप चुरा कर ले गए थे दोनों युवक

भिलाई/नवप्रदेश। उतई क्षेत्र के उमरपोटी ग्राम में भारत माला रोड का निर्माण जारी है। बीती रात करीब 9 बजे पुल के नीचे ईंट भट्ठा के पास रखे निर्माण सामग्री की चोरी की शिकायत की गई है। प्रोजेक्ट इंचार्ज ने साइट से लोहे का सामान चोरी होने पर दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रोजेक्ट के एचआर नागेन्द्र शर्मा ने उतई थाना में दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि ईंट भट्ठा के पास पुल के नीचे जैक पाइप और शटरिंग प्लेट खुले स्थान पर रखे थे। रात करीब 9 बजे सामान गायब हो गया। आसपास के लोगों ने हितेश निवासी रिसाली और सीनू निवासी सेक्टर-5 भिलाई नगर को सामान ले जाते हुए देखा था। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 10 हजार है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उतई ने कहा कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

भतीजी ने चुराए थे सवा 4 लाख के गहने

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर क्षेत्र में पिछले दिनों घर से जेवर चोरी होने के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दो नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश कर संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 4,23,700 रुपए के आभूषण और कैश बरामद किया गया है। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में स्वामी मंडावी निवासी रामनगर मुक्तिधाम ने 22 फरवरी को मकान में आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर शिकायतकर्ता की नाबालिग भतीजी से पुलिस ने पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि चोरी किए गए आभूषण को बेचने के लिये उसने अपने दोस्त रंजीत वर्मा को दिए थे।

पुलिस ने कृष्णा नगर सुपेला निवासी रंजीत वर्मा (19) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी के आभूषण अन्य साथियों को बेचने की बात मान ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सोने का नेकलेस (कीमत 2,50,000 रुपए), सोने का मंगलसूत्र (कीमत लगभग 1,70,000 रुपए) और 3,700 रुपए कैश बरामद किया।

स्कूल में रेत, मिट्टी, सीप-शंख और बीजों की प्रदर्शनी

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में विभिन्न प्रकार के चट्टानों, रेत, मिट्टी, कोरल, सीप, शंख और बीजों की प्रदर्शनी लगाई गई है। विद्यार्थियों की सृजनशीलता और स्वयं करके सीखने की प्रवृति बढ़ाने के उद्देश्य से प्राचार्य वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन और व्याख्याता प्रतिमा भारद्वाज के निर्देशन में प्रदर्शनी लगाई गई है।

विद्यार्थियों ने लगभग 150 किस्म के बीजों का संग्रहण किया है। विभिन्न प्रकार के फूल, फल , साग-सब्जी, खाद्यान्न, दलहन-तिलहन शामिल है। सामाजिक विज्ञान विषय में विद्यार्थियों को अपने आसपास के परिवेश से जोडने और अपनी संस्कृति को जानने के लिए हर साल विशेष विषय को लेकर शिक्षा सत्र के प्रारंभ से प्रोजेक्ट वर्क दिया जाता है। इस वर्ष का विषय बीज संग्रहण है। चट्टानों, रेत, मिट्टी, कोरल, सीप, शंख का संग्रहण खुद प्राचार्य द्वारा किया गया है। लगभग 90 किस्म के पत्थर, 42 प्रकार के कोरल और सीप, 24 स्थानों के अलग-अलग रंग के समुद्री, नदी, मरुस्थलीय और पहाड़ी रेत और मिट्टी शामिल है । प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने बताया कि बीजों और चट्टानों का संकलन विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण प्रेम और रचनात्मकता को विकसित करता है। यह गतिविधि उन्हें प्रकृति के निकट ले जाकर सीखने को आनंददायक और सार्थक बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी अभी तीन-चार दिन लगाई जाएगी। व्याख्याता भारद्वाज ने कहा प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में जैव विविधता की समझ बढ़ेगी। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होगा। शुभी, स्नेहा यादव, सुहानी, नंदनी, कान्हा, अरमान, निशांत, कार्तिक ने बताया कि उन्हें बीजों के संग्रहण में बड़ा आनंद आया। वे संकलन का कार्य वर्ष भर करते रहे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राकेश नागदेव वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों की समझ बढ़ती है और सीखना-सिखाना आसान हो जाता है।

सेवा सदस्यों को 1 मार्च से 30 लाख का दुर्घटना बीमा कवरेज

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी में कार्यरत कार्मिकों की प्रमुख कल्याणकारी संस्था, स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) समय-समय पर अपने सदस्यों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत 13 जनवरी को सम्पन्न सेवा शासी निकाय की विशेष बैठक में दुर्घटनाजनित निधन होने पर सामूहिक बीमा कवरेज करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बीमा कंपनी नेशनल एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 1 मार्च से 28 फरवरी (एक वर्ष) की अवधि के लिए बीमा कराने का निर्णय लिया गया है।

बीमा पॉलिसी के अंतर्गत प्रत्येक सेवा सदस्य को 30 लाख रुपए का बीमा कवरेज मिलेगा। बीमा प्रीमियम प्रति सेवा सदस्य रु 1475 (जीएसटी सहित) निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में यह 295/- कम है। पिछले वर्ष भी बीमा कवरेज 30 लाख रुपए ही था।

आज 28 फरवरी को एक साधारण समारोह में ईडी एचआर सभागार में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार द्वारा 1,81,95,600 रुपए का चेक बीमा कंपनी को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) समीर गुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी (एचआर) व अध्यक्ष (सेवा) जे एन ठाकुर, उपाध्यक्ष (सेवा) बृज बिहारी मिश्रा, उप महाप्रबंधक (एचआर-कर्मचारी सेवाएँ) एवं सचिव (सेवा) मनीष पंत, उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) एवं कोषाध्यक्ष (सेवा) एन आशा, महाप्रबंधक (एचआर सचिवालय) सौमिक डे, महाप्रबंधक (एचआर - मील सर्विसेस एंड वेलफेयर) संजय द्विवेदी, पीटर एस आनंद, आदित्य दुबे, हरी राम यादव सहित अन्य सेवा शासीनिकाय के सदस्य एवं बीमा कंपनी के पदाधिकारी सुरेश साहू, सुनील देवांगन, जितेंद्र कोहली उपस्थित थे।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

दुर्ग/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने अशरफनगर तकियापारा के एक मकान में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सट्टेबाज भारत बनाम साउथ अफ्रीका क्रिकेट मैच पर दांव लगवा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 2 लाख 70 हजार 500 रुपए की सामग्री और कैश जब्त की गई है।

पुलिस को 22 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अशरफ नगर के एक मकान में भारत-साउथ अफ्रीका मैच पर ऑनलाइन सट्टा चल रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल मकान की घेराबंदी कर दबिश दी। मकान के ऊपरी कमरे में एक एलईडी टीवी पर लाइव मैच के दौरान आरोपी मोबाइल के जरिए लोगों से संपर्क कर ऑनलाइन सट्टा खिला रहा था। पुलिस को देखते ही एक आरोपी मौके से फरार हो गया। दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर मैच पर दांव लगवा रहे थे। पुलिस ने मौके से एक लैपटॉप, एक एलईडी टीवी, चार मोबाइल फोन, एक डीवीआर, चार्जर, जियो सेटअप बॉक्स और वाई-फाई उपकरण जब्त किए। इसके अलावा 5000 रुपए कैश और एक रजिस्टर भी मिला है।

जब्त सामग्री की कुल कीमत 2 लाख 70 हजार 500 रुपये आंकी गई है। रजिस्टर में सट्टे के लेन-देन का विस्तृत विवरण दर्ज था। प्रारंभिक कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। बाद में पुलिस ने फरार आरोपी साहिल कुरैशी उर्फ सोनू का पता लगाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। अब तक कुल तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं, और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों में सोहेल अहमद खान उर्फ मामू (35), निवासी अशरफनगर तकियापारा, संतोष कुमार गोंड (38), निवासी रूआबांधा कुंदरापारा, भिलाई, साहिल कुरैशी उर्फ सोनू (30) निवासी अशरफ नगर तकियापारा, दुर्ग शामिल हैं।

विधायक के प्रयासों से क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात नया निगम भवन, 1000 सीटर ऑडिटोरियम और नंदिनी रोड का होगा कायाकल्प

वैशालीनगर क्षेत्र में 43.4 करोड़ के विकास प्रस्ताव बजट में शामिल

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ विधायक रिकेश सेन को बड़ी सफलता मिली है। उनके द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर त्वरित अमल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना मद से 43.4 करोड़ रुपये के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस बड़ी उपलब्धि पर विधायक रिकेश सेन ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। विधायक सेन ने बताया कि नगरीय निकाय अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत भिलाई के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निगम भिलाई के सुव्यवस्थित संचालन और जनता की सुविधाओं के लिए नए भव्य कार्यालय भवन निर्माण हेतु 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक 1000 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। ?साथ ही प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम के अंतर्गत पहुँच मार्ग, विद्युतीकरण तथा एकीकृत खेल परिसर हेतु पहुँच मार्ग एवं नाली निर्माण के लिए 5.5 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। एसीसी चौक से पावर हाउस चौक तक नंदिनी रोड के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 2.9 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जिससे यातायात सुगम होगा। वैशाली नगर की जनता से किया हर वायदा मेरा संकल्प है। 43.4 करोड़ के ये कार्य भिलाई की तस्वीर बदल देंगे। नया निगम भवन और विशाल ऑडिटोरियम हमारे शहर की नई पहचान बनेंगे। सेन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभारी हूँ जिन्होंने वैशाली नगर के विकास को प्राथमिकता दी। इन कार्यों के धरातल पर उतरने से न केवल शहर का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में भी बड़ा सुधार आएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया जल्द पूर्णकर निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शुरू कराएं।

नवा भिलाई' की दिशा में मील का पत्थर

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में प्रस्तुत प्रदेश के वार्षिक बजट को भिलाई और विशेष रूप से वैशाली नगर विधानसभा के लिए 'सौगातों का पिटारा' बताया है। बजट की सराहना करते हुए श्री सेन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भिलाई की महानगरीय छवि को निखारने के लिए खजाना खोल दिया है। श्री सेन ने कहा कि बजट में भिलाई के यातायात को सुगम बनाने के लिए नए फ्लाईओवर और अंडरब्रिज के निर्माण हेतु जो राशि आवंटित की गई है, उससे वैशाली नगर की जनता को वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वैशाली नगर क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए नए शासकीय कॉलेज और कौशल विकास केंद्रों की स्थापना के निर्णय का उन्होंने स्वागत करते हुए कहा कि इससे हमारे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। जिला अस्पताल और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और नई चिकित्सा मशीनों के लिए किए गए प्रावधानों को उन्होंने ऐतिहासिक बताया।

मंगला अपार्टमेंट में भीषण आग, दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला क्षेत्र स्थित गजमोहिनी अपार्टमेंट के निचले हिस्से में रविवार सुबह करीब 5 बजे भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट में कुल 48 फ्लैट हैं। हालांकि, कितने परिवार रह रहे हैं इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

अपार्टमेंट में गोदाम चलाना नियम विरुद्ध

प्राथमिक जांच में सामने आया कि रिहायशी अपार्टमेंट का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा गोदाम संचालित था। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि रिहायशी अपार्टमेंट में गोदाम चलाना नियम विरुद्ध है। संचालकों से दस्तावेज मांगे जाएंगे, नियम उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कमिश्नर ने शहर के सभी अपार्टमेंट का सर्वे कराने की बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

भूतल गोदाम में तब्दील

अपार्टमेंट और बड़े प्रतिष्ठानों की पार्किंग से कब्जा हटाने का अभियान पहले चल चुका है। भारी पेनाल्टी भी लगी। फिर गजमोहिनी परिसर पर नजर क्यों नहीं पड़ी? चर्चा यह भी है कि परिसर के मालिक अरुण अग्रवाल और मनन अग्रवाल ने भूतल को गोदाम में तब्दील कर दिया। अनुमति ली गई थी या नहीं—इस पर स्पष्ट जवाब नहीं मिला। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे से संपर्क का प्रयास हुआ।

लाखों का सामान जलकर खाक

आग से लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गया। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। घटना के बाद इलाके में दहशत है। शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है, नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फायर अधिकारियों ने बताया कि गोदाम बड़ा है, अंदर जाने का रास्ता संकरा है। धुआं, तेज गर्मी के कारण प्रवेश मुश्किल रहा। दीवार तोड़कर अंदर पहुंचने की कोशिश की गई। आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, पूरी तरह नियंत्रण की प्रक्रिया जारी है।

धुआं दिखते ही मची भगदड़

सुबह सबसे पहले नीचे काम कर रहे कर्मचारियों ने धुआं उठते देखा। प्रत्यक्षदर्शी दिनेश कुमार मिश्रा के अनुसार, शुरुआत में हल्का धुआं था, कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना दी गई, तब तक लपटें तेजी से फैल चुकी थीं। मौके पर तत्काल पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था। लोगों की संख्या भी कम थी, इसलिए शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके। सूचना के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ।

न्यूज गैलरी

रोटरी क्लब क्वींस ने किया ब्रजरास रंगोत्सव का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस ने 28 फ़रवरी शनिवार को गोविंदम पैलेस में एक फ़ंडराइज़र इवेंट 'ब्रजरास रंगोत्सव 'का आयोजन किया ,जिसमे राधा कृष्ण के साथ वृंदावन के जैसी फूलों की होली खेली गई ।इस कार्यक्रम में टिकट से प्राप्त फण्ड के द्वारा कैंसर सरवाइवर की सहायता के लिए संचालित संस्था स्पन्दन सोसाइटी को सहायता देनी थी, क्लब के द्वारा इस संस्था को इनक्यावन हज़ार का चेक दिया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीना साव तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में महापौर पूजा विधानी , प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय उपस्थित रही। कार्यक्रम ब्रज की होली की थीम पर आधारित था, जिसमे कलाकारों ने राधा कृष्ण के रूप में रासलीला की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में क्लब के द्वारा सभी को हर्बल गुलाल और फूल दिए गए, ढोल और डीजे के संगीत में लोंगो ने होली खेलते हुए डांस किया और इस रंगोत्सव में 300 से ज़्यादा लोगों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया। रोटरी बिलासपुर क्वींस हर वर्ष इस प्रकार के चैरिटी कार्यक्रम के द्वारा समाज सेवा का कार्य करती है और इस वर्ष उन्होंने कैंसर सर्वाइवर्स के लिए कार्य किया। यहाँ विभिन फ़ूड स्टॉल भी लगे थे जिसमे ठंडाई, केक ,डोसा, नूडल्स का भी लोगों ने आनद लिया। कार्यक्रम का संचालन पिनाकी फिटनेस सेंटर के संचालक आरजे शिवम ने किया।

गिरदावरी, एग्रीटेक पोर्टल सत्यापन के नाम पर किसान परेशान: अटल

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा स्थगन प्रस्ताव लाकर

किसानों की वर्तमान स्थिति धान खरीदी में हुई अव्यवस्था बचे हुए किसानों का धान खरीदने आदि की मांग को लेकर चर्चा की मांग की गई। स्थगन प्रस्ताव के पक्ष में कांग्रेस विधायक दल की ओर से बोलते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि सभापति छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह कल्पना की गई थी कि छत्तीसगढ़ में धान उत्पादन करने वाले अन्नदाताओं का भला होगा। 2018 में जब कांग्रेस कि सरकार बनी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहली ही कैबिनेट बैठक में किसानों का कर्ज माफ किया और 2500रू. प्रति क्विंटल धान खरिदी की घोषणा की। किसानों के कर्ज माफ करते हुए धान खरीदी प्रारंभ हुई जिससे बड़ी संख्या में लोग किसानी की तरफ वापस लौटे परन्तु 2023 में जब वर्तमान सरकार अस्तित्व में आयी किसानों को लगातार हतोत्साहित कर रही है पहले गिरदावरी के नाम पर रकबा काटने का काम फिर एग्रीटेक पोर्टल से पंजीयन में लगातार अव्यवस्था बढ़ती गई और किसानों को परेशान किया गया। किसान धान की खेती हेतु समितियों हेतु बैंको से ऋण लेकर खेती कर रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे व महानिरीक्षक सह प्रधान आयुक्त ने किया नागपुर मंडल का निरीक्षण

ड्यूटी के दौरान आधुनिक चुनौतियों से निपटने नवीन तकनीकों व संसाधनों का करें उपयोग: मुनव्वर खुर्शीद

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर द्वारा नागपुर मंडल के एक दिवसीय दौरे के दौरान रेसुब सेटलमेंट पोस्ट मोतीबाग, मंडल मुख्यालय कार्यालय, बैरक, शस्त्रागार एवं अन्य इकाइयों का निरीक्षण किया गया।

दौरे के क्रम में मोतीबाग स्थित रेसुब सेटलमेंट पोस्ट में महिला बल सदस्यों हेतु नवनिर्मित चेंजिंग रूम का उद्घाटन कर उसे महिला कर्मियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब नागपुर सहित मंडल के अधिकारी एवं बल सदस्य उपस्थित रहे। महानिरीक्षक के मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय आगमन पर मंडल मुख्यालय का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात रेलवे इंस्टीट्यूट मोतीबाग प्रांगण में 'सम्मान गार्ड' द्वारा उन्हें सलामी दी गई, जिसका निरीक्षण भी उन्होंने किया। इस दौरान आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने अधिकारियों एवं बल सदस्यों को संबोधित करते हुए बल के आधुनिकीकरण, ड्यूटी के दौरान आधुनिक चुनौतियों से निपटने हेतु नवीन तकनीकों एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

महानिरीक्षक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों की सराहना की। निरीक्षण के क्रम में केन्द्रीय पुलिस बल सुविधा कैंटीन, रेसुब बैरक मोतीबाग, डॉग स्क्वाड तथा सेटलमेंट पोस्ट कार्यालय एवं अभिलेखों का भी निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बल सदस्यों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी को इसी प्रकार समर्पण भाव से कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

आगामी होली पर्व के मद्देनज़र रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में कुल 8,050/- मूल्य की देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए संबंधित तस्करों को पकड़ा गया। रेसुब द्वारा रेलगाड़ियों एवं रेल परिसरों के माध्यम से शराब एवं अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में - 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर 04 पर आगमन के दौरान मंडल की स्पेशल टीम एवं मंडल टास्क टीम द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति की जांच की गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 नग अंग्रेजी शराब (कुल 4290 एमएल), जिसकी अनुमानित कीमत 3,140/- थी, बरामद की गई। उक्त शराब को अवैध रूप से महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ राज्य ले जाया जा रहा था। आरोपी को अग्रिम कार्रवाई हेतु शासकीय रेलवे पुलिस, गोंदिया को सुपुर्द किया गया, जहां उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है। दूसरे मामले में 28 फरवरी को रेसुब पोस्ट राजनांदगांव द्वारा गाड़ी संख्या 18029 डाउन कुर्ला-हावड़ा एक्सप्रेस में गोंदिया-राजनांदगांव सेक्शन के मध्य संघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। जांच में उसके पास से 13 नग देशी एवं अंग्रेजी शराब (कुल 7880 एमएल), जिसकी अनुमानित कीमत 4,910/- थी, अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। नियमानुसार कार्रवाई उपरांत आरोपी को जब्त शराब सहित आबकारी विभाग, राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया।

ठेकेदार-वाहन मालिकों को तलब करने की तैयारी, नो एंट्री पर कड़ा शिकंजा

नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई: एसएसपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था के बीच अब पुलिस प्रशासन ने ठेकेदारों और वाहन मालिकों पर सीधा शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। विशेष छूट की आड़ में नियमों के उल्लंघन और दुर्घटनाओं की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल चालकों पर नहीं, बल्कि वाहन मालिक और संबंधित ठेकेदारों पर भी जवाबदेही तय की जाएगी। एसएसपी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे को निर्देशित किया है कि विशेष अनुमति प्राप्त सभी वाहनों की सूची सार्वजनिक की जाए और उनके लिए निर्धारित रूट की जानकारी भी साझा की जाए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेशों के आधार पर ही छूट दी गई है, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। एसएसपी सिंह ने यह भी स्पष्ट किया है कि पीडीएस चावल, मंडी से धान परिवहन, निर्माण कार्यों तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही सीमित दायरे में छूट दी गई है। लेकिन यदि इन श्रेणियों के वाहन भी निर्धारित समय और मार्ग का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह दिया गया है कि जिन वाहनों से दुर्घटना हुई है, उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए। संबंधित वाहन मालिकों और ठेकेदारों को बुलाकर स्पष्ट किया जाएगा कि चालक द्वारा की गई लापरवाही की जिम्मेदारी साझा रूप से तय होगी। अनुमति केवल कार्य निष्पादन के लिए है, न कि यातायात नियमों की अनदेखी के लिए। एएसपी ट्रैफ़िक करियारे ने कहा कि नो एंट्री व्यवस्था शहर में यातायात दबाव कम करने और आमजन की सुरक्षा के लिए लागू की गई है। ऐसे में नियमों का उल्लंघन कर दुर्घटना करने वाले वाहनों को किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यदि भविष्य में भी नियमों की अनदेखी पाई गई तो अनुमति रद्द करने सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर में यातायात व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

बिजली चोरी करते 16 लोग पकड़ाए

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट के मार्गदर्शन में विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है जिसमें विभिन्न इलाकों में कार्यरत विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को एकजुट कर छापामार कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज बिलासपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े के के कुशल नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता एन. पी. सिंह ने अपने टीम के साथ कोटा उपसंभाग तथा बिलासपुर के ख़मतराई में कार्यपालन अभियंता अनुपम सरकार कि टीम ने कई क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस संयुक्त जांच अभियान के दौरान कुल 354 लोगों के कनेक्शनो की जाँच की गई जिनमे से 38 लोगों को मीटर बायपास और सीधे लाइन से बिजली चोरी करते पकड़ा गया। जिनके विरूद्ध बिजली चोरी का प्रकरण बनाकर 7 लाख रुपए से अधिक का बिल जारी किया गया है। बिजली चोरी करना अब महंगा पड़ने वाला है। ऐसे लोगों से निपटने के लिए विद्युत वितरण कंपनी बिलासपुर वृत्त द्वारा लोरमी, मस्तूरी के बाद आज कोटा तथा ख़मतराई क्षेत्र में भी लगभग 64 अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्रवाई की है। कार्यपालन अभियंता कि टीम में सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता के साथ तकनीकी कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में मोर्चा सम्हाला था।

चोरी करते पकड़ाए लोगों की सूची

गंगा राम साहू, धौराभाटा, बिसाहू राम साहू, धौराभाटा, तिलक राम साहू, धौराभाटा, नरेन्द्र कुमार साहू, करगीकला, नरेश कुमार मिश्रा, करगीखुर्द, सरस्वती तंबोली, करगीखुर्द, भानू प्रताप, नवागांव, रामझुलन जयसवाल, नवागांव, तिरथ राम, नवागांव, माधव प्रताप चतुर्वेदी, नवागांव, रूपचंद्र, नवागांव, प्रतीक गुप्ता, कोटा, बिसाहू राम साहू, नवागांव, मोहन लाल देवांगन, नवागांव, बजरंग दास मानिकपुरी, नवागांव, भुपेंद्र कुमार साहू, नवागांव। हेमराम पाल, बहतराई, साधूराम सूर्यवंशी, बिजौर, घनश्याम कौशिक, बिजौर, महेश साहू,बहतराई, सविता शर्मा, बहतराई, हरनारायण साहू, बहतराई, रेशम लाल पटेल, डबहीपारा परस, रामरतन पटेल, परसाही, केजा बाई, परसाही, इन्द्र कुमार सूर्यवंशी, परसाही, माखनलाल ध्रुव, परसाही, मनोज भार्गव, परसाही, संतोषी यादव, खमतराई, आशुतोष तिवारी, खमतराई, रामखिलावन, बस्ती खमतराई, अभय सत्यार्थी, बस्ती खमतराई, अनुराधा दुबे, लगरा, किशन यादव, बहतराई, शांतिलाल केंवट,खैरा, अजीत कुमार शुक्ला, फरहदा, घनश्याम कौशिक,बिजौर, संतोष साहू,रूम खदान।

एमआईसी बैठक में अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम बिलासपुर की मेयर इन काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें निगम से जुड़े विभिन्न विकासात्मक और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कई प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनमें सबसे अहम निर्णय निगम की समस्त खरीदी प्रक्रिया को लेकर रहा। तय किया गया कि अब नगर निगम की सभी प्रकार की खरीदी भारत सरकार के जीईएम पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी। इसके तहत निगम के सभी संबंधित कार्यालयों को खरीदी के लिए अलग-अलग आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन माध्यम से सामग्री का क्रय किया जा सके।इस निर्णय से न केवल खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समय और लागत की भी बचत होगी। साथ ही अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के प्रयास से अलायंस एयर का समर शेड्यूल पुनर्विचार में

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर कंपनी के द्वारा जारी समर शेड्यूल को पुनर्विचार में लिए जाने की खबरों को सही बताते हुए कहा कि इस संबंध में समिति लगातार एयरलाइंस के अधिकारियों राज्य सरकार के अधिकारियों और केंद्र सरकार से संपर्क कर रही थी और उन्हें इस शेड्यूल में आवश्यक बदलाव की मांग कर रही थी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि एयरपोर्ट चालू होने के समय दिल्ली के लिए सातों दिन उड़ान उपलब्ध हुआ करती थी और प्रयागराज के लिए सप्ताह में चार दिन उड़ान उपलब्ध थी इन दोनों मार्गों पर यात्रियों की संख्या पर्याप्त से भी बेहतर रही है और किराया भी लगातार बढ़ता रहा जो साबित करता है कि यात्री पर्याप्त संख्या में यात्रा कर रहे हैं। इसके बावजूद विंटर शेड्यूल में दिल्ली की उड़ानों को घटाकर सप्ताह में तीन दिन और प्रयागराज की उड़ान को घटाकर सप्ताह में दो दिन कर दिया गया था। इसका व्यापक विरोध हुआ और एयरलाइन कंपनी ने कहा कि समर शेड्यूल के समय इसमें सुधार होगा। हालांकि जो समर शेड्यूल एलाइंस एयर के द्वारा जारी किया गया उसमें दिल्ली के लिए तो अवश्य सप्ताह में 5 दिन उड़ाने उपलब्ध कराई गई परंतु प्रयागराज उड़ान को और घटाकर सप्ताह में केवल एक दिन कर दिया गया। दिल्ली के लिए सप्ताह के सातों दिन उड़ान का वादा इस प्रस्ताव में भी अधूरा था। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस शेर के उच्च स्तर प्रबंधन के साथ-साथ राज्य सरकार के विभाजन विभाग के अधिकारियों से पिछले सप्ताह ही संपर्क साथ कर इन विसंगतियों को अवगत करा दिया था। इस बीच हाई कोर्ट में हुई सुनवाई में भी यह मामला उठाया गया था। समिति के द्वारा केंद्र सरकार में भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी प्रेषित कर इसमें बदलाव की मांग की गई थी।

उपलब्धि: जांजी धान खरीदी केंद्र ने रचा इतिहास

जीरो शॉटेज का परचम: दिलीप की टीम बनी मिसाल

सीपत/नवप्रदेश। सीपत सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत संचालित जांजी धान खरीदी केंद्र ने इस वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 'जीरो शॉटेज' दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीपत सहकारी सेवा समिति के अंतर्गत आने वाले अन्य धान खरीदी केंद्रों की तुलना में यह उपलब्धि सबसे पहले जांजी केंद्र में दर्ज की गई, जिसने पूरी व्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य किया है।

स्थानीय स्तर पर इस उपलब्धि को लेकर किसानों और समिति सदस्यों में उत्साह का माहौल है। जानकारों का मानना है कि यदि इसी प्रकार अनुशासन और पारदर्शिता बनी रही तो जांजी धान खरीदी केंद्र भविष्य में भी उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। संस्था प्रबंधक दिलीप साहू और उनकी टीम की यह उपलब्धि न केवल जांजी केंद्र के लिए बल्कि संपूर्ण सीपत क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। यह साबित करता है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट कार्ययोजना और टीम भावना से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

अनुशासन और टीमवर्क का शानदार उदाहरण

जांजी धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक दिलीप साहू के नेतृत्व में पूरी टीम ने संगठित, पारदर्शी और जिम्मेदार कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। जीरो शॉटेज का अर्थ है कि खरीदी और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कमी या नुकसान दर्ज नहीं हुआ, जो प्रशासनिक दक्षता और सुदृढ़ प्रबंधन का प्रमाण है। इस सफलता के पीछे संस्था प्रबंधक दिलीप साहू के साथ प्राधिकृत अधिकारी बुधराम सूर्यवंशी, कम्प्यूटर ऑपरेटर हिमांशु पाठक, बारदाना प्रभारी रामकरण चंद्राकर, तौल प्रभारी प्रदीप कुमार तथा फंड प्रभारी सुमेंद वर्मा का विशेष योगदान रहा। सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया। खरीदी प्रक्रिया के दौरान तौल व्यवस्था की सतत निगरानी, बारदाना प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना, रिकॉर्ड की सटीक प्रविष्टि तथा भंडारण की पारदर्शी प्रणाली ने मिलकर इस उपलब्धि को संभव बनाया। किसानों को भी समय पर तौल, पावती और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा मिली, जिससे उनका विश्वास और मजबूत हुआ।

आर्यन फिल्म की रोड सेफ्टी अवेयरनेस फिल्म 'सुरक्षा' का पोस्टर मंत्री तोखन ने किया विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आर्यन फ़िल्म द्वारा चेतना अभियान के अंतर्गत निर्मित रोड सेफ्टी अवेयरनेस फ़िल्म 'सुरक्षा' के पोस्टर का विमोचन सांसद तोखन साहू के कर-कमलों से संपन्न हुआ। यह फ़िल्म आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का सशक्त संदेश देती है। फ़िल्म का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि बाइक चलाते समय दोनों सवारियों द्वारा हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाया जाए। फ़िल्म यह भी दर्शाती है कि सड़क पर दुर्घटना केवल अपनी गलती से ही नहीं, बल्कि सामने से आने वाले की भूल से भी हो सकती है, ऐसे में सीमित गति से वाहन चलाने पर समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है और जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर आर्यन फ़िल्म के निर्देशक रामा नंद तिवारी, सहायक निर्देशक महेंद्र सूर्यवंशी एवं क्रिएटिव डायरेक्टर डॉ. सुनंदा मरावी उपस्थित रहे। फ़िल्म में विशेष सहयोग डॉ. एल.सी. मधारिया का रहा है, जबकि लेखन कार्य रितु साहू एवं खुशी देवांगन द्वारा किया गया है।

एक हजार एकड़ में बसेंगे सात नए सेक्टर्स, ऊर्जा मंत्री विज ने दी विकास को नई उड़ान

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी निवासियों को बड़ी खुशखबरी देते हुए बताया कि अम्बाला छावनी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सात नए सेक्टर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिससे न केवल शहर का दायरा बढ़ेगा, बल्कि रिहायशी सुविधाओं में भी जबरदस्त सुधार होगा और भविष्य में अम्बाला महानगर बन जाएगा। विज ने अम्बाला छावनी में सात नए सेक्टर विकसित करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ढांचागत विकास प्रगति कार्य को नई रफ्तार दे रही है जोकि सराहनीय कदम है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा और उसके साथ लगते गांवों घसीटपुर, बुहावा, शाहपुर, ब्राह्मण माजरा, करधान, सरसेहड़ी, चंदपुरा, मच्छौंडा, उगाड़ा, दुखेड़ी, सलारहेड़ी, रांवला, मंगलई, सम्भालखां में लगभग एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में सात नए सेक्टर विकसित होंगे जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल आगामी दो महीने यानि 30 अप्रैल, 2026 तक आवेदन करने के लिए खुला है।

उन्होंने कहा कि भूमि मालिक सेक्टर विकसित करने हेतु पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अम्बाला छावनी में इस क्षेत्रफल में जो सेक्टर बनेंगे उनमें सेक्टर 27, सेक्टर 28, सेक्टर 36, सेक्टर 40, सेक्टर 40-ए, सेक्टर 41-ए और सेक्टर 42 होगा। प्रस्तावित नए सेक्टरों में रिहायशी, ओपन स्पेस, कॉमर्शियल, ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन, इंडस्ट्रियल प्लेस होंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सात नए सेक्टरों के बनने से अम्बाला छावनी महानगर बन जाएगा जिसका रिंग रोड तक विस्तार होगा।

अम्बाला छावनी के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। अंबाला में रिंग रोड के निर्माण के मद्देनजर, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बीते वर्ष ही हरियाणा सरकार से अम्बाला छावनी में एचएसवीपी के नए सेक्टरों को विकसित करने को पत्र

लिखा था और इसी संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठकें भी की थी। मंत्री अनिल विज ने कहा था कि अम्बाला में रिंग रोड का निर्माण चल रहा है और अंबाला छावनी का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा था कि रिंग रोड के किनारे उन जगहों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किया जाना चाहिए जहां एचएसवीपी के सेक्टर विकसित किए जा सकते हैं।

ई-भूमि पोर्टल से पारदर्शी भूमि अधिग्रहण

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि नए सेक्टरों के लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई गई है। प्रदेश सरकार ने ई-भूमि पोर्टल को 30 अप्रैल 2026 तक आवेदन के लिए खोल दिया है। किसान और भू-स्वामी स्वेच्छा से अपनी जमीन बेचने के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।सरकार की योजना है कि जमीन का उचित मूल्य सीधे भू-स्वामियों को मिले और वे विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

न्यूज गैलरी

ब्राजील में भारी बारिश का कहर अब तक 68 लोगों की मौत

ब्रासिलिया। ब्राजील के दक्षिण पूर्वी प्रांत मिनस गेरेस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई है। इनमें से जुइज डे फोरा शहर में अब तक 62 की मौत हो चुकी है जबकि उबा में भी छह की जान जा चुकी है। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक मरने वालों की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण मलबों से शव मिलने और इलाज के दौरान घायलों की मौत है। जुइज डे फोरा शहर में अब भी तीन और उबा में दो लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है। राहत एवं बचाव दल ने गिरे हुए घरों में तलाशी अभियान जारी रखा है। प्रशासन की ओर से भारी मशीनरी, खोजी कुत्तों और बचाव दल के सदस्यों की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश करने का काम जारी है। इलाके में सोमवार दोपहर को भारी बारिश के चलते नदियों में उफान आने से कई पुल और अंडरपास तबाह हो गए थे, जबकि कई पेड़ गिरने से सड़कें बाधित हो गईं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने पीड़ित लोगों के परिजनों और बचाव में जुटे कर्मियों के लिए संवेदना जताई है।

बीच रास्ते से लौटीं एयर इंडिया और इंडिगो की फ्लाईट, एयरस्पेस हुआ बंद

इजरायल। मध्य पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच अचानक भड़के भीषण युद्ध का सीधा असर अब भारतीय विमानन क्षेत्र पर भी पड़ने लगा है। दोनों देशों के बीच जारी भारी हवाई हमलों और बढ़ते तनाव के कारण एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानों को बीच रास्ते से ही वापस भारत लौटना पड़ा है। इस खतरनाक सैन्य टकराव और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रूट में बदलाव किए गए हैं, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लगातार हो रहे घातक मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाई के बीच इजरायल और ईरान, दोनों ही देशों ने एहतियात के तौर पर अपने-अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को कमर्शियल उड़ानों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया है। एयरस्पेस बंद होने के कारण भारतीय विमानों को आगे की यात्रा करने की अनुमति नहीं मिल सकी। इस आपातकालीन स्थिति को देखते हुए दिल्ली से तेल अवीव और मध्य पूर्व के अन्य प्रभावित मार्गों पर जाने वाली उड़ानों को सुरक्षा कारणों से तुरंत डायवर्ट करने का फैसला लिया गया।

ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से 2 लाख रुपये तक जाएगा सोने का भाव

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर गोल्ड की कीमतों में पर भी दिखेगा। अरब देशों के मौजूदा हालात एक बार फिर से अनिश्चितता को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसकी वजह से निवेशक सुरक्षित इन्वेस्टमेंट की तरफ से रुख कर सकते हैं। ऐसे में गोल्ड की कीमतों में तेजी की उम्मीद की जा रही है। अब सवाल है कि क्या आने वाले समय में गोल्ड का भाव 2 लाख रुपये तक पहुंच जाएगा?
जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के कमोडिटी रिसर्च हेड हरीश वी कहते हैं, अगर स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तब की स्थिति में सोने का भाव 6000 डॉलर प्रति आउंस या फिर घरेलू बाजार में 200000 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

रेलवे ने किया 10 नई स्पेशल ट्रेनों का ऐलान

नई दिल्ली। होली के त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने खास इंतजाम किए हैं। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कई रूटों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में अब कोलकाता, बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच 10 नई होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की सूची जारी की गई है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि इन स्पेशल ट्रेनों के चलने से विशेष रूप से यूपी और बिहार जाने वाले यात्रियों को सफर में काफी आसानी होगी और उन्हें टिकट की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए

लालकुआं-कोलकाता स्पेशल ट्रेन का रूट और समय

रेलवे द्वारा जारी की गई नई सूची में लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं स्पेशल (05060/05059) शामिल है। गाड़ी संख्या 05060 लालकुआं-कोलकाता स्पेशल 5 मार्च से 26 मार्च तक हर गुरुवार को लालकुआं से दोपहर 13.35 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 23.55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल 7 मार्च से 28 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को सुबह 5.00 बजे चलकर अगले दिन दोपहर 15.45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और बरौनी सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल (05506/05505) का भी संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05506 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 6 मार्च से 15 मार्च तक हर मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को सहरसा से दोपहर 13.20 बजे चलकर 15.30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 05505 पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल 9 मार्च से 17 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को पूर्णिया कोर्ट से दोपहर 3 बजे रवाना होगी और शाम 6.30 बजे सहरसा पहुंचेगी। रास्ते में यह ट्रेन दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमंखी स्टेशनों पर रुकेगी। सोगरिया- दानापुर और डानकुनी- पटना का शेड्यूल रेलवे ने सोगरिया-दानापुर-सोगरिया होली स्पेशल (09803/09804) चलाने का भी निर्णय लिया है। यह गाड़ी 1 मार्च को सोगरिया से रात 11.10 बजे चलकर अगले दिन रात 11.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

पीएम ने राजस्थान को 16 हजार करोड़ के विकास की दी सौगात

रिजु झुनझुनवाला ने बताया 'विकसित राजस्थान' की ऐतिहासिक दिशा

अजमेर। राजस्थान के प्रमुख टेक्सटाइल उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला ने अजमेर की पावन धरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16,000 करोड़ से अधिक की बहुआयामी विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास को प्रदेश के विकास इतिहास का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पड़ाव बताया है। उन्होंने अजमेर सहित समूचे राजस्थान की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह पहल दूरगामी प्रभाव डालेगी।

बांदीकुई-जयपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे तथा अमृतसर-जामनगर कॉरिडोर जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई दिशा और रफ्तार प्रदान करेंगे। इन परियोजनाओं से औद्योगिक परिवहन सुदृढ़ होगा, लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नोनेरा एवं परवन अकावाद पेयजल परियोजनाएँ प्रदेश में जल सुरक्षा को सशक्त आधार प्रदान करेंगी। वहीं राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान बेटियों के स्वास्थ्य संरक्षण और सशक्तीकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। रोज़गार मेले के अंतर्गत 21,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रभावी पहल है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड के विस्तार से प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह समग्र दृष्टिकोण प्रधानमंत्री जी की राजस्थान के सर्वांगीण और संतुलित विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार वर्मा तथा अन्य गणमान्य मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेशहित में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

विमानों में अब नहीं ले जा सकते कई सामान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विमानों में खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से जुड़े नियमों में व्यापक संशोधन किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए प्रावधानों में प्रमाणन और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था लागू की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की चूक पर सीधे जवाबदेही तय की जा सके।

खतरनाक सामान का तात्पर्य उन वस्तुओं या पदार्थों से है, जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं। नियमों में खतरनाक वस्तु ले जाने की जानकारी देने संबंधी प्रविधान को कड़ा किया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ऐसी वस्तुओं को बिना घोषणा या गलत जानकारी देकर विमान में ले जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए नियमों के तहत नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्तष्ट) को विशेष अधिकार दिए गए हैं।

जीएसटी के मोर्चे पर फिर खुशखबरी, 1.83 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा कलेक्शन

नई दिल्ली। सरकार ने फरवरी महीने के ग्रॉस माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन के आंकड़े जारी कर दिए हैं। फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इसमें आयात से प्राप्त राजस्व में हुई उच्च वृद्धि का मुख्य योगदान रहा। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

कुल घरेलू जीएसटी राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। कुल जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था।

किस राज्य में कितना कलेक्शन?- पिछले महीने महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन दर्ज किया गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल उन अन्य राज्यों में शामिल थे।

जीएसटी कानून के उल्लंघन में एमडी और सीईओ ऋषि गुप्ता गिरफ्तार

नई दिल्ली। टैक्स अधिकारियों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कानूनों के कथित उल्लंघन के एक बड़े मामले में फिनो पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऋषि गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। फिनो पेमेंट्स बैंक ने बताया कि ऋषि गुप्ता की अचानक हुई गिरफ्तारी के तुरंत बाद बैंक के निदेशक मंडल की एक विशेष आपात बैठक बुलाई गई। इस अहम बैठक में दैनिक कार्यों के सुचारू संचालन और कामकाज की देखरेख के लिए बैंक के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) केतन मर्चेंट को कंपनी के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, ऋषि गुप्ता को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) और राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 132 (1)(ए) और 132(1)(आई) के कड़े प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।

दुनिया की पहली डीजल प्लग-इन हाइब्रिड पिकअप से उठा पर्दा

माइलेज में टोयोटा-फोर्ड को देगी कड़ी टक्कर

नई दिल्ली। चीन की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी चेरी ने ऑटोमोबाइल बाजार में एक नया और अनोखा प्रयोग किया है। कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एक विशेष मीडिया कार्यक्रम के दौरान अपनी बिल्कुल नई केपी31 ड्यूल-कैब यूटे कॉन्सेप्ट कार से दुनिया को रूबरू कराया है। चेरी का दावा है कि यह दुनिया की पहली डीजल प्लग-इन हाइब्रिड पिकअप होने वाली है।

कंपनी ने स्पष्ट कर दिया है कि इस दमदार हाइब्रिड पिकअप का प्रोडक्शन मॉडल साल 2026 के अंत तक वैश्विक बाजार में उतार दिया जाएगा।

इस नई और आधुनिक पिकअप में 2.5 लीटर का पावरफुल टर्बो चार-सिलेंडर डीजल इंजन दिया जा रहा है, जिसे एक एडवांस इलेक्ट्रिक मोटर का साथ मिलेगा। यूटे आमतौर पर उन यूटिलिटी वाहनों को कहा जाता है जो पिकअप के रूप में आते हैं और भारी सामान ढोने के काम आते हैं। कंपनी के अनुसार, यह नया हाइब्रिड सिस्टम 47 प्रतिशत की थर्मल एफिशिएंसी प्रदान करेगा और सामान्य डीजल इंजनों की तुलना में करीब 10 प्रतिशत अधिक माइलेज देने में सक्षम होगा। इसके साथ ही, यह सिस्टम वजन में 10 प्रतिशत हल्का होगा और डीजल इंजन से होने वाले शोर व कंपन को लगभग 30 प्रतिशत तक कम कर देगा, जिससे लंबी दूरी की ड्राइविंग काफी आरामदायक हो जाएगी। चेरी केपी31 को विशेष रूप से भारी-भरकम काम और लंबी यात्राओं की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है।

शनाया कपूर की नई फिल्म को नाम मिला जैकब कार्डोसो

शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म तू या मैं से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा

मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें मुंज्या से लोकप्रियता मिली थी। शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित जैकब कार्डोसो की कहानी कथित तौर पर 1987 के समय पर आधारित है। भूटानी ने बताया, यह गोवा में बनी खूबसूरत फिल्म है, उस समय की कहानी है जब गोवा राज्य बन रहा था। फिल्म जैकब कार्डोसो की शूटिंग मार्च, 2025 में शुरू हुई थी जो 2 महीने में पूरी हो गई। जल्द ही इसकी रिलीज तारीख जारी होगी।

असली बदलाव काम से दिखता है, शब्दों से नहीं: जोया

जोया अफरोज ने बहुत कम उम्र में इंडस्ट्री में कदम रख दिया था। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट 'हम साथ साथ हैं' और 'मन' जैसी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा टीवी शोज 'कोरा कागज' और 'सोन परी' में भी उनकी मौजूदगी ने उन्हें घर-घर पहचान दिलाई।कैमरे के सामने पली-बढ़ी जोया कहती हैं कि उन्हें हमेशा से एक्टिंग की बारीकियां समझने का मौका मिला।

लेकिन बचपन की पहचान को पीछे छोड़कर एक परिपक्व कलाकार के रूप में खुद को बनाना करना आसान नहीं था। जोया का मानना है कि इंडस्ट्री में खुद को नए रूप में पेश करना सिर्फ बड़े ऐलान करने से नहीं होता। असली बदलाव तब दिखता है जब कलाकार अपने काम से

दर्शकों को चौंकाए।जोया के मुताबिक, 'आप कितनी भी बातें कर लें, लेकिन जब तक आपकी परफॉर्मेंस स्क्रीन पर असर नहीं छोड़ती, तब तक लोग आपको नए नजरिए से नहीं देखते।'वह मानती हैं कि शोहरत का दौर आता-जाता रहता है, लेकिन लगातार अच्छा काम ही एक कलाकार को लंबे समय तक टिकाए रखता है। जोया अपनी आने वाली फिल्म 'ये दिल सुन रहा है' को अपने करियर का अहम पड़ाव मानती हैं। उनका कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके अंदर के संवेदनशील और भावनात्मक पक्ष को सामने लाएगा।जोया आखिरी बार तस्करी वेब सीरीज में नजर आईं थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसमें इमरान हाशमी हैं, जो ईमानदार कस्टम अधिकारी की भूमिका में हैं जबकि शरद केलकर विलेन के रूप में हैं।

श्रीविष्णु स्टारर मृत्युंजय का ट्रेलर 6 मार्च को पर्दे पर आएगी फिल्म

श्री विष्णु मृत्युंजय नाम की एक थ्रिलर के साथ एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म जो 27 फ़रवरी को रिलीज़ होने वाली थी, बाद में 28 फ़रवरी को शिफ्ट कर दी गई और आखिरकार मेकर्स ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज़ 6 मार्च 2026 को टाल दी।अब, रिलीज़ से पहले, मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यंग टाइगर एनटीआर ने ट्रेलर रिलीज़ किया और मेकर्स को शुभकामनाएं दीं। यह पता है कि प्रोड्यूसर सनी, एनटीआर के करीबी हैं और इसलिए एनटीआर ने ट्रेलर रिलीज़ किया और पोस्ट किया, सनी कई सालों से मेरी ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा रहे हैं। हमारी 18 साल की दोस्ती में,

मैंने देखा है कि सनी में अपने पिता, गुन्नम गंगाराजू गारू की तरह ही अनोखी कहानियों को पहचानने की आदत है। मुझे उन पर बहुत गर्व है क्योंकि वह अपने पहले वेंचर, मृत्युंजय में कदम रख रहे हैं।ट्रेलर में कई दिलचस्प और दिलचस्प बातें हैं, जो तब दिखाई जाती हैं जब श्री विष्णु छ्क्क्ष्ठ में नौकरी पाने की कोशिश करते हैं और फेल होने के बाद भी, वह रहस्य को सुलझाने के मिशन पर निकल पड़ते हैं।

होलिका दहन विशेष: अंगारों पर आस्था की परीक्षा, डौंडीलोहारा के जाटादाह में कायम है सदियों पुरानी परंपरा

बालोद/नवप्रदेश। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है, लेकिन बालोद जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जाटा दाह में यह पर्व एक अनोखी परंपरा के कारण विशेष पहचान रखता है। यहां होलिका दहन के बाद अंगारों पर चलने की परंपरा पीढ़ियों से निभाई जा रही है। इसे आस्था कहें या अंधविश्वास–लेकिन ग्रामीणों के लिए यह श्रद्धा और विश्वास का उत्सव है।

रात से सुबह तक चलता है अनुष्ठान: गांव के कुआं चौक के पास होलिका दहन की तैयारियां विशेष रूप से की जाती हैं। ग्रामीण नगाड़े बजाते हुए आधी रात से ही एकत्रित होने लगते हैं। परंपरा के अनुसार सुबह लगभग 4 बजे विधिवत होलिका दहन किया जाता है। अग्नि शांत होने के बाद जब लकड़ियां अंगारों में बदल जाती हैं, तब सुबह 6 से 7 बजे के बीच अंगारों पर चलने की रस्म निभाई जाती है।

यह पूरा दृश्य रोमांच और आस्था से भरा होता है। ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों की आवाज और ग्रामीणों की श्रद्धा इस आयोजन को अलग ही स्वरूप देती है।

महिलाओं और बच्चों के लिए पाबंदी

इस परंपरा में कुछ नियम भी तय हैं। अंगारों पर चलने की अनुमति केवल युवा और वयस्क पुरुषों को होती है। महिलाओं और छोटे बच्चों के अंगारों पर चलने पर पाबंदी है। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा विशेष अनुष्ठानिक नियमों के तहत निभाई जाती है, इसलिए इसका पालन आवश्यक है।

आस्था और विज्ञान के बीच चर्चा

जहां ग्रामीण इसे भगवान की कृपा और आस्था का परिणाम मानते हैं, वहीं कुछ लोग इसे मानसिक दृढ़ता और सामूहिक विश्वास की शक्ति भी बताते हैं। हालांकि गांव के लिए यह परंपरा केवल तर्क का विषय नहीं, बल्कि श्रद्धा और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है।

पीढ़ियों से चली आ रही मान्यता

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। मान्यता है कि अंगारों पर चलने से जीवन में आए दुख, कष्ट और बाधाएं दूर होती हैं। जो व्यक्ति सच्चे मन से श्रद्धा के साथ अंगारों पर चलता है, उसे भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है। आज की युवा पीढ़ी भी इस परंपरा में उतना ही विश्वास रखती है जितना उनके पूर्वज रखते थे। युवाओं का कहना है कि यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आस्था की परीक्षा है।

गांव की पहचान बन चुकी है परंपरा

जगत पाल सिन्हा ने बताया कि जाटा दाह की यह परंपरा अब गांव की पहचान बन चुकी है। होली के अवसर पर यह आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रहता है। ग्रामीण इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर मानते हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी इसे सहेजकर रखने की प्रेरणा देते हैं। यह प्रथा कब से शुरू हुई,इसके बारे में कोई नहीं जानते। आज मुझे 61 वर्ष हो चुके हैं। मुझसे पहले मेरे दादा परदादा के समय से यह प्रथा चली आ रही है।

आसपास के गांवों से भी पहुंचते हैं लोग

जाटा दाह की यह अनोखी परंपरा आसपास के गांवों में भी प्रसिद्ध है। केवल इसी गांव के लोग ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु भी होलिका दहन के बाद अंगारों पर चलने के लिए यहां पहुंचते हैं। ग्रामीणों के अनुसार अब तक इस परंपरा के दौरान किसी को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ है। न तो पैरों में छाले पड़ते हैं और न ही किसी प्रकार की गंभीर तकलीफहोती है। इसे लोग ईश्वर की कृपा और चमत्कार मानते हैं।

होलियाना मूड में खबरों की मरम्मत

महंत की हाजिर जवाबी से होली से पहले अजय हुए 'लाल-गुलाल'

विधानसभा में चरणदास महंत की हाजिरजवाबी से पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर लाल गुलाल हो गए। दरअसल, अजय ने टिप्पणी कर दी कि जब सदन में भूपेश बघेल नहीं रहते हैं तो नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत स्वतंत्र रहते हैं। बघेल की मौजूदगी में वर्चुअल से लगते हैं। यह नेता प्रतिपक्ष के साथ अन्याय है। महंत ने तत्काल जवाब दिया कि सीएम साय की गैरमौजूदगी में अजय ज्यादा चहकते हैं। महंत की हाजिरजवाबी से दूसरों को 'खुजाने' में माहिर अजय लाल गुलाल हो गए।

फारेस्ट अफसर की राह पर मातहत भी जंगल में मंगल मना रहे

बास.डांसरों पर नोट लुटाने के फारेस्ट विभाग के अफसरों का कांड उजागर होने के बाद भला मातहत कैसे पीछे रहते। फारेस्ट विभाग के एक वनरक्षक सूरजपुर के जंगल में अपनी गर्लफ्रेंड के साथ जंगल में मंगल मना रहे थे। तभी युवकों ने वनरक्षक को पकड़कर पिटाई कर दी। बात यहीं खत्म नहीं हुई। पिटाई के बाद मोबाइल पर गाना बजाकर वनरक्षक को डांस भी कराया और वीडियो भी बना लिया। पिटाई के बाद डांस क्यों कराया? यह शोध का विषय है। लेकिन, अब बार डांसर के सामने डांस करते रेंजर के बाद अब होली के शुभ अवसर पर नया वीडियो वायरल होने वाला है। गर्लफ्रेंड के साथ जंगल में मंगल मनाने वाले वनरक्षक की पिटाई से पहले और पिटाई के बाद के घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने वाला है।

होली के माहौल में सत्तापक्ष के विधायकों का मूड खराब

पिछले कई महीने से सत्तारूढ़ भाजपा विधायकों का मूड खराब चल रहा है। बार-बार खबर उड़ती है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा और फिर पूरा मुद्दा गायब एकदम ठंडे बस्ते में चला जाता है। मंत्री बनने वेटिंग लिस्ट में शामिल भाजपा विधायकों की उम्मीदें बार-बार टूट रही है। अब फिर खबर उड़ी है कि परफार्मेंस रिपोर्ट खराब होने के कारण चार मंत्रियों को हटाया जा सकता है। अटकल सच होगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता, लेकिन सुना है इस खबर से कई सीनियर विधायक काफी खुश हैं और फेरबदल से लाटरी निकलने की उम्मीद में शाम ढलते ही मूड बना रहे हैं। जिन मंत्रियों की रिपोर्ट खराब है, वो गम गलत करने मूड बना रहे है।

होली के पहले उखड़ा पियक्कड़ों का मूड

राज्य सरकार ने होली के दिन शराब दुकान खोलने का ऐलान कर दिया। इस घोषणा से प्रदेश के पियक्कड़ काफी खुश थे। लेकिन, पूरे प्रदेश में विरोध होने के बाद राज्य सरकार ने यू टर्न ले लिया। आदेश जारी किया गया कि होली के दिन शराब दुकानें नहीं खुलेगी। अब पियक्कड़ों को हर साल की तरह होली से एक दिन पहले दुकानों में भारी भीड़ और लंबी लाइन में लगकर शराब खरीदना पड़ेगा। इस फैसले से शराबियों का मूड खराब है। प्रदेश के पियक्कड़ इस बात से सरकार से नाराज है कि सरकार ने फैसला वापस क्यों लिया।

थकान दूर करने के लिए ही तो खुली है

विधानसभा में शराब दुकानों का मुद्दा गरमा गया। रायपुर के विधायक सुनील सोनी और सुशांत शुक्ला ने अपने विधानसभा क्षेत्र की कुछ शराब दुकानों को हटाने की मांग कर दी। उन्होंने कहा कि आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन को पत्र भी लिखा गया, लेकिन शराब दुकान नहीं हटाई गई। यह भी कहा कि वे मांग कर कर के थक चुके हैं। सदन की मर्यादा को ध्यान में रखकर आबकारी मंत्री सदन में इस बात का जवाब नहीं दे पाए। कहा जा रहा है कि आबकारी मंत्री इन विधायकों को कान में फुसफुसाकर सलाह देने वाले हैं ङ्क थकान दूर करने के लिये ही तो शराब दुकान खोली है। बोतल खुलेगी और थकान छू मंतर। मंत्री जी को यकीन है कि इस सलाह के बाद अब शराब दुकानों का विरोध सोनी और शुक्ला नहीं करेंगे।

पाली–तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने विधानसभा में मांगा 4 साल का हिसाब

कागजों में मरम्मत और रखरखाव लाखों खर्च, धरातल पर कुछ नहीं

कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा/नवप्रदेश। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ने क्षेत्र के जलाशयों और नहरों की मरम्मत में कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। बजट सत्र 2026 के दौरान उन्होंने विधानसभा में एक तारांकित प्रश्न के जरिए मुख्यमंत्री से पिछले चार वर्षों में जलाशयों के रखरखाव और मरम्मत पर हुए खर्च का विस्तृत ब्योरा मांगा है।

विधायक ने सदन में कहा कि पाली-तानाखार क्षेत्र के कई जलाशय और उनसे जुड़ी नहरें किसानों की सिंचाई का प्रमुख आधार हैं। समय पर मरम्मत और सफाई नहीं होने के कारण नहरें जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कई स्थानों पर रिसाव और जर्जर संरचना के चलते पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सीधा असर फसल उत्पादन और किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कागजों में मरम्मत और रखरखाव पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर काम की स्थिति संतोषजनक नहीं है। विधायक ने मांग की कि पिछले चार वर्षों में स्वीकृत राशि, वास्तविक व्यय और संबंधित कार्यों का विवरण सार्वजनिक किया जाए। साथ ही जल उपभोक्ता संस्थाओं की भूमिका की समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

किसानों की चिंता बना सियासत का मुद्दा

इस मुद्दे ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष विद्यान मरकाम ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 फरवरी को मुख्यमंत्री का जवाब संतोषजनक नहीं रहा और सिंचाई समस्या का ठोस समाधान नहीं हुआ, तो पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जिला मुख्यालय का घेराव भी किया जाएगा। उनके अनुसार क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई संकट झेल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

क्या है मुख्य सवाल

- पिछले चार वर्षों में जलाशयों और नहरों की मरम्मत पर कितनी राशि स्वीकृत हुई?
- वास्तविक रूप से कितना खर्च किया गया?
- किन एजेंसियों या संस्थाओं को कार्य सौंपा गया?
- कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी किस स्तर पर हुई?
- अब नजर मुख्यमंत्री के जवाब पर टिकी है। बजट सत्र के दौरान यह मुद्दा और गर्मा सकता है। यदि सरकार विस्तृत और पारदर्शी जवाब देती है तो स्थिति स्पष्ट होगी, अन्यथा विपक्ष और क्षेत्रीय दलों के आंदोलन से मामला और तूल पकड़ सकता है। फिलहाल पाली–तानाखार के किसान यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि विधानसभा में उठी आवाज से उनकी सिंचाई समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा।

होली पर ऑपरेशन सतर्क

रेसुब नागपुर की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नागपुर/नवप्रदेश। आगामी होली पर्व के मद्देनज़र दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ÷ऑपरेशन सतर्क÷ के तहत संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दो अलग-अलग मामलों में कुल 8,050 रुपये मूल्य की देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

पहले मामले में 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर आगमन के दौरान स्पेशल टीम एवं मंडल टास्क टीम ने एक संदिग्ध यात्री की जांच की। तलाशी में उसके पास से 10 बोतल अंग्रेजी शराब (करीब 4290 एमएल) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,140 रुपये बताई गई। शराब को अवैध रूप से महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ ले जाया जा रहा था। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए शासकीय रेलवे पुलिस, गोंदिया को सौंप दिया गया है।

दूसरे मामले में 28 फरवरी को रेसुब पोस्ट राजनांदगांव की टीम ने गाड़ी संख्या 18029 डाउन कुर्लाङ्कहावड़ा एक्सप्रेस में गोंदियाङ्कराजनांदगांव सेक्शन के बीच चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से 13 बोतल देशी एवं अंग्रेजी शराब (करीब 7880 एमएल) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 4,910 रुपये है। नियमानुसार कार्रवाई के बाद आरोपी को जब्त शराब सहित आबकारी विभाग, राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया, जहां आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

यह कार्रवाई बिलासपुर स्थित रेसुब के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद के निर्देशन एवं नागपुर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

रेसुब नागपुर मंडल ने बताया कि होली के मद्देनज़र रेलगाड़ियों और रेल परिसरों में प्रतिबंधित मादक पदार्थ, शराब एवं तंबाकू उत्पादों की अवैध तस्करी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। यात्रियों से अपील की गई है कि ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल रेसुब, शासकीय रेल पुलिस या नजदीकी रेलवे अधिकारी को दें, ताकि समय पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके।

14 प्रदूषणकारी उद्योगों की बिजली कटी, उत्पादन ठप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने जल और वायु प्रदूषण फैलाने वाले 14 औद्योगिक इकाइयों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी बिजली काट दी और उत्पादन बंद करा दिया। साथ ही तीन उद्योगों पर कुल 9,22,000 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है। यह कार्रवाई बीते 15 दिनों में विशेष अभियान चलाकर की गई।

मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 10 फरवरी को ग्राम चरौदा स्थित स्पंज आयरन उद्योग मेसर्स पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्रा. लि. (पूर्व नाम इंडियन स्टील एंड पावर प्रा. लि.) में वायु प्रदूषण की स्थिति पाए जाने पर उत्पादन बंद कराते हुए विद्युत आपूर्ति विच्छेदित की गई।

इसी प्रकार मेटल पार्क रावांभाठा क्षेत्र में 14 से 18 फरवरी के बीच निरीक्षण के दौरान 9 स्लैग क्रशर्स, एक बाइंडिंग वायर इकाई और एक स्टील फर्नीचर इकाई में मंडल की सहमति के बिना संचालन तथा प्रदूषण की स्थिति पाए जाने पर कार्रवाई की गई। 17 से 19 फरवरी के बीच कुल 11 इकाइयों की बिजली काटते हुए उत्पादन बंद कराया गया। कार्रवाई की जद में आने वाली इकाइयों में मेसर्स चंद्रमौली इंटरप्राइजेस (जैन ब्रिक्स), मेसर्स श्रीराम वॉयर्स, मेसर्स बसंत अग्रवाल, मेसर्स निशांत ट्रेडर्स (जैन ब्रिक्स यूनिट-2), मेसर्स भाईजी स्टील (यूनिट-1 एवं 2), मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स (मौर्य ब्रिक्स), मेसर्स वीरेन्द्र शर्मा (देवेन्द्र कुमार पटेल), मेसर्स अमित सैनी (उमाशंकर साहू), मेसर्स रवि स्टील इंडस्ट्रीज (देवेन्द्र पटेल) एवं मेसर्स मयंक इंडस्ट्रीज (राहुल पटेल) शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के युवाओं को विदेशी संस्थानों से मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के युवाओं के कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सात प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए हैं। इन समझौतों के तहत प्रदेश के विश्वविद्यालयों और शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एमओयू करने वाली प्रमुख संस्थाओं में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नेस्कॉम), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), आईआईटी मद्रास, लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज (मलेशिया), कंसल्टिंग एंड एकेडमिक सर्विसेस (ब्रुसेल्स, बेल्जियम) तथा इंटर्निवेर्सिटेयर माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक सेंटर (आईएमईसी, बेल्जियम) शामिल हैं।

नशे की शिकायत पर चाकू से हमला दो आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। नशे की शिकायत को लेकर हुए विवाद में युवक पर धारदार चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अरविंद साहू और सहयोगी हिना निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था, जिसे उसके गृहग्राम कवर्धा से पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार 26 फरवरी 2026 की रात रावांभाठा स्थित गौरव रंग उद्योग कंपनी के परिसर में यह घटना हुई। शिकायतकर्ता प्रियंका मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति आशीष मिश्रा पर नशे की शिकायत करने की बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया। हमले में आशीष मिश्रा को सीने, सिर और हाथ में चोटें आईं, जबकि बीच-बचाव के दौरान प्रियंका भी घायल हो गईं। घायल को पहले एनकेडी अस्पताल बिरगांव और बाद में ढ्ढढ्ढरूस् रायपुर में भर्ती कराया गया।

मामले में थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 138/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम व सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अरविंद साहू को कवर्धा से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू बरामद किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि हिना निषाद ने ही अरविंद को फोन कर बुलाया था। इसके बाद पुलिस ने हिना निषाद को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक धारदार चाकू और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

पढ़ाई छोड़ छात्राएं बनीं मजदूर: जांच निष्पक्ष होगी या पहले से तय निष्कर्ष सामने आएगा?

कन्या छात्रावास के वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

असली जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या किसी छोटे कर्मचारी पर गाज गिरेगी?

रायपुर/रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के लैलूंगा स्थित प्रीमैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास से सामने आए एक वायरल वीडियो ने प्रशासनिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। वीडियो में छात्राएं छात्रावास परिसर के अंदर और बाहर पुताई करते हुए दिखाई दे रही हैं। मामला सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया, लेकिन अब जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

यह घटना केवल एक वायरल वीडियो तक सीमित नहीं रही, बल्कि छात्रावास प्रबंधन, प्रशासनिक जिम्मेदारी और छात्राओं के अधिकारों पर व्यापक बहस का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे वीडियो में छात्राएं दीवारों पर पुताई करती दिखाई दे रही हैं। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर अधीनस्थ कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्रावास शिक्षा और सुरक्षा के लिए बनाया गया है, न कि छात्राओं से श्रम करवाने के लिए।

अधीक्षिका के बयान में विरोधाभास

मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया, जब मीडिया स्टिंग के दौरान छात्रावास अधीक्षिका के बयान बदलते नजर आए। पहले उन्होंने कहा कि घटना के समय वे स्कूल में थीं, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद उन्होंने अपनी मौजूदगी स्वीकार करते हुए कहा कि वे छात्राओं को भोजन के लिए बुला रही थीं। उन्होंने यह भी दलील दी कि छात्रावास को मिलने वाली 25 हजार रुपये की मरम्मत राशि में सभी कार्य संभव नहीं हो पाते, क्योंकि राशि सफाई, वायरिंग और अन्य मरम्मत कार्यों में खर्च हो जाती है। ऐसे में बड़ा बड़ा सवाल ये है कि यदि छात्राएं काम कर रही थीं तो जिम्मेदार अधिकारी ने इसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की?

जांच टीम भी सवालों के घेरे में: कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम लैलूंगा पहुंची और छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। हालांकि सूत्रों का दावा है कि जांच पूरी होने से पहले ही वार्डन को क्लीन चिट देने की चर्चा शुरू हो गई है। मौके पर पहुंचे पत्रकारों को जांच के दौरान बाहर किए जाने से पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

पिस्टल लेकर घूम रहा हिस्ट्रीशीटर आमीर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रंगदारी के मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद आमीर को उरला पुलिस ने पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी आदतन अपराधी है, पहले भी दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे आरोपी के खिलाफ दर्ज है। उरला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीरगांव के दुर्गानगर इलाके में एक निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उरला थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर–सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक–चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक–विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक–संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com